हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

पटना, आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/71972 • पटना • बुधवार • 22 अप्रैल 2026 • वर्ष 8 • अंक 18 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## मुख्यमंत्री 26 अप्रैल को अपने गृह जिले मुंगेर का करेंगे दौरा



**एजेंसी, पटना** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आगामी 26 अप्रैल को अपने गृह जिला मुंगेर के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान तारापुर विधानसभा के असरगंज प्रखंड स्थित बैजलपुर का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर व्यापक स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान सम्राट चौधरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सुनेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर असरगंज क्षेत्र के प्रसिद्ध ढोल पहाड़ी पर इकोटूरिज्म परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री तारापुर स्थित सिंचाई भवन अतिथि गृह पहुंचेंगे, जहां आमजन की ओर से उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी की संभावना है। मुख्यमंत्री इस दौरान लोगों से सीधे संवाद भी कर सकते हैं। अपने दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। इस बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था की स्थिति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# मणिपुर में तीन घंटे में दो बार डोली धरती

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में मंगलवार सुबह तीन घंटे के अंतराल में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहली झटका सुबह 05 बजकर 59 मिनट 33 सेकंड एवं दूसरा झटका सुबह 09 बजकर 03 मिनट 25 सेकंड पर महसूस किया गया। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 और 3.3 मापी गई।

पहला भूकंप मणिपुर कामजोंग जिले में जमीन के अंदर करीब 62 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप का एपिसेंटर 24.703 उत्तरी अक्षांश और 94.415 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। दूसरा भूकंप मणिपुर कामजोंग जिले में जमीन के अंदर करीब 56 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। जबकि, दूसरे भूकंप एपिसेंटर 24.737 उत्तरी अक्षांश और 94.185 पूर्वी देशांतर पर दर्ज किया गया। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि फिलहाल किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए

**एजेंसी, अगरतला**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंगलवार को मोहनपुर के फकीरामुरा में 'मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर' प्राण-प्रतिष्ठा और कुंभ-अभिषेक समारोह में हिस्सा लिया। समारोह में त्रिपुरा और महाराष्ट्र के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू और जिष्णु देबबर्मा एवं मुख्यमंत्री माणिक साहा भी मौजूद रहे। आरएसएस सरसंघचालक डॉ. भागवत बीते सोमवार को अगरतला के महाराजा बीर बिक्रम एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, जहां पर उनका स्वागत चिन्मय सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष और चिन्मय मिशन इंटरनेशनल के ट्रस्टी अमित रक्षित ने किया। मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर मां त्रिपुर सुंदरी को समर्पित है। यह एक अनोखा आर्किटेक्चरल और आध्यात्मिक स्मारक है। मंदिर में तमिलनाडु से लाए गए 27 काले पत्थर के खंभे हैं। ये खंभे हिंदू ज्योतिष के 27 सितारों के प्रतीक हैं। मंदिर को भगवान से जुड़ाव के प्रतीक के तौर पर बिना किसी पारंपरिक छत के बनाया गया है। इसके बीच में, मां त्रिपुर सुंदरी की 15 फुट ऊंची काले पत्थर की मूर्ति के साथ-साथ रोजाना पूजा के लिए माताबारी मंदिर के स्टाइल में बनी एक छोटी मूर्ति है। मंदिर परिसर में देवी सौंदर्य लहरी और दूसरे भक्ति ग्रंथों की नक्काशी और लिखावट भी है। इससे मंदिर का आध्यात्मिक महत्व और बढ़ गया है। नेपाल से चुने गए कुछ पुजारी मां चिन्मयी सौंदर्य मंदिर- प्राणप्रतिष्ठा और कुंभ-अभिषेक समारोह को संपन्न कराया।

# बंगाल को भ्रष्टाचार, घुसपैठ और गुंडागर्दी से मुक्त कराने का चुनाव: अमित शाह

**एजेंसी, आसनसोल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कुल्टी विधानसभा सभा सीट के उम्मीदवार डा. अजय पोद्दार के समर्थन में बलतोडिया गणेश पूजा मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आसनसोल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या वे राज्य में बदलाव चाहते हैं, सिंडिकेट राज खत्म करना चाहते हैं और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त बनाना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि आसनसोल की यह पवित्र भूमि कभी उद्योग और श्रम की पहचान रही है, जहां से पूरे देश और दुनिया में लोहा जाता था लेकिन वर्तमान सरकार ने यहां के उद्योगों को बंद करने का काम किया है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चुनाव केवल किसी प्रत्याशी या कार्यकर्ता को जिताने का नहीं बल्कि पूरे बंगाल को भ्रष्टाचार, घुसपैठ और गुंडागर्दी से मुक्त कराने का चुनाव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मतदान के दिन कमल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। गृहमंत्री ने वादा किया कि राज्य में अवैध खनन बंद किया जाएगा, रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे और सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर बेरोजगारों को हर महीने आर्थिक सहायता दी जाएगी, गर्भवती महिलाओं को सहयोग मिलेगा और महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की जाएगी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना को प्रभावी रूप से लागू कर गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिक आर्थिक सहायता दी जाएगी और युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाई जाएगी और बिना किसी भ्रष्टाचार के नियुक्तियां की जाएंगी। गृहमंत्री ने राज्य सरकार पर विभिन्न घोटालों के आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद दोषियों को कानून के तहत सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों की किसी भी योजना को बंद नहीं करेगी बल्कि नई योजनाएं शुरू करेगी। साथ ही, सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा ताकि घुसपैठ पूरी तरह रोकी जा सके। उन्होंने कहा कि बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल का ही होगा और बाहरी व्यक्ति के मुख्यमंत्री बनने की अफवाहें गलत हैं। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर बदलाव के लिए मतदान करने की अपील की और कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

### बंगाल की जनता भाजपा सरकार बनाने के लिए तैयार है : रेखा गुप्ता

कोलकाता, 21 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य की जनता इस बार 'कमल' चिन्ह वाली सरकार को सत्ता में लाने के लिए तैयार है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, उनकी पार्टी का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की जनता ने पिछले 15 वर्षों में भय और दबाव की राजनीति देखी है, इसलिए अब लोग बदलाव चाहते हैं। रेखा गुप्ता ने कहा, "इस बार बंगाल में कमल चिन्ह की सरकार बनने जा रही है। चार मई को जब परिणाम आएंगे तो ऐसा लगेगा जैसे नया सूर्योदय हुआ है, जहां सभी का सम्मान होगा।"

## प्रधानमंत्री से मिले बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विकास को लेकर चर्चा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की हैं। शपथ ग्रहण के पांच दिनों बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री से यह उनकी पहली मुलाकात थी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान राज्य में चल रही विकास परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री से "विकसित भारत और समृद्ध बिहार" के विजन पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्नेह और सहयोग बिहार की प्रगति को नई गति प्रदान कर रहा है। सम्राट चौधरी ने बीते 15 अप्रैल को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ जदयू से विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी। नई सरकार गठन के बाद अब कैबिनेट विस्तार पर सबकी नजर है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही सम्राट चौधरी अपनी कैबिनेट का विस्तार करेंगे।

## किसानों के मन में भरोसा रहना चाहिए कि उनका गेहूं जरूर खरीदा जाएगा: शिवराज



**एजेंसी, नई दिल्ली** । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदिशा संसदीय क्षेत्र में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में विशेषकर विदिशा, सांची, गंजबासौदा, बुधनी, भोजपुर, खातेगांव और इछावर समेत सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एवं संबंधित जिलों के कलेक्टर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने खरीदी व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के साथ पूरा समन्वय करते हुए सभी खरीदी केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही बारदाने (बोरे) की उपलब्धता, स्लॉट बुकिंग प्रणाली और किसानों की सुविधा से जुड़े हर पहलू पर सतर्कता बरती जाए। इस अवसर पर शिवराज चौहान ने स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी नहीं होनी चाहिए और उपार्जन प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित, सरल और किसान हितैषी बनाया जाए।

# श्रवण कुमार होंगे जदयू विधानमंडल दल के नेता, नीतीश कुमार ने नाम पर लगाई मुहर

**एजेंसी, पटना**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को विधानमंडल दल का नेता चुना है। इस निर्णय से पार्टी में उनकी भूमिका और प्रभाव दोनों में वृद्धि मानी जा रही है। पार्टी की बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधानमंडल दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया था। इसके बाद उन्होंने श्रवण कुमार के नाम पर अंतिम मुहर लगाई। पार्टी ने उनका नाम विधानसभा सचिवालय को भेजा, जहां से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर उनकी



नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई। हाल ही में श्रवण कुमार की सुरक्षा बढ़ाकर वाई प्लस श्रेणी में शामिल किया गया था, जो उनकी बढ़ती राजनीतिक अहमियत को दर्शाता है। वे नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी माने जाते हैं और उनके गृह जिले नालंदा से ही चुनाव जीतते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 69 वर्षीय श्रवण कुमार का राजनीतिक सफर तीन दशक से अधिक का रहा है। उन्होंने 1995 में पहली बार समता पार्टी के टिकट पर नालंदा विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी और तब से लेकर अब तक लगातार सात बार विधायक चुने गए हैं। 1995 के चुनाव में समता पार्टी के मात्र सात उम्मीदवार जीत पाए थे, जिनमें श्रवण कुमार भी शामिल थे। उन्होंने छात्र जीवन में ही जेपी आंदोलन के जरिए राजनीति में कदम रखा था। 1994 में जब नीतीश कुमार और जॉर्ज फर्नांडिस ने समता पार्टी का गठन किया, तभी से वे उनके करीबी सहयोगी रहे हैं। श्रवण कुमार ने 1995 और 2000 में समता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता, बाद में पार्टी के जदयू में विलय के बाद वे लगातार जदयू से ही चुनाव जीतते रहे। वे बिहार विधानसभा में जदयू के मुख्य सचेतक भी रह चुके हैं।

# ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारु बनाए रखने को समन्वित प्रयास: केंद्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में बंदरगाह संचालन, ऊर्जा आपूर्ति और डेयरी क्षेत्र सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर हैं तथा समुद्री बीमा के लिए विशेष फंड की व्यवस्था की गई है। ऊर्जा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय के कल्याण और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने यहां मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित




अंतरमंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाहों पर कंटेनर वॉल्यूम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आठ मार्च को जहां लगभग 3,383 कंटेनर थे, वहीं अब यह घटकर मात्र 99 रह गए हैं, यानी 97 प्रतिशत की कमी आई है। फिलहाल देशभर में बंदरगाह संचालन सामान्य है और यार्ड ऑक्युपेंसी कम हो गई है। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने 'भारत मरीन इंश्योरेंस पूल' को पहले ही मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 12,980 करोड़ रुपये का संप्रभु गारंटी फंड उपलब्ध कराया गया है ताकि समुद्री बीमा को सुगम बनाया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और खाड़ी देशों के साथ संपर्क तेज किया गया है। हाल के दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सऊदी अरब गए, विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, पेट्रोलियम मंत्री ने कतर का दौरा किया और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने खाड़ी देशों के अपने समकक्षों से कई बैठकें कीं।

## नेपाल: पीएमओ का निर्देश, बिना स्वीकृति के कोई भी फैसला सार्वजनिक नहीं किया जाए



**एजेंसी, काठमांडू** । नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के दफ्तर (पीएमओ) ने सभी मंत्रालयों को निर्देश जारी किया है कि बिना प्रधानमंत्री कार्यालय की स्वीकृति के किसी भी मंत्रालय का कोई भी नीतिगत फैसला सार्वजनिक नहीं किया जाए। पीएमओ मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मौजूद हैं और उन्हें अलग-अलग मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई है। कोई भी फैसला जारी करने से पहले इन विशेषज्ञों की अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। प्रधानमंत्री शाह की प्रेस सलाहकार दीपा दहाल ने कहा, "अब से सभी मंत्रालयों को किसी भी सूचना या प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले प्रधानमंत्री कार्यालय से अनुमोदन लेना होगा।" 27 मार्च को प्रधानमंत्री नियुक्त हुए बालेन्द्र शाह ने राजनीतिक सलाहकारों, संचार और जनसंपर्क विशेषज्ञों को शामिल कर अपनी टीम तैयार की है। दहाल ने कहा, "प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेषज्ञ हैं, पीएम ने मंत्रालयों में भी विशेषज्ञ टीम तैनात की है और निर्देश दिया है कि किसी भी सूचना या वक्तव्य को जारी करने से पहले हमारी टीम से स्वीकृति ली जाए।" इस व्यवस्था के कारण कुछ कर्मचारी असमंजस में पड़ गए हैं।

# ईरान पर समझौते का कोई दबाव नहीं: ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन/तेहरान**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान पर बुधवार को इस्लामाबाद में दूसरे दौर की शुरू होने वाली बातचीत में शामिल होने का कोई दबाव नहीं है। इस वार्ता में अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करने वाले हैं। ट्रंप का बयान इस वार्ता के संदर्भ में ईरान की टिप्पणी के बाद आया है। ईरान ने कहा कि उसकी इस्लामाबाद वार्ता में हिस्सा लेने की अभी कोई योजना नहीं है। अमेरिकी सेना की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव सप्ताहांत में और बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने एक ईरानी जहाज पर गोलीबारी कर उसे जब्त कर लिया है। इसके बाद तेहरान ने अपने बंदरगाहों और निर्यात पर जारी नाकाबंदी के बीच कूटनीति वार्ता को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। सात सप्ताह से चल रहे इस युद्ध के कूटनीतिक समाधान का कोई स्पष्ट रास्ता न निकलने से स्थिति और पेचीदा हो गई है। इस सप्ताह अमेरिका-ईरान युद्ध विराम की समाप्ति के कारण और होर्मुज जलडमरूमध्य के खुलने की अनिश्चितता से वैश्विक तेल की कीमतों में



इजाफा हुआ है। इससे अमेरिकी शेयर बाजार पर दबाव है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि समझौता करने के लिए ईरान पर "बिल्कुल भी कोई दबाव नहीं है।" उन्होंने सोमवार देर रात यह भी कहा कि ईरान से संवर्धित यूरेनियम लाना एक "लंबी और कठिन प्रक्रिया" होगी। ट्रंप ने कहा कि पिछले साल तेहरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका ने हमला किया था। तब से हालात काफी बदल चुके हैं। इसलिए ईरान से यूरेनियम हासिल करना "लंबी" और "कठिन" प्रक्रिया होगी। उन्होंने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत ईरान में मौजूद 'न्यूक्लियर डस्ट' (परमाणु धूल) वाले ठिकानों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया था। इसलिए अब उसे जमीन से खोदकर बाहर निकालना बहुत मुश्किल है।" अमेरिका का आरोप है कि ईरान इस यूरेनियम का भंडारण इसलिए कर रहा है ताकि इसका इस्तेमाल परमाणु बम बनाने में किया जा सके। हालांकि ट्रंप का यह मानना है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम का भंडार अंततः अमेरिकी क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जबकि ईरान के विदेश मंत्रालय ने ऐसी किसी भी योजना को सिरे से खारिज किया है। इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि पिछले जून में 12 दिन का युद्ध खत्म होने के बाद से तेहरान ने परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। सनद रहे यह युद्ध इजराइल ने शुरू किया था और इसमें अमेरिका ने तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी। इसमें एक एनरिचमेंट प्लांट भी शामिल था। ट्रंप ने देर रात यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान बातचीत नहीं करता है तो उसे ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जो उसने पहले कभी नहीं देखी होंगी। इससे पहले दिन में उन्होंने भविष्यवाणी की कि ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करेगा, लेकिन अगर वह ऐसा नहीं करता गंभीर परिणाम होंगे।

## सीजफायर के बीच दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हमले, बेका घाटी में महिला एवं दो बच्चों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**

लेबनान में लागू 10 दिन के युद्धविराम (सीजफायर) के बावजूद इजराइल द्वारा दक्षिणी इलाकों पर हमले किए जाने की खबरें सामने आई हैं। नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, पिछले कुछ घंटों में कई कस्बों को निशाना बनाया गया, जिससे क्षेत्र में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, काकाइयात अल-जिस्र कस्बे में लितानी नदी के पास ड्रोन हमला किया गया।

इसके अलावा टायर जिले के शामा कस्बे में बमबारी हुई, जबकि मरजायून क्षेत्र के तैयबेह कस्बे को भी निशाना बनाया गया। अल-कुसैर और अल-कंतारा के बीच के इलाकों में भी हमलों की सूचना है। हालांकि, इन घटनाओं में फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, लेबनान की बेका घाटी में हुए हवाई हमलों में नागरिकों के मारे जाने की खबर है। सोहमोर कस्बे में तड़के करीब 3:30 बजे हुए हमले में एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि शव दूर तक जा गिरे। वहीं, बच्चों के पिता गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, मशघरा क्षेत्र में भी हमलों से भारी नुकसान हुआ है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### घर में घुसकर बुजुर्ग को गोली मारी, मौत

**भागलपुर।** भागलपुर में सोमवार की देर रात बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या की गई है। वे अपने घर में सोए हुए थे। इसी दौरान घुस में घुसकर अज्ञात बदमाशों ने उनपर गोली चला दी। बुलेट सीने पर लगी है। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घर के सभी सदस्य सो रहे थे, हालांकि गोली की आवाज सुनकर बेटा पहुंचा, पर तब तक अपराधी अंधेरे में फरार हो गया था। थोड़ी ही देर में मौके पर स्थानीय ग्रामीण पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचे और जांच में जुट गई। फिलहाल हत्या की वजह क्लियर नहीं है। घटना नवगछिया के बिहपुर थाना क्षेत्र की है।

**फॉरेंसिक टीम ने भी जांचः** मृतक की पहचान लत्तीपुर दक्षिणी पंचायत, वार्ड संख्या-1 निवासी प्रकाश मंडल (57) के रूप में हुई है। जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हालांकि हत्या किसने और क्यों आशंका जताई जा रही है कि हत्या के पीछे पड़ोस के कुछ लोगों की साजिश हो सकती है, हालांकि परिजनों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। इधर, सूचना मिलने के बाद थाना अध्यक्ष संतोष शर्मा अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया। टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए।

**हत्या के कारण का पता लगाया जा रहा हैः** थाना अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को मिले 30 नए डॉक्टर

**भागलपुर।** भागलपुर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल(मायागंज) में मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। बिहार सरकार की ओर से नियुक्त 145 जूनियर रेजिडेंट (जेआर) में से अब तक 60 ने योगदान दे दिया है। इनमें से 30 डॉक्टरों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में तैनात किया गया है। लंबे समय से डॉक्टरों की कमी झेल रहे विभागों को राहत मिली है। नई नियुक्तियों से ओपीडी से लेकर वार्ड तक मरीजों को बेहतर और त्वरित इलाज मिल सकेगा। खासकर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के इलाज में अब तेजी आने की उम्मीद है।

**कार्डियोलॉजी-यूरोलॉजी विभाग पर फोकसः** मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप लाल ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग में 5-5 जूनियर रेजिडेंट की तैनाती की गई है। ये तीनों विभाग ऐसे हैं, जहां मरीजों की संख्या अधिक रहती है। इसके अलावा अन्य विभागों में 3-3 डॉक्टरों को भेजा गया है, ताकि सभी यूनिट में संतुलित तरीके से सेवाएं उपलब्ध हो सके। नए डॉक्टरों की तैनाती से इमरजेंसी सेवाओं में भी सुधार होगा।मरीजों को लंबी प्रतीक्षा से राहत मिलेगी। नियुक्त किए गए सभी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर सीनियर की निगरानी में काम करेंगे। ये डॉक्टर ओपीडी, इमरजेंसी और वार्ड में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। गंभीर मरीजों की मॉनिटरिंग और नियमित जांच में इनकी अहम जिम्मेदारी होगी।

### कनकैथी डंपिंग ग्राउंड का कचरा हटेगा

**भागलपुर|** कनकैथी डंपिंग ग्राउंड में जमा कचरे के पहाड़ को हटाने की दिशा में नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डंपिंग स्थल क्षमता से अधिक भर चुका है, जिससे आसपास के इलाकों में दुर्गंध और अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं। नगर आयुक्त ने फरवरी में स्थल निरीक्षण के बाद एजेंसी चयन की प्रक्रिया तेज कराई थी। अब नोएडा की इकोस्टेन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को कचरा निष्पादन का जिम्मा दिया गया है।

### 65 किमी लंबी समरसता धर्म यात्रा निकली

**बेगूसराय।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर जयमंगला वाहिनी परिवार की ओर से सोमवार को 65 किलोमीटर लंबी समरसता धर्म यात्रा निकाली गई। पिछले 9 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही इस यात्रा की शुरुआत जयमंगला गढ़ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर की गई। सुबह करीब 7 बजे लगभग 200 बाइक सवार युवाओं का जत्था भगवा ध्वज के साथ निकला। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और "जय श्री राम" के जयघोष के बीच युवा पूरे जोश में नजर आए। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे लोगों की भीड़ जुड़ती गई और देखते ही देखते कारवां सैकड़ों से बढ़कर हजारों की संख्या में पहुंच गया।

### समस्तीपुर ने खगड़िया कोरौंदा बीसीए अंडर-16 मैच में जीत

**बेगूसराय|** बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में चल रहे सेंट्रल जोन बीसीए मेंस श्यामल सिन्हा अंडर-16 के मुकाबले में समस्तीपुर ने खगड़िया को 15 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी समस्तीपुर की टीम ने निर्धारित 50 ओवर के मुकाबले में 46वें ओवर में 163 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । जिसमें समस्तीपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए साहिल ने 46 और प्रियांशु ने 30 रनों का योगदान दिया। खगड़िया की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनुज ने 3 विकेट, वही शाकिर ने 2 विकेट प्राप्त किया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी खगड़िया की टीम ने 46वें ओवर में 148 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। खगड़िया की ओर से प्रभात ने 41 रन वही आदित्य ने 28 रन का योगदान दिया । समस्तीपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए युवराज ने 4 विकेट तथा अफसर ने 3 विकेट प्राप्त किया। समस्तीपुर के अफसर को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिया गया।

### रणधीर वर्मा ट्रॉफीः बेगूसराय की बड़ी जीत, कप्तान युवराज ने जड़ा शतक

**बेगूसराय।** पावापुरी (नालंदा) में खेले जा रहे बीसीए मेंस रणधीर वर्मा अंडर-19 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेगूसराय ने जमुई को 217 रनों के विशाल अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मैच में बेगूसराय के कप्तान युवराज ने बल्ले और टीम ने गेंद से दमदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेगूसराय की टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 330 रन बनाए। कप्तान युवराज ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 88 गेंदों में नाबाद 138 रन ठोके। उनकी पारी में आक्रामक शॉट्स और बेहतरीन टाइमिंग देखने को मिली। उन्हें पुष्पम का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 77 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों के बीच अहम साझेदारी ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। जमुई की ओर से गेंदबाजी में हिमांशु ने 3 विकेट लिए, जबकि सोनू को 1 सफलता मिली। 331 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमुई की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। बेगूसराय के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। पूरी टीम 21 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। जमुई की ओर से निशु ने 33 और मोहित ने 23 रन बनाए बेगूसराय के गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हर्ष ने 3 विकेट झटके, जबकि आयुष और हर्ष वर्मा ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। कप्तान युवराज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उनके हरफनमौला नेतृत्व और प्रदर्शन ने टीम को बड़ी जीत दिलाई। इस मौके पर ललन कुमार, जितेंद्र कुमार और प्रतीक भानु सहित कई लोग मौजूद रहे। बेगूसराय जिला क्रिकेट संघ के मीडिया प्रभारी विवेक कुमार ने इसकी जानकारी दी।

### 250 बच्चों ने लाइव प्रयोगों से सीखा विज्ञान

**बेगूसराय।** मध्य विद्यालय, रतौली में सोमवार को पढ़ाई का माहौल अचानक प्रयोगशाला में बदल गया, जब बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की भ्रमणशील प्रदर्शनी बस 'साइंस ऑन व्हील्स' स्कूल परिसर में पहुंची। करीब 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया और विज्ञान-गणित के सिद्धांतों को मॉडल्स के जरिए समझा। बस के अंदर लगे मॉडल्स और उपकरणों के जरिए बच्चों को प्रकाश के परावर्तन, दर्पण और लेंस की कार्यप्रणाली, आंख का मॉडल, अवतल दर्पण में प्रतिबिंब, चुंबकीय प्रेरण, गतिकीय त्वरण और आवेग जैसे विषयों को लाइव डेमो के माध्यम से समझाया गया। ज्यामितीय आकृतियों और "जादुई गणित" के प्रयोगों ने बच्चों का खासा ध्यान खींचा। प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रयोगात्मक गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्क क्षमता विकसित करती हैं। इससे विषयों को समझना आसान और रोचक बनता है। कार्यक्रम का संचालन बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में किया जा रहा है।

# एनटीपीसी बरौनी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) एवं एनटीपीसी सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों का समापन हो गया। वी सर्व टू सेव थीम के साथ आयोजित कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया गया। सप्ताह के दौरान सीआईएसएफ यूनिट बरौनी के अग्निशमन दस्ता द्वारा बरौनी कॉलेज, पॉलिटेक्निक, केंद्रीय विद्यालय गढ़हारा एवं हर्ल, डीएवी स्कूल सहित विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज में विद्यार्थियों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्लांट कर्मियों, टाउनशिप वासी एवं स्थानीय लोगों को आग से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।




**आग से निपटने का व्यावहारिक अभ्यास भी करायाः** इस दौरान फायर प्रिवेंशन रैली, क्विज प्रतियोगिता, निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जबकि गृहिणियों के लिए विशेष फायर सेफ्टी डेमोंस्ट्रेशन तथा प्लांट परिसर में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के लिए आग से निपटने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया है। समापन के अवसर पर एनटीपीसी टाउनशिप में आयोजित कार्यक्रम में लाइव फायर ड्रिल डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें एलपीजी सिलेंडर में लगी आग बुझाने, घर में आग लगने पर बचाव कार्य तथा लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन, एम्बुलेंस द्वारा आपात चिकित्सा सेवा तथा अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष सीआईएसएफ को 35 फायर कॉल प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घटनाओं पर समय रहते काबू पाया गया। वहीं, सीआईएसएफ के उप कमांडेंट आकाश सक्सेना ने सुरक्षा के प्रति सजगता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। NTPC के परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी की संयुक्त अग्नि सुरक्षा प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि सतत प्रशिक्षण, जोखिम प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। जागरूकता सप्ताह बताता है कि सतर्कता, समन्वय और प्रशिक्षण से अग्नि दुर्घटनाओं को रोका एवं नियंत्रित किया जा सकता है।

## अधेड़ की हत्या, बागान में मिली लाश, बॉडी पर गहरे चोट के निशान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में बेरहमी से अधेड़ की हत्या कर दी गई। शरीर पर चाकू से हमले के निशान है। पेट को बुरी तरह चीर दिया गया था। शव और घटनास्थल को देखकर आशंका जताई जा रही है कि पहले उसकी पिटाई की गई। इसके बाद मौत के घाट उतार दिया। कपड़े अस्त-व्यस्ते थे। केले के बागान में शव मिला है। मृतक की पहचान पूर्णिया निवासी कैलाश सिंह(43) के तौर पर हुई है। शादी के बाद से वह रंगरा प्रखंड के साधुपुर गांव स्थित अपने ससुराल में पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना नवगछिया थाना क्षेत्र के एनएच-31 की है।

**रात में घर से निकले थेः** पत्नी पूजा देवी ने बताया कि मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। पांच बेटी और एक बेटा है। सोमवार रात करीब 9 बजे नवगछिया जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद नहीं लौटा। सुबह काफी खोजबीन की गई, कुछ पता नहीं



चला। मोबाइल पर कई बार कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। बाद में पुलिस से मौत की सूचना मिली। मोबाइल और रुपए सुरक्षित मिले हैं। हत्या किसने और क्यों की, इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है। किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। गांव में लोग उन्हें मानते भी थे।

**मोबाइल और कपड़ा बरामदः** थाना अध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। मौके से मोबाइल और कपड़ा बरामद हुआ है।

# हेल्थ सिस्टम पर सख्ती, डीएम के आदेश पर सभी अस्पतालों की जांच शुरू

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया जिला पदाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एक व्यापक जांच अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक मजबूत, प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने आवंटित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का तत्काल निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी रोस्टर का अनुपालन, दवाओं की उपलब्धता तथा जांच उपकरणों की कार्यशीलता का गहन मूल्यांकन किया जा रहा है।

**परिसर की साफ-सफाई की भी जांच की जा रहीः** इसके अतिरिक्त, पेयजल व्यवस्था, मरीजों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, बिस्तर, शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाओं और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की भी जांच की जा रही है। एक्स-रे टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा भी अभियान का हिस्सा है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार,



जिले के कई स्वास्थ्य संस्थानों में सुविधाएं संतोषजनक पाई गई हैं। हालांकि, कुछ केंद्रों में दवाओं की कमी, उपकरणों की खराब स्थिति, स्टाफ की अनुपस्थिति और साफ-सफाई जैसे मुद्दों पर कमियां सामने आई हैं।

**अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगीः** जिलाधिकारी विनोद दूहन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं। उन्होंने जोर दिया कि जिले के हर स्वास्थ्य केंद्र पर गुणवत्तापूर्ण इलाज, पर्याप्त दवाएं और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। जांच अभियान के आधार पर पाई गई कमियों को तत्काल दूर किया जाएगा और दोषी पाए गए अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## निशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण आवेदन की तिथि बढ़ी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन के निर्देश पर यह पहल की गई है। इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल से बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दी गई है, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 मई से शुरू होगा।

**युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना उद्देश्यः** प्रशिक्षण कार्यक्रम में फुटवियर डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबिंग और कारपेंट्री जैसे विभिन्न व्यावसायिक कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकें या बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान द्वारा प्रशिक्षण के दौरान योग और व्यक्तित्व विकास से संबंधित विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि प्रतिभागियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। चयनित अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क भोजन और छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले युवाओं को लाभ मिलेगा।




**अभ्यर्थी का अररिया निवासी होना अनिवार्यः** प्रशिक्षण अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों द्वारा सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरीकों से दिया जाएगा। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का अररिया जिले का निवासी होना अनिवार्य है और न्यूनतम साक्षरता आवश्यक है। बीपीएल कार्डधारी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन के साथ आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अररिया कार्यालय में 30 अप्रैल 2024 तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

# राजमिस्त्री की हत्या, पत्नी बोली- रात में खाना खाकर निकला घर नहीं लौटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** जोकीहाट थाना क्षेत्र के काकन पंचायत में एक 30 वर्षीय युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मंगलवार को टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर उत्तर स्थित एक खेत से युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान सिकटिया वार्ड नंबर 4 निवासी मोहम्मद सबूल (पिता- मोहम्मद जमाल) के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार, सबूल सोमवार शाम करीब 4 बजे हटगांव स्थित एक दोस्त के घर जाने की बात कहकर बाइक लेकर निकला था। उसने अपनी पत्नी तंजीला को बताया था कि वह शाम 5 बजे तक लौट आएगा, क्योंकि उसे जमीन रजिस्ट्री का काम था। बताया जा रहा है कि सबूल ने जमीन के लिए पहले ही लगभग चार लाख रुपये दिए थे और शेष राशि की व्यवस्था करने निकला था।



**घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कीः** पत्नी तंजीला ने बताया कि रात 8 बजे आखिरी बार उसकी पति से बात हुई थी, जिसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रात करीब 2 बजे फैटकी चौक के पास उड़ान टोली गांव के समीप सबूल की बाइक लावारिस हालत में मिली। मंगलवार को टोल प्लाजा के उत्तर इलाके में उसका शव मिला, जिसका गला रेता गया था। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। सबूल के चार वर्षीय बेटे और दो वर्षीय बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। शव देखते ही उनके पिता बेहोश हो गए, जबकि पत्नी तंजीला बार-बार बेसुध हो रही थीं। सबूल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह हैदराबाद में मकान निर्माण का काम करता था और महज तीन दिन पहले ही घर लौटा था। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है।

**घटना में शामिल आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगाः** जोकीहाट थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा ने बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, घटना में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। स्थानीय लोग जल्द से जल्द न्याय की मांग कर रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## बॉयफ्रेंड के लिए पति की हत्या, पत्नी का कबूलनामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** 'पिछले 2 साल से पपरौर गांव के रहने वाले चंदन साह के साथ मेरा प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसकी जानकरी मेरे पति जगदीप पासवान को मिल गई। इसके बाद से वो मारपीट करता था। इससे परेशान होकर उसकी हत्या की प्लानिंग की। चंदन दूसरे राज्य में काम करता था तो कुछ दिनों पहले उसे गांव में बुलाया। इसके बाद बहाने से पति को जंगल में बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हम दोनों ने मिलकर शव को टंकी में फेंककर घर आ गई।' पुलिस की पूछताछ में 35 साल के जगदीप पासवान की पत्नी विभा कुमारी (30) ने पुलिस की पूछताछ में ये बातें कही है। दरअसल, 11 अप्रैल को जगदीप पासवान की हत्या कर दी गई। हत्या के 9वें दिन यानी रविवार की शाम गांव की कुछ महिलाएं जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इस महिलाओं को बदबू आई तो एक महिला ने टंकी में झांककर देखा तो जगदीप का सिर दिखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल पर पहुंची। लाश को पानी की टंकी से निकाला। इसके बाद आरोपी पत्नी विभा को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पुलिस की पूछातछ में विभा ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

**अब सिलसिलेवार तरीके से जानिए वारदात की पूरी कहानीः** जगदीप पासवान की शादी 14 साल पहले वभनगामा गांव की रहने वाली विभा कुमारी से हुई थी। जगदीप और विभाग पांच बच्चों (तीन बेटी और दो बेटे) के माता-पिता हैं। जगदीप ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। वहीं, पत्नी विभा करीब 3 साल से झाड़-पोछा का काम करती थी। इसी दौरान उसका सम्पर्क पपरौर गांव के ही रहने वाले चंदन साह से हुआ, जिसके बाद धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। करीब 2 साल से विभा अक्सर चंदन के साथ गांव और बाजार में घूमती रहती थी। विभा और चंदन के बीच नजदिकियों की जानकारी पति जगदीप मिली तो उसने इस रिश्ते का विरोध किया और पत्नी को परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा। इसके




बावजूद विभा ने चंदन से मिलना नहीं छोड़ा। इसके बाद पति-पत्नी में मारपीट होने लगी। जगदीप के पड़ोसियों के मुताबिक, विभा देवी न केवल चंदन के साथ रहती थी, बल्कि उससे शादी करना चाहती थी। ये बात उसने अपने पति और सास के सामने भी कई बार बोल चुकी है।

**प्लान के तहत 11 अप्रैल को विभा ने अपने प्रेमी चंदन को बुलायाः** पुलिस ने बताया कि महिला के प्रेमी चंदन दूसरे राज्य में रह रहा था। विभा ने फोन कर 11 अप्रैल को बुलाया। उसी दिन विभा ने शाम 7 बजे अपने पति को फोन कर बताया कि जंगल में जलावन तोड़ कर रखा है, ले जाओ। जगदीप जंगल पहुंचा तो पीछे से चंदन पहुंचा और सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद चंदन और विभा ने मिलकर गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद बॉडी को जंगल के बीच बने पुराने पानी की एक टंकी में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के थोड़ी देर के बाद विभा घर आई। सास फूला देवी ने जगदीप के बारे में पूछा तो उसने कह दिया कि अचानक काम करने के लिए दिल्ली चले गए हैं। पुलिस ने बताया कि रविवार की देर शाम घटना की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद सदर-2 के प्रभारी डीएसपी इमरान अहमद और जीरोमाइल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। लेकिन स्थिति विभत्स रहने के कारण उसे दरभंगा रेफर किया गया है। मौके से एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।

**बहू ने बहाना बनाकर पति को जंगल में लड़की लाने भेजाः** जगदीप की की मां फूला देवी ने बताया कि मेरी बहू कभी जंगल से लकड़ी नहीं लाती थी। 11 अप्रैल को उसने बहाने से अपने पति जगदीप को जंगल की ओर भेज दिया।

# गर्मी से हाल बेहाल, पारा 40°C पहुंचा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** सिल्क सिटी भागलपुर में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब है। दोपहर के समय लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है है। लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है, वैसे-वैसे लोगों की जीवनशैली में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब पारंपरिक और प्राकृतिक उपायों की ओर लौट रहे हैं। इसका असर बाजारों में साफ दिख रहा है। मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग अचानक बढ़ गई है। शहर के प्रमुख बाजार घंटाघर और आसपास के इलाकों में इन दिनों मिट्टी के बर्तनों की दुकानों पर रौनक देखी जा रही है।

**शाम के समय ग्राहकों की भीड़ः** दुकानदार दिलीप शर्मा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में बिक्री में काफी इजाफा हुआ है। खासकर शाम के समय ग्राहकों की भीड़ अधिक उमड़ रहती है, जब लोग दिनभर की तपिश के बाद ठंडा पानी पीने के लिए बाजार पहुंचते हैं।



**डिजाइनदार सुराही की मांगः** घंटाघर के पास दुकान लगाने वाले दीपक कुमार बताते हैं कि गर्मी बढ़ते ही घड़े और सुराही की बिक्री तेज हो गई है। पहले लोग फ्रिज के पानी पर ज्यादा निर्भर थे, लेकिन अब लोग फिर से मिट्टी के बर्तनों की ओर लौट रहे हैं। ग्राहक खास तौर पर बड़े आकार के घड़े और डिजाइनदार सुराही की मांग कर रहे हैं। मिट्टी के घड़े का पानी न केवल प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। यह पाचन तंत्र के लिए भी बेहतर माना जाता है। यही वजह है कि लोग अब कृत्रिम ठंडक के बजाय प्राकृतिक ठंडक को प्राथमिकता देने लगे हैं।

**कुम्हारों के लिए राहतः** ग्राहक पंकज ने बताया कि मिट्टी के घड़े का पानी पीने से न सिर्फ प्यास बेहतर तरीके से बुझती है, बल्कि शरीर को भी सुकून मिलता है। यह बिजली की बचत का भी एक सस्ता और टिकाऊ विकल्प है। इस बढ़ती मांग का सीधा लाभ स्थानीय कुम्हारों को मिल रहा है। लंबे समय से आर्थिक संकट झेल रहे कुम्हारों के लिए यह सीजन राहत लेकर आया है।

**पारंपरिक व्यवसाय पटरी पर आने की उम्मीदः** गांव और शहर के कुम्हार दिन-रात मेहनत कर घड़े और सुराही तैयार कर रहे हैं, ताकि लोगों की डिमांड पूरी की जा सके। कुम्हारों का कहना है कि अगर इसी तरह लोगों का रुझान बना रहा तो उनका पारंपरिक व्यवसाय फिर से पटरी पर आ सकता है। गर्मी के इस मौसम में मिट्टी के बर्तनों की बढ़ती लोकप्रियता न केवल लोगों की बदलती पसंद को दर्शा रही है, बल्कि यह पारंपरिक संस्कृति के पुनर्जागरण का भी संकेत दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना कार्य को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न

**नारदीगंज( नवादा)**। आगामी दो मई से प्रगणकों के माध्यम से मकान सूचीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर भारत की जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का तीन दिवसीय चतुर्थ व पंचम बैच का प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में हुआ। प्रशिक्षक के रुप में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार के अलावा प्रशिक्षक राकेश कुमार, रविरंजन कुमार और पंकज कुमार के माध्यम से प्रशिक्षण सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर संजय कुमार, ममता कुमारी,अशोक कुमार समेत अन्य प्रशिक्षण में शामिल हुए।

### पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने पुलिस केंद्र का औचक निरीक्षण किया



**कटिहार**। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने पुलिस केंद्र का औचक निरीक्षण किया। पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे नवनियुक्त सिपाहियों के बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। उनकी शैक्षणिक व व्यावहारिक दक्षता को परखा। प्रशिक्षण की सूक्ष्म समीक्षा निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नवनियुक्त सिपाहियों के परेड अभ्यास,अनुशासन और शारीरिक दक्षता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को दी जा रही कानूनी और व्यावहारिक जानकारियों के स्तर की भी समीक्षा की। एसपी शिखर चौधरी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संबंधित प्रशिक्षकों और पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की नींव उनके प्रशिक्षण पर टिकी होती है।इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं का ऑन-स्पॉट समाधान निरीक्षण के पश्चात 'लाइन डे' के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस केंद्र के पुलिसकर्मियों के साथ संवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने जवानों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना। समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान किये। अनुशासन पर बल एसपी ने पुलिस केंद्र की साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। एसपी शिखर चौधरी ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कल्याण विभाग की प्राथमिकता है।लेकिन साथ ही साथ ड्यूटी के प्रति समर्पण और अनुशासन में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस केंद्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

### जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है : डीएम




**कटिहार**। मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के बीच सोशल मीडिया पर घरेलू गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं। कटिहार के डीएम आशुतोष द्विवेदी ने समाहरणालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। डीएम ने जिले के तीनों अनुमंडलों की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि वर्तमान में जिले की सभी 54 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक है।आज जिले में 12,621 घरेलू और 1,184 व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध हैं। आपूर्ति की स्थितिः सोमवार (20 अप्रैल) को 5,091 बुकिंग के मुकाबले 4,956 सिलेंडरों की डिलीवरी कर दी गई है।21 अप्रैल को जिले में 8,409 घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है। गैस की कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विशेष शाखा, पटना के निर्देश पर जिले में 16 धावा दलों का गठन किया गया है। अब तक जिले में 664 स्थानों गैस एजेंसी, होटल आदि पर छापेमारी और निरीक्षण किया जा चुका है। नियमों के उल्लंघन और अवैध भंडारण के मामले में अब तक 05 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। कंट्रोल रूम को प्राप्त 1,027 शिकायतों में से 1,016 का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है। डीएम ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहाँ भीड़ न लगाएँ।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया में प्रतिभा का सम्मानः सीबीएसई दसवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का भव्य अभिनंदन

## ◆ जिला टॉपर भव्या भारती को भव्य सम्मान से सम्मानित किया गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया में सत्र 2025–26 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके शानदार परिणामों के लिए सम्मानित किया गया। जिले की टॉपर भव्या भारती ने 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ ही आदिती कुमारी, सौम्या कुमारी और दिव्यांशु ने 92% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में श्रीजा बरनवाल और अभिज्ञान ने 91%, प्रणय मिश्रा और प्रियांशु ने 90% अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अन्य सफल विद्यार्थियों में अनुराधा (88%), मणिकांत कुमार (86%), रानी सिमरन (77%) तथा सूर्यांश (75%) का भी सम्मान किया गया।

समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर अनुज सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि "सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और




दृढ़ संकल्प से मिलती है। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।" विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि एक सशक्त और जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण है।

वहीं उप-प्राचार्य सुजय कुमार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह के रूप में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की गई, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। यह सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए गौरव का क्षण बना, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएँ मणिकांत मिश्रा, नीरज मिश्रा,बिपुल कुमार,अंजना दीक्षित, मुकेश कुमार, वंदना कुमारी,आई के मिश्रा, बी एन झा, विजय कुमार अकेला का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

# प्रधानाध्यापक मिथिलेश विद्यार्थी के निधन पर विद्यालय परिवार ने जताया शोक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**: उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय, शेखपुरा के प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार विद्यार्थी का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वे नारदीगंज प्रखंड के परमा गांव के निवासी थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई। परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए बिहार शरीफ के एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए पटना रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया।

मंगलवार को विद्यालय परिवार की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। उर्दू मध्य विद्यालय, शेखपुरा की प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रीति भदानी की अध्यक्षता में



शोक सभा में शामिल शिक्षक एवं शिक्षिकाएं

आयोजित इस सभा में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार ने बताया कि मिथिलेश विद्यार्थी ने जुलाई 2025 में शेखपुरा इंटर विद्यालय, नरहट में प्रधानाध्यापक के रूप में योगदान दिया था। वे एक कुशल, अनुशासित और प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने शेखपुरा संकुल को आदर्श संकुल बनाने का सपना देखा था।

सभा में उपस्थित शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव, कार्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी ने एक स्वर में कहा कि उनके निधन से विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। इधर, उत्क्रमित उच्च/मध्य विद्यालय, दाई बिगहा प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार के अध्यक्षता में भी विद्यालय परिवार द्वारा शोक सभा आयोजित कर शिक्षकों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# आंगनवाड़ी केंद्रों पर खेल खेल में बच्चों को शिक्षा देती सेविका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। मंगलवार को पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीडीपीओ ज्योति सिन्हा के निर्देशानुसार महिला पर्यवेक्षिका माधवी कुमारी एवं सेविकाओं ने पोषक क्षेत्र के लाभुकों को संबोधित करते हुए 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से भेजने की अपील की। उन्होंने अभिभावकों को समझाया कि छोटे बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलना चाहिए। 6 वर्ष से पहले स्कूल भेजने से बच्चों पर होमवर्क और आने-जाने का अनावश्यक दबाव पड़ता है, जिससे उनके मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को जंक फूड और मोबाइल स्क्रीन से दूर रखने पर भी



खेल खेल में बच्चों को शिक्षा देती सेविका

विशेष जोर दिया गया। सेविकाओं ने बताया कि संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और पारंपरिक खेल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर पोषण संबंधी '5 सूत्र' की जानकारी दी गई। खासकर गर्भवती एवं धात्री माताओं को खून की कमी से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने, तथा गर्मी के मौसम में लू और डायरिया से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही केंद्रों पर पुराने खिलौने, विशेषकर हाथ से बने शैक्षणिक खिलौनों एवं अन्य उपयोगी सामग्री को उपहार स्वरूप देने की अपील की गई, ताकि बच्चों को नए और रोचक तरीकों से स्कूल पूर्व शिक्षा दी जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को बच्चों के बेहतर पोषण, स्वच्छता और समुचित देखभाल के लिए शपथ भी दिलाई गई।

# तेज रफ्तार क्रेटा ने दो लोगों को रौंदा, लड़के और लड़की पक्ष के बीच हुई थी कहासुनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा जिले के दीपनगर थाना अंतर्गत ग्राम कासिमचक में मंगलवार को शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। दरअसल, पटना जिले के बेढना निवासी कृष्णा पासवान के बेटे की बारात कासिमचक में गौतम कुमार के घर आई थी, जहां सुबह करीब 4 बजे बारातियों और घर वालों के बीच किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि बारात पक्ष के एक व्यक्ति ने आवेश में आकर अपनी क्रेटा गाड़ी (संख्या BR01JU/9827) से दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस अचानक हुए हमले में अमन महतो और शंकर पासवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल में एडमिट कराया:** घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर हालत को देखते हुए शंकर पासवान और अमन महतो को सदर अस्पताल बिहारशरीफ में भर्ती कराया गया। हालांकि, हायर सेंटर रेफर किए जाने के बाद शंकर पासवान को परिजन अपने साथ बाढ़ लेकर चले गए। जहां जाने के क्रम में शंकर पासवान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि अमन महतो का इलाज अभी भी जारी है।

**नाराज बराती ने चढ़ाई कार**



डीएसपी सदर वन नुरुल हक ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाढ़ स्थित अस्पताल में कराया गया है। परिजन शव को लेकर अपने पैतृक गांव शेखपुरा चले गए हैं। परिजनों से आवेदन प्राप्त कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए घटनास्थल के निरीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला (FSL) की टीम को भी सूचित कर दिया गया है।

## प्रभारी अंचल अधिकारी सह आरओ ध्रुव कुमार ने मृतक की आश्रित रेखा देवी को सौंपा चेक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र के इटढिया गांव में पानी में डूबने से मृत किशोर गोप उर्फ रामेश्वर यादव के परिवार को प्रशासन ने चार लाख रुपये की राहत राशि प्रदान की है। नवंबर 2024 में उनकी असमय मृत्यु हो गई थी। प्रभारी अंचल अधिकारी आरओ सह ध्रुव कुमार ने इटढिया गांव स्थित सरपंच कार्यालय में मृतक की आश्रित रेखा देवी को चेक सौंपा। यह मुआवजा वाद संख्या 2/25-26 के तहत दिया गया है।

ध्रुव कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की योजना के अनुसार, आकस्मिक मृत्यु के मामलों में आश्रितों को तत्काल सहायता सुनिश्चित की जाती है। इस चेक वितरण समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की।

रेखा देवी ने कहा, "पति की मृत्यु से परिवार विपर्यस्त हो गया था। यह राशि बच्चों के भविष्य के लिए सहारा बनेगी।" काराकाट क्षेत्र में हाल के वर्षों में जल दुर्घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। ध्रुव कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन ऐसी घटनाओं में प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता सुनिश्चित कर रहा है और ऐसी योजनाओं को गति दे रहा है ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके।

# प्रभात नगर निवासी रिया सिंह ने मैट्रिक परीक्षा में 401 अंक लाकर कटिहार वासियों को किया गौरवान्वित

## रिया सिंह ने यूपीएससी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है और डीएम बनना चाहती है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। शहर के प्रभात नगर,वार्ड नंबर 25 निवासी रिया सिंह ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 401 अंक यानी 80.2 प्रतिशत अंक लाकर कटिहार वासियों को गौरवान्वित किया है। रिया सिंह का जन्म 24 अक्टूबर 2008 को हुई है। रिया सिंह ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में 401 अंक प्राप्त हुआ है। जिसमें अंग्रेजी में 74, संस्कृत में 85, गणित में 91, विज्ञान में 59, सोशल साइंस में 92 अंक प्राप्त हुआ है। रिया सिंह की माता प्रिया कुशल गृहणी है। नाना सुधीर प्रसाद मंडल सेवानिवृत शिक्षक हैं। मौसी पनीता सरीन 2011 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में बिहार में टॉपर रही है।

मैट्रिक का रिजल्ट आते ही उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मौसी पनीता सरीन,माता प्रिया सरीन,नाना सुधीर प्रसाद मंडल,नानी बीना देवी, बहन रति सिंह, मामा यशवंत कुमार, मामी रोशनी कुमारी ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है। मौसी पनीता सरीन,माता प्रिया सरीन तथा नाना सुधीर प्रसाद मंडल ने बताया कि रिया सिंह बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज है। पढ़ाई के अलावा अन्य विधाओं में भी काफी मेधावी रही हैं। रिया सिंह जब वर्ग 3 में पढ़ती थी,तो नृत्य प्रतियोगिता में



अपने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त की थी। जब रिया सिंह वर्ग 4 में पढ़ती थी, तो खेल प्रतियोगिता में अव्वल रही थी। जब वर्ग 8 में जयमाला शिक्षा निकेतन, हृदय गंज कटिहार में स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण 14 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2010 तक की। जिसमें प्रथम रही।

रिया सिंह वर्ग 1 से 5 तक मणिपाल पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की। वर्ग 6 से मैट्रिक तक जयमाला शिक्षा निकेतन कटिहार में पढ़ाई की है। प्रिया सिंह बताती है कि परिणाम मैट्रिक का रिजल्ट में अच्छे अंक लाने का श्रेय मौसी पनिता सरीन, माता प्रिया सरीन,नाना सुधीर प्रसाद मंडल,नानी बीना देवी, मामा यशवंत कुमार,मामी रोशनी कुमारी सहित जयमाला शिक्षा निकेतन के डायरेक्टर डॉ.सुशील कुमार सुमन सहित सभी शिक्षकों को जाता है। रिया सिंह ने यूपीएससी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है और डीएम बनना चाहती है। रिया सिंह की रुचि बैडमिंटन खेलने, दौड़ना, क्रिकेट देखने, नृत्य करना, संगीत आदि शामिल है। प्रिया सिंह ने अपने से जूनियर छात्रों को संदेश में कहती है कि सभी छात्र-छात्राओं को गणित पर फोकस करना चाहिए।गणित पढ़ने से दिमाग सार्फ होता है। बाकी विषय का भी अध्ययन शिक्षक के मार्गदर्शन अनुसार करना चाहिये।

# बरारी ने खोया अपना जननेता पूर्व मंत्री का निधन अपूर्णीय क्षति - सुनील कुमार यादव

## पूर्व मंत्री को नम आंखों से अंतिम विदाई, जनाजे में उमड़ा हजारों लोगों का सैलाब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। जिले के बरारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राज्यमंत्री जनाब मंसूर आलम के निधन से पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे मंसूर आलम का पटना स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही बरारी सहित पूरे कटिहार जिले में मातम का माहौल बन गया।

राजनीतिक, सामाजिक और आमजन के बीच शोक की लहर दौड़ गई।मंगलवार को उनके पैतृक क्षेत्र में जनाजे का आयोजन किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। जनाजे में हर वर्ग, हर समाज और विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी।



जनाजे में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि मंसूर आलम जनता के दिलों में कितनी गहरी जगह रखते थे।

पूर्व मंत्री के निधन की खबर मिलते ही कटिहार कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव भी कई कांग्रेसी नेताओं के साथ पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सुनील कुमार यादव ने कहा कि मंसूर आलम का निधन सिर्फ एक राजनीतिक क्षति नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन के लिए भी बड़ी अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मंत्री रहते हुए क्षेत्र के विकास, गरीबों की सहायता और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके कार्यों को जनता आज भी याद करती है। उन्होंने कहा कि मंसूर आलम हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के लोगों के बीच समान रूप से लोकप्रिय थे। वे हमेशा लोगों के सुख-दुख में खड़े रहते थे और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। आज उनके निधन से समाज ने एक सच्चा जनसेवक, संवेदनशील नेता और लोकप्रिय व्यक्तित्व को खो दिया है। उनके निधन से बरारी विधानसभा क्षेत्र में जो खालीपन आया है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। जनता उन्हें हमेशा एक कर्मठ, ईमानदार और जनहितैषी नेता के रूप में याद रखेगी।

शाहनवाज खान राजा मिश्रा जहांगीर आलम इम्तियाजउल हक एजाज हुसैन मोहम्मद शाहनवाज मुजीबुर रहमान अब्दुल जब्बार मोहम्मद मस्कूर मोहम्मद इमाम पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद जमाल

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सासाराम में सोलर मेला सह लोन मेला आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन, सब्सिडी व आसान ऋण की सुविधा से उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ
- स्वच्छ, सस्ती एवं आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल




**सासाराम /रोहतास।** आम नागरिकों को सस्ती, सुलभ एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सोलर अधिष्ठापन में तेजी लाने हेतु जिला पदाधिकारी, रोहतास के निर्देश के आलोक में सोमवार को डीआरडीए भवन, समाहरणालय परिसर, सासाराम में विद्युत विभाग एवं बैंकों के संयुक्त तत्वावधान में सोलर मेला सह लोन मेला का सफल आयोजन किया गया।

इस मेले का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्रणाली के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें योजना से जोड़ना था। मेले में विशेषज्ञों एवं तकनीकी टीम द्वारा सोलर पैनल की स्थापना, कार्यप्रणाली, रख-रखाव, लागत, अनुदान (सब्सिडी) तथा इससे होने वाले आर्थिक लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मेले की विशेषता यह रही कि इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए ऑन-द-स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे वे तुरंत आवेदन कर योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू कर सके। विभिन्न अधिकृत वेंडर्स एवं एजेंसियों ने भाग लेकर उपभोक्ताओं को उपयुक्त सोलर समाधान उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर पैनल स्थापित करने पर सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। यह योजना उपभोक्ताओं के आर्थिक बोझ को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, सोलर संयंत्र स्थापना हेतु बैंकों के माध्यम से लगभग 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में अब तक 305 उपभोक्ताओं के छत पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमे से 164 उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो चूका है।

मेले में स्थानीय वेंडरों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित समयावधि में सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, करारनामा अवधि के अंतर्गत 7 वर्षों तक निःशुल्क मरम्मत एवं रख-रखाव की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

जिलाधिकारी, रोहतास उदिता सिंह ने कहा कि इस योजना को जन जन तक पहुंचाई जाय तथा अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सोलर अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल में कमी लाती है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया कि इस ऋण की अदायगी शहरी क्षेत्रों में 4 से 5 वर्षों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों की अवधि में की जा सकती है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम पड़ता है। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर पैनल की क्षमता का चयन कर सकते हैं। 150 यूनिट तक की खपत के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता उपयुक्त है। सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। सोलर पैनल हेतु प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट छत की आवश्यकता होती है तथा उचित रख-रखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक सुचारु रूप से कार्य करते हैं।

विद्युत विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए एक अत्यंत लाभकारी एवं भविष्य उन्मुख पहल है। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। सभी उपभोक्ता इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने घरों में सोलर अधिष्ठापन कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।" कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी बैंकर्स, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम सुजीत कुमार सिन्हा, विद्युत कार्यपालक अभियंता डेहरी संतोष कुमार, जिले के सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई, तीन भट्टियां ध्वस्त

**राजपुर।** बघेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सुअरा टोला व श्रीनगर टोला स्थित काव नदी के तलहटी में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब निर्माण के तीन भट्टियों को ध्वस्त कर दिया.मौके पर बरामद पाच हजार लीटर महुआ पास व शराब बनाने के उपकरणों को विनष्ट कर दिया. थानाध्यक्ष करन कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया गया.पुलिस टीम सबसे पहले श्रीनगर टोला पहुंच काव नदी के तलहटी शराब निर्माण की खोज शुरू किया.पुलिस आने की भनक लगते हीं शराब तस्कर मौके से फरार हो गए.इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके की तलाशी ली और अवैध शराब निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री को जब्त कर नष्ट कर दिया.क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह के अवैध कार्य में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### कोचस मे घायल एक युवक की बनारस इलाज के लिए ले जाने समय मौत

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर दो बाइकों की हुई टक्कर में घायल एक युवक की बनारस इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गई है। आपको बता दे कि रविवार की देर शाम कोचस थाना क्षेत्र स्टेट हाईवे पर बलथरी मोड़ के समीप दो बाईकों की आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई थी जिसमें चार युवक गंभीर रूप से घायल थे, जिसमे दो युवक की स्थिति चिंता जनक थी जिन्हे बेहतर इलाज के लिए बनारस ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था। वही दोनों युवक को एम्बुलेंस से ले जाने के क्रम मे करगहर निवासी जनार्दन प्रजापति के पुत्र नीतीश प्रजापति की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक जिंदी और मौत से जूझ रहा है। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉ तुषार कुमार ने बताया कि घायल युवक का पीएससी चिकित्सकों द्वारा स्थिति चिंताजनक बताते हुए बनारस के लिए रेफर किया गया था। जहां इलाज के लिए ले जाने के क्रम मे रस्ते में मौत हो गई है। वही मृतक के शव को पुलिस कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद युवक के शव घर पहुंचते ही कोहरा मच गया है।

### नहीं होगी मनमानी, जनता दरबार में होगी विजली उपभोक्ताओं की सुनवाई

#### समस्या का समाधान निकालेंगे विभाग के पदाधिकारी

**राजपुर।** साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी ने निर्णय लिया है कि किसी भी तरह से जनता के साथ अब कोई मनमानी नहीं कर सकता.बिजली उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान जनता दरबार में ऑन द स्पॉट करने का प्रयास होगा. जानकारी देते हुए विभाग के कनीय अभियंता शनि कुमार ने बताया कि स्थानीय विद्युत कार्यालय परिसर में प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है.जहां बिजली विभाग से सम्बंधित उपभोक्ता के शिकायतों का मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा सुना जा रहा है.उनके समस्या का समाधान निकालने के लिए प्रयास किया जा रहा है. कंपनी के आदेशानुसार प्रत्येक सोमवार को दोपहर साढे बारह बजे से दो बजे एवं शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे से साढे चार बजे तक सुनवाई का समय सुनिश्चित किया गया है.निर्धारित समय पर कार्यालय में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे और उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर हीं समाधान करने का प्रयास करेंगे.

### जांच आदेश के बावजूद कार्रवाई ठप, जिम्मेदार पदाधिकारी के ऊपर उठे सवाल

**डेहरी (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, डेहरी द्वारा 18 अप्रैल 2026 को जारी एक महत्वपूर्ण आदेश के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय प्रशासन पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नगर परिषद, डेहरी-डालमियानगर से जुड़े मामले में प्रभारी प्रधान सहायक पर पद के दुरुपयोग, अवैध वसूली एवं आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। उक्त शिकायत के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया था, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, डेहरी एवं राजस्व पदाधिकारी, डेहरी को शामिल किया गया था। टीम को निर्देश दिया गया था कि मामले की सत्यता की जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन समर्पित करें, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। हालांकि आदेश जारी हुए तीन दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी न तो जांच रिपोर्ट सामने आई है और न ही किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई की सूचना मिली है। इससे आम लोगों में असंतोष व्याप्त है और प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। अनुमंडल पदाधिकारी, डिहरी द्वारा जारी आदेश के बावजूद कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् डेहरी–डालमियानगर द्वारा श्री राहुल कुमार (प्रभारी प्रधान सहायक) को तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्रधान सहायक एवं योजना सहायक के कार्यों से मुक्त करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, किन्तु अब तक कार्यपालक पदाधिकारी श्री विमल कुमार द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है।

### गोडारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) चुनाव-2026 के परिणाम मंगलवार को घोषित किए घोषित

#### उदय कुमार प्रसाद अध्यक्ष पद हेतु उदय प्रसाद हुए विजयी



**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड स्थित नगर पंचायत गोडारी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति (पैक्स) चुनाव-2026 के परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। सोमवार देर रात तक चली मतगणना के बाद उदय कुमार प्रसाद अध्यक्ष पद पर विजयी हुए।अध्यक्ष पद के लिए उदय कुमार प्रसाद को 1279 मत मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी ज्योती देवी को 199 मत प्राप्त हुए। उदय कुमार प्रसाद ने 1080 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। सदस्य पद (पिछड़ा वर्ग) में अश्रय कुमार गुप्ता ने 939 मत प्राप्त कर रंजीत कुमार (371 मत) को हराया। उन्होंने 568 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अनुसूचित जाति सदस्य पद पर वशिष्ट राम 921 मतों के साथ विजयी रहे, जिन्होंने सुरेंद्र पासवान (384 मत) को 537 मतों से पराजित किया। निर्वाची पदाधिकारी एवं सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने सभी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बताया और सभी प्रत्याशियों को बधाई दी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों ने हर्षोल्लास व्यक्त किया। उदय कुमार प्रसाद ने अपनी जीत को सभी सदस्यों और ग्रामीणों की जीत बताया और किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने इस चुनाव को पारदर्शी करार दिया। पैक्स समिति अब कृषि ऋण, बीज वितरण और अन्य योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगी।

## "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत जनता दरबार का किया गया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज/रोहतास ।** सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये। एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 45 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 13, राशन कार्ड से संबंधित 22 एवं अन्य 10 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सभी ने एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनकी समस्याओं का समाधान हीं हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ और कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## रोहतास में खौफनाक वारदातः NH-319 किनारे महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



- पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज व गुमशुदगी की रिपोर्ट्स की जांच की जा रही है

**दिनारा (रोहतास)।** दिनारा थाना क्षेत्र के गौरा गांव के पास NH-319 किनारे मंगलवार को एक अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने खेत के पास मानव शरीर का एक हिस्सा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों के अनुसार, बरामद हिस्सा महिला के कमर से लेकर घुटनों तक का है। शरीर का ऊपरी हिस्सा और घुटनों के नीचे के पैर गायब हैं। घटनास्थल पर खून के निशान और शव की हालत को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव गौरा पुल के पास सड़क किनारे पड़ा मिला, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव के हिस्से को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। वहां उपाधीक्षक के नेतृत्व में चार डॉक्टरों की टीम गठित की गई है, जो पोस्टमार्टम कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। चिकित्सकों को दुष्कर्म के एंगल से भी जांच करने का निर्देश दिया गया है। डॉ. पंकज कुमार और उनकी टीम का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण, समय और अन्य महत्वपूर्ण तथ्य स्पष्ट हो पाएंगे। फिलहाल हत्या, दुष्कर्म और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज तथा गुमशुदगी की रिपोर्ट्स की जांच की जा रही है, ताकि मृतका की पहचान हो सके। इस घटना के बाद गौरा गांव और आसपास के इलाकों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

## बीडीओ के नेतृत्व मे जनगणना को ले प्रशिक्षण हुआ शुरू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में जनगणना को लेकर चौथी, पाँचवीं एवं छठी बैच का प्रशिक्षण विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की देखरेख प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद भूषण गुप्ता के नेतृत्व में की जा रही है।इस प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशिक्षकों ने बताया कि इस चरण में भवनों की संख्या के साथ-साथ आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन, मंदिर, मस्जिद तथा अन्य महत्वपूर्ण लैंडमार्क का सटीक विवरण दर्ज करना आवश्यक है।इसके अतिरिक्त जाति, धर्म, मुखिया का नाम, पेयजल के स्रोत जैसे पानी की टंकी, नल, कुआँ आदि से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं को प्रथम चरण में ही सही तरीके से संकलित करने के निर्देश दिए गए, ताकि राज्य एवं केंद्र सरकार को बिहार की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट एवं सटीक आंकड़ा प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में अनिल कुमार, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, अमित कुमार, अखिलेश कुमार एवं जैनुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण प्रदान किया।वहीं प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद, कृष्ण बिहारी सिंह, संतोष कुमार,विजय कुमार, रंजन कुमार, किशोरी लाल साह, कंचन कुमार यादव, उपेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, सुधीर कुमार चौधरी, रुची कुमारी, रीमा कुमारी, सुमन कुमारी, राजनंदनी, अभीनंदन कुमार, ब्रह्मेश्वर कुमार चौधरी, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2 मई 2026 से 31 मई 2026 से होने वाली जनगणना को सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराना है, ताकि सभी आंकड़े सटीक रूप से संकलित किए जा सकें।

## तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आई बुजुर्ग महिला, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)ः** सासाराम-चौसा मुख्य मार्ग पर डिभियां गांव के समीप बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की तत्परता से सभी घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) करगहर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के परानडीहरा निवासी अनूप कुमार और रुपैठा निवासी संदीप कुमार बाइक से करगहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डिभियां गांव के समीप देव खैरा निवासी सुदामा चौधरी की 60 वर्षीय पत्नी कस्तूरी देवी सड़क पार कर रही थीं। बताया जाता है कि बाइक को अपनी ओर तेजी से आता देख महिला पहले पीछे हट गईं, लेकिन जैसे ही बाइक करीब पहुंची, वह अचानक आगे बढ़ गईं। इससे बाइक सवार संतुलन खो बैठे और सीधे महिला से जा टकराए।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला समेत दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, तीनों घायलों का इलाज फिलहाल सदर अस्पताल सासाराम में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## काली माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ जल संग्रह को निकाली गई शोभायात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर।** प्रखण्ड के राजनडिह गांव स्थित नव निर्मित काली माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु जल संचय के लिए जलयात्रा सह शोभा यात्रा सोमवार को निकाली गई. शोभा यात्रा गणपति पूजन व यज्ञ मंडप परिक्रमा उपरांत प्रातः आठ बजे तपो मूर्ती संत यतिराज श्री सुन्दरराज स्वामी के नेतृत्व में निकला,जो अमाडी बजार होते हुए राजपुर नासरिगंज पथ पर चलकर सोन नदी तट पर पहुंचा. जहां ब्राम्हण आचार्य राजीव लोचनाचार्य,पंडित अभिषेक शास्त्री,दिनेश शुक्ला,नारायण जी,जगरोपनाचार्य जी,विश्वनाथ द्विवेदी,काशीनाथ पाण्डेय,अचार्य चन्द्रशेखर पाण्डेय,विजयकान्त स्वामी समेत कई अन्य वेद मर्मज्ञ विद्वान आचार्यों ने मंत्र आच्छादित वरूण पूजन करवाया.जिसके बाद में महायज्ञ के निमित्त जल संग्रह कराया गया. यात्रा में क्षेत्र के सबेया राजपुर,काशिपुरी,अमाडी,मंगरवलिया,मलांव,रोतवा,घोडिही,पडरिया,पकड़ी,बिशुनपुर,कर्मकिला,मंगरवलिया,बरना,भलुआही,नावाडिह,कुझी,बरांव,बरईचा,सुल्तानपुर समेत अन्य कई गांव के हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल रहे. दर्जनों घोड़े,ऊंट,हाथी,सैकडों चारपहिया वाहन,रथ व हजारों पैदल महिला-पुरूष भक्तो से सुसज्जित शोभायात्रा काफी आकर्षक दिख रही थी.शोभा यात्रा के दौरान बैंड बाजा एवं डिजे पर श्रीमन् नारायण,नारायण नारायण महामंत्र,श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, राम के कृपा से सब काम हो रहा है,जय श्री राधा,जय श्री राधा महामंत्र जाप चार चांद लगाए हुए था.

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सेवा के लिये आमाडी बजार, नासरिगंज धूस एवं आस पड़ोस के गांव में कई जगहों पर शर्बत पानी के तौर पर पेयजल लोगों ने प्रदान किया. यज्ञाचार्य राजीव लोचनाचार्य ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी सवामी स्वामी जी के पाद सेवक तपो मूर्ति संत यतिराज सुन्दरराज स्वामी के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ 21 अप्रैल को मण्डप प्रवेश अग्नि प्राकट्य के साथ प्रारंभ हो जायेगा.माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा 24 को होगी. पुर्णाहुती तथा भण्डारा 25 अप्रैल को होगी. मौके पर यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष नागेंद्र राम उपाध्यक्ष,शक्ति सिंह,सचिव रविशंकर चौरसिया उप सचिव रामचंद्र सिंह,उपकोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता सदस्य विजय सिंह अनिल कुमार कुंदन कुमार जितेंद्र कुमार धनजी प्रजापति अशोक कुमार बिनीता कुमार शशि कुमार आलोक कुमार समेत अन्य मौजूद रहे.

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, बुलेट और राहगीर को चपेट में लिया



**नालंदा**। बिहारशरीफ-बख्तियारपुर मार्ग (NH-20) पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदारथी कि सड़क किनारे खड़ी बुलेट और राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना हरनौत थाना क्षेत्र के मुढारी गांव के पास की है। मृतक की पहचान गिरधारचक गांव निवासी सुखनंदन प्रसाद के पुत्र भूषण कुमार(40) के तौर पर हुई है। घायलों में बिहारशरीफ के सोहसराय निवासी चंद्रकांत पांडे शामिल है। जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। ग्रामीण जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी। ड्राइवर ने अचानक ब्रेक मारा, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर फांदते हुए बुलेट और वहां खड़े लोगों पर चढ़ गया। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। शायद ड्राइवर नींद में था। हादसे के तुरंत बाद कार में सवार लोग मौके से भागने में सफल रहे। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। फरार चालक और कार सवारों की तलाश जारी है।

### नालंदा में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव, बेटा बोला- बेरहमी से हत्या की गई है



**नालन्दा**। नालंदा में पेड़ से लटका हुआ बुजुर्ग का शव मिला है। सोमवार रात से लापता थे। मृतक की पहचान श्यामदेव पासवान(65) के तौर पर हुई है। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव की है। पुत्र अवध पासवान ने बताया कि सोमवार की रात पिताजी शादी समारोह में शामिल होने तहबल बीघा गए हुए थे। देर रात तक घर नहीं लौटे। सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर गए, तो घर से करीब आधा किलोमीटर दूर पेड़ पर उनका शव लटका देखा। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। बेरहमी से हत्या की गई है। शव देखने से स्पष्ट लग रहा है कि उनके साथ मारपीट की गई है। प्राइवेट पार्ट को कूच दिया गया है। पैर पर भी चोट के निशान है। हत्या के बाद इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया गया है। वहीं, इस संबंध में हिलसा डीएसपी-2 ऋषि राज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिएभेज दिया है। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस छानबीन कर रही है।

### शादी में नाचते समय गिरा युवक, बॉडी से गुजरी बाइक, नालंदा में मौत के बाद हंगामा, स्कॉर्पियो-कार में तोड़फोड़

**नालन्दा**। नालंदा के मोहिद्दीनपुर गांव में शादी समारोह की खुशियां मातम में बदल गई।सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनीष कुमार(23) के तौर पर हुई है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। रास्ते से गुजरने वाले वाहनों में तोड़फोड़ की गई। जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना नगरनौसा थाना क्षेत्र की है। पिता विजय मांझी ने बताया कि गांव रिश्ते में लगनी वाली भतीजी की बारात आने वाली थी। पूरा परिवार और गांव के लोग जश्न में डूबे थे। होकर रामघाट-डियावां मार्ग पर मनीष डीजे की धुन पर नाच रहा था। डांस के दौरान धक्का-मुक्की के कारण मेरा बेटा रोड पर गिर पड़ा। बदकिस्मती से उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दो बाइक एक के बाद एक उसके ऊपर से गुजर गई। हादसे में मनीष गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से गुस्साए ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। सड़क से गुजर रहे अन्य मोटरसाइकिल सवारों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आक्रोशित भीड़ ने मौके पर मौजूद एक स्कॉर्पियो और एक कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष शशि मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया गया है। आवेदन मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस उपद्रव करने वाले तत्वों और हादसे के जिम्मेदार बाइक सवारों की पहचान करने में जुटी है। मृतक अपने छह भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। महज छह माह पहले ही एक बच्चे का पिता बना था। उसकी मौत की खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिवार के सदस्यों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीजे गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत, इमामगंज में टेंपू सवार दो घायल, तिलक समारोह से लौट रहे थे

**गया**। इमामगंज पुलिस अनुमंडल के सुहैल सलैया थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे मंझौली सलैया नदी के पास एक डीजे गाड़ी ने टेंपू को टक्कर मार दी। इस हादसे में टेंपू में सवार 26 वर्षीय संदीप भारती (पिता स्व. दुलारे भुइयां) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटू भारती और नरेश कुमार घायल हो गए। बताया गया है कि सभी लोग बांके बाजार के सकरपुर से एक तिलक समारोह में शामिल होकर टेंपू से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डीजे गाड़ी ने टेंपू को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे संदीप भारती की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुहैल सलैया थाना अध्यक्ष रविकांत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया। वहीं, दोनों घायलों को पुलिस वाहन से इलाज के लिए इमामगंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक और घायल सभी झारखंड के चतरा जिला के प्रतापपुर प्रखंड स्थित एघारा गांव के निवासी हैं। डीजे गाड़ी कोठी थाना क्षेत्र के कजराही कादरपुर की बताई जा रही है, जिसका नंबर BR46G4334 है। पुलिस ने डीजे वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिजनों ने बताया कि संदीप भारती के पिता का कुछ समय पहले ही निधन हो गया था और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। उनके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनके भरण-पोषण को लेकर परिवार चिंतित है। मंगलवार को संदीप भारती के घर तिलक का कार्यक्रम होना था, जो इस हादसे के बाद शोक में बदल गया। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

गयाजी में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की डीएम ने की समीक्षा, उत्पादन के साथ प्रोसेसिंग पर जोर

# 3 करोड़ की प्रोत्साहन राशि आवंटित, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गया जिले को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत 3 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि आवंटित की है।

**इमामगंज, कोच प्रखंड को 1.5-1.5 करोड़, फतेहपुर के 2 करोड़ रुपए मिले**: इसके अतिरिक्त, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत इमामगंज प्रखंड को 2024-25 में 1.5 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं, फतेहपुर और कोंच प्रखंडों को 2025-26 में क्रमशः 2 करोड़ और 1.5 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने कृषि क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी से कार्ययोजना की जानकारी ली। कृषि पदाधिकारी ने मोटे अनाज (मिलेट्स) और दलहन की खेती को बढ़ावा देने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि केवल उत्पादन बढ़ाने पर ही नहीं, बल्कि मिलेट्स के प्रसंस्करण के लिए प्रोसेसिंग यूनिट और उत्पादों की बिक्री के लिए आउटलेट स्थापित करने का भी प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने दाल उत्पादन के साथ दाल मिल की स्थापना के लिए भी ठोस योजना बनाने को कहा। इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

**स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की**: फतेहपुर और कोंच प्रखंडों में प्राप्त प्रोत्साहन राशि के उपयोग को लेकर स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वास्थ्य) ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर एएनसी (एंटीनैटल केयर) कियोस्क स्थापित करने की योजना है। इससे गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और देखभाल सुनिश्चित की जा सकेगी। जिला शिक्षाधिकारी ने जानकारी दी कि प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके तहत विद्यालयों में आयरन स्लाइड, झूले, सी-सॉ और राउंड स्विंग जैसे उपकरण लगाए जाएंगे।

# गयाजी में 5वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदली



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में गर्मी से हाल बेहाल है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। दोपहर के समय में लोगों का घर से निकला मुश्किल है। सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ा है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। जिले में पांचवीं तक की कक्षाओं के समय में बदलाव किया गया है। डीएम शशांक शुभंकर ने धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। अब 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र के साथ 5वीं तक की कक्षाएं दोपहर 12.30 बजे तक ही चलेगी। यह सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर सामान्य रूप से लागू है। आदेश का उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी**: डॉक्टरों के मुताबिक इस समय हीट स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासकर छोटे बच्चों में डिहाइड्रेशन और चक्कर आने की शिकायत ज्यादा देखी जा रही है। पिछले तीन दिनों में सरकारी अस्पतालों में गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

**सहयोग की अपील**: जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चे बिना जरूरत दोपहर में घर से बाहर न निकलें। हल्के कपड़े पहनाएं, ज्यादा पानी पिलाएं और धूप से बचाव करें। यह आदेश बच्चों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम है।

## चार फरार आरोपी गिरफ्तार, मारपीट मामले में वंछित थे, कोर्ट ने जेल भेजा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी जिले के आंती थाना पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमले से संबंधित एक गंभीर मामले में चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आंती थाना प्रभारी दीपक कुमार राव ने बताया कि पुलिस ने कांड संख्या 51/26 के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया था। इन अभियुक्तों पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 126(2), 115(2), 109(1), 125(ए), 352, 351(2) और 3(5) के तहत आरोप दर्ज हैं।

गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त ग्राम दौरमा, थाना आंती के निवासी हैं और एक ही परिवार से संबंधित हैं। इनमें 58 वर्षीय नरेश विश्वकर्मा, 52 वर्षीय कमला देवी, 34 वर्षीय नंद किशोर और 28 वर्षीय सरजू विश्वकर्मा (पिता- नरेश विश्वकर्मा) शामिल हैं। थाना प्रभारी दीपक कुमार राव के अनुसार, गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इन अभियुक्तों को उनके पैतृक गांव दौरमा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी चारों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

गयाजी में लोडिंग-अनलोडिंग कर्मियों की एक दिन की हड़ताल

# न्यूनतम मजदूरी लागू करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट तक मार्च, कहा- आर्थिक बोझ बढ़ रहा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**गयाजी**। गयाजी में राज्य खाद्य निगम के गोदामों में कार्यरत लोडिंग-अनलोडिंग कर्मियों ने मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल की। वे न्यूनतम मजदूरी लागू करने और अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। यह आंदोलन फूड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन (इंटक) गया इकाई के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। प्रदर्शनकारी मजदूरों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुरूप भुगतान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि वर्तमान में उन्हें तय दर से कम मजदूरी मिल रही है, जिससे उन पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

**मजदूरों ने सरकार, संबंधित विभाग से बकाया राशि की तत्काल भुगतान की मांग की**: मजदूरों ने सरकार और संबंधित विभाग से बकाया अंतर राशि का तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने यह भी मांग की कि उनका वेतन सीधे उनके बैंक खातों में जमा किया जाए, ताकि अनियमितता या कटौती की संभावना समाप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, पीएफ (भविष्य निधि) और ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा) जैसी श्रमिक हितों से जुड़ी योजनाओं को तुरंत लागू करने की भी मांग की गई। हड़ताल के तहत मजदूरों ने राजेंद्र नगर स्थित कांग्रेस मुख्यालय से समाहरणालय तक एक विशाल जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने अपने हक में जोरदार नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। समाहरणालय पहुंचकर उन्होंने धरना-प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया।

**यूनियन के जिला अध्यक्ष, यूथ इंटक के जिला अध्यक्ष हड़ताल में हुए शामिल**: इस आंदोलन में यूनियन के जिला अध्यक्ष रामप्यारे, यूथ इंटक के जिला अध्यक्ष भाई ओंकार सहित कई अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोडिंग-अनलोडिंग कर्मी शामिल हुए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रेप की कोशिश, मारपीट का आरोप, महिला बोली- 8 दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

पुलिस ने कहा- जांच जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**गयाजी**। गयाजी शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है। घटना 13 अप्रैल की बताई जा रही है। महिला का आरोप है कि घटना और शिकायत के 8 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। शिकायतकर्ता महिला ने सिविल लाइन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला के मुताबिक, विवाद पारिवारिक जमीन-जायदाद के बंटवारे को लेकर शुरू हुआ था। आरोप है कि उसके भैसूर (जेठ) अजय कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद उसे अस्पताल से डिस्चार्ज किया**: शिकायतकर्ता ने बताया कि लगभग एक सप्ताह के इलाज के बाद मुझे अस्पताल से छुट्टी मिली। इसके बाद मैं पुलिस के पास पहुंची और मामला दर्ज कराते हुए भैसूर अजय कुमार को रेप की कोशिश का आरोपी, जबकि एक और जेठ प्रवीण कुमार, सास कलावती देवी और गोतनी सोनी वर्मा को मारपीट का आरोपी बनाया। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि घटना के बाद से वो लगातार भय के माहौल में जी रही है। उसने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष की ओर से उसे और उसके परिवार को लगातार फोन कर मामले को "मैनेज" करने और समझौता करने की धमकी दी जा रही है। महिला ने अपनी सास पर यह भी आरोप लगाया कि उसे घर में रहने नहीं दिया जाता और अक्सर घर में ताला लगा दिया जाता है।

**महिला बोली- पति चार भाइयों में सबसे छोटा, संपत्ति में बेइमानी कर रहे बड़े भाई**: महिला ने बताया कि मेरे पति चार भाइयों में सबसे छोटे हैं। परिवार में पहले ही जमीन, घर का बंटवारा पंचायत और परिवार के लोगों की मौजूदगी में हो चुका है। बावजूद इसके, अन्य भाई बंटवारे को लेकर असंतोष जताते हुए मुझे और मेरे पति को प्रताड़ित कर रहे हैं। महिला ने ये भी कहा कि एक भाई, जो बाहर रहकर रेलवे में नौकरी करता है, वो भी फोन के जरिए धमकी देता है कि बंटवारा सही नहीं हुआ है। पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं करने के महिला के आरोपों पर सिविल लाइन थाना अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि FIR एक सप्ताह पहले ही दर्ज कर ली गई थी। उन्होंने कहा कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है, महिला का मेडिकल कराया गया है, मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद ही किसी की गिरफ्तारी या आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उड़ीसा के युवक की मौत मुंह से झाग निकल रहा था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा में सड़क किनारे खड़ी बंद कार से एक युवक का शव मिला है। मुंह से झाग निकल रहा था। कार से एक खाली और एक भरी कोडीन फॉस्फेट सिरप की बोतल मिली है। मृतक अभय कुमार गुप्ता(24) ओडिसा के संबलपुर जिला स्थित दाती टोला का रहने वाला था। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र के चौहान मोड़ के पास की है।

**शीशा तोड़कर निकाला बाहर**: नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया किसूचना मिली थी कि सफेद रंग की कार(रजिस्ट्रेशन नंबर BR01PR-2970) सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़ी है, जिसमें एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा।

गाड़ी का शीशा बंद था। ड्राइवर के बगल वाली सीट पर एक युवक लेटा हुआ था। शीशा तोड़कर युवक को बाहर निकाला। इलाज के लिए पास के अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल(FSL) टीम को बुलाया गया, जिसने बारीकी से साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

**मौत का कारण स्पष्ट नहीं**: वहीं, सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि घटनास्थल से मिले दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतक की पहचान हुई है। शरीर पर किसी भी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं है। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

## 13 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, पत्नी से झगड़े के मामले में कार्रवाई, कोर्ट ने भेजा जेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। बाराचट्टी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए 13 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बरंडी में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी लालू यादव, पुत्र रामोधार यादव, को गिरफ्तार किया गया। वह वर्ष 2013 से अपनी पत्नी के साथ झगड़ा और मारपीट के मामले में फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी लालू यादव के खिलाफ बाराचट्टी थाना में कांड संख्या 667/13, दिनांक 04/10/2013 के तहत मामला दर्ज है। इसमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराएं 341, 323, 494 और 498(ए) सहित अन्य संबंधित धाराएं शामिल हैं। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने मंगलवार शाम करीब 4 बजे इस गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# गयाजी का शुभम जेईई मेंस में बिहार टॉपर, 100 पर्सेंटाइल के साथ पूरे देश में छठा स्थान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने JEE मेन 2026 (सेशन-1 और सेशन-2) का संयुक्त परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में गया के शुभम कुमार ने बिहार टॉप किया है। शुभम ने 100 पर्सेंटाइल हासिल करते हुए पूरे देश में छठा स्थान प्राप्त किया है। पहले सेशन में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा था, और अब फाइनल रिजल्ट में उन्होंने कमाल कर दिखाया है।

शुभम कुमार अब अपने अगले लक्ष्य JEE Advanced की तैयारी में जुट गए हैं। उनका सपना IIT मुंबई से कंप्यूटर साइंस में दाखिला लेना है। कुल 26 कैंडिडेट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया है लेकिन इसमें एक भी महिला कैंडिडेट शामिल नहीं हैं। सभी फुल स्कोरर्स लड़के हैं। NTA ने ये भी बताया है कि कुल 2,50,182 छात्र JEE Advanced के लिए योग्य हुए हैं। गया के शुभम कुमार ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों को दिया। शुभम ने बताया कि रिजल्ट देखने के बाद सबसे पहले उन्होंने यह खुशखबरी अपने माता-पिता को दी। उनके पिता शिव कुमार हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि मां कंचन देवी गृहिणी हैं। परिवार का भरोसा और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने अपनी तैयारी को पूरी तरह कॉन्सेप्ट आधारित बताया।

शुभम के अनुसार, वे नियमित टाइम-टेबल के अनुसार पढ़ाई करते थे और कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देते थे। तैयारी के दौरान मॉक टेस्ट और लगातार रिवीजन उनकी प्रमुख रणनीति रही। वे रोजाना करीब 10 से 12 घंटे पढ़ाई करते थे। उन्होंने कहा, "24 घंटे पढ़ने की जरूरत नहीं होती, बल्कि सही रणनीति और निरंतर अभ्यास जरूरी है। बीच-बीच में ब्रेक लेकर खुद को तरोताजा रखते थे।" उन्हें कोचिंग संस्थान की ओर से 100% स्कॉलरशिप भी मिली थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 22 को जिला नियोजनालय में लगेगा विशेष जॉब कैंप

**आरा**। जिला नियोजनालय, भोजपुर के तत्वावधान में बेरोजगार युवाओं के लिए एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन 22 अप्रैल 2026 (बुधवार) को किया जाएगा। यह रोजगार कैंप जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी वर्धमान यार्न एंड लिमिटेड होशियारपुर, पंजाब द्वारा मशीन ऑपरेटर पद के लिए भर्ती की जाएगी। कुल 30 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक (10वीं पास) निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। यह अवसर पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थियों के लिए खुला है। चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 11,742 रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा।

### पहली आसान तो दूसरी पाली में कठिन सवाल

**आरा**। आरा बीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) के तीसरे चरण की लिखित परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा दो दिनों तक आयोजित की जाएगी। पहले दिन दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। अभ्यर्थियों ने भी व्यवस्था को संतोषजनक बताया। अभ्यर्थियों के अनुसार भूगोल में विश्व भूगोल तथा बिहार भूगोल से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जबकि इतिहास में प्राचीन और आधुनिक इतिहास के प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन थे। हालांकि, कुछ प्रश्न आसान भी रहे, लेकिन अधिकांश सवालों ने परीक्षार्थियों को चुनौती दी।

### वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या पर 22 अप्रैल को आरा क्लब में जनसंवादका आयोजन

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की पूर्व संध्या के अवसर पर 22 अप्रैल 2026 को आरा क्लब, आरा में जनसंवाद होगा। यह कार्यक्रम वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पूर्ववर्ती छात्रसंघ एवं शाहाबाद सिविल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इस संबंध में सोमवार को आरा क्लब में कार्यसमिति एवं आमंत्रित सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रो. नन्दजी दूबे ने की। बैठक की जानकारी देते हुए पूर्ववर्ती छात्रसंघ के महासचिव डॉ. शशि कुमार सिंह ने बताया कि जनसंवाद का विषय "1857 का शौर्यः वीर कुंवर सिंह की वीरता और बलिदान" रखा गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिक्षाविद् एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) के.सी. सिन्हा तथा प्रो. (डॉ.) सैयद मुमताजुद्दीन शामिल होंगे। वहीं, अध्यक्षता जय प्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) दुर्गविजय सिंह करेंगे। इसके अतिरिक्त विधायक, विधान पार्षद, पूर्व जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे।

### कारोबारियों के पंजीकरण पर सख्ती, डीएम ने दिए निर्देश

**बक्सर**। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में डीएम साहिला ने जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक किया। बैठक में जिले में खाद्य सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी खाद्य कारोबारियों के लिए पंजीयन अथवा अनुज्ञप्ति कराना अनिवार्य है। वर्तमान में बक्सर जिले में कुल 614 अनुज्ञप्ति एवं 1826 पंजीयन जारी किए जा चुके हैं, जो ऑनलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं।खाद्य संरक्षा अधिकारी द्वारा नमूना संग्रहण की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई। बताया गया कि सर्वे नमूना एक भाग में तथा वैधानिक नमूना चार भागों में संग्रहित किया जाता है, जिसमें से एक भाग जांच के लिए खाद्य विश्लेषक को भेजा जाता है।डीएम ने बैठक में खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन के किचनों का अनिवार्य रूप से खाद्य पंजीकरण कराने को कहा।

### खिलाड़ी या खिलाड़ी समूह को अपने कौशल को सिद्ध करने की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार

**बक्सर**। दक्षिण बिहार प्रांत कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक की शुरुआत क्रीड़ा खेल गीत से हुई। क्रीड़ा भारती खेल और खिलाड़ियों के लिए समर्पित एक राष्ट्रव्यापी संस्था है। विषय प्रवेश करते हुए दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत मंत्री समाजसेवी डॉ रमेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत का महामार्ग खेल के मैदान से प्रशस्त होगा। उन्होंने कर्णावती में आयोजित अखिल भारतीय अधिवेशन में "खेल एक मौलिक अधिकार" विषय पर पारित प्रस्ताव को पढ़कर सभी कार्यकर्ताओं के बीच इसकी जानकारी दी। पारित प्रस्ताव निम्नवत बताया गया। पहला खेल एक मौलिक अधिकार हो। दूसरा किसी खिलाड़ी या खिलाड़ी समूह को किसी सदस्यता की बाध्यता के बाहर रहकर भी अपनी क्षमता और पसंद का खेल खेलने का तथा सभी प्रतियोगिताओं में सहभागी होकर अपने कौशल को सिद्ध करने की स्वतंत्रता और अधिकार हो। वहीं तीसरा किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह को खेल की प्रतियोगिता आयोजित करने की स्वतंत्रता और अधिकार रहे, जब तक उसका उद्देश्य जिला, राज्य, देश के संघ की चयन प्रक्रिया के लिए ना हो तथा उसमें राज्य या देश के प्रतिनिधित्व का दावा या आभास ना हो। वह स्थानीय नागरी संकेत, सुरक्षा नियम, भारत का संविधान, भारतीय संहिता तथा अधिनियमों का पालन करता हो। चौथा किसी कारणवश दंडात्मक कार्यवाही करनी हो तो यह अधिकार राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण या सक्षम न्यायाधिकरण के पास रहे। पांचवा राजनीति, व्यक्ति या संस्थागत अभिनिवेश से खेल मुक्त रहे इसलिए जिला, राज्य तथा देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी और संघ की चयन प्रक्रिया के लिए एक पूर्ण पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित की जाए। छठा प्रत्येक खिलाड़ी की पहुंच में मैदान तथा आधारभूत संरचना उपलब्ध हो तथा खेल के सभी मैदान और आधारभूत संरचना केवल खेल के लिए संरक्षित हो।" कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांत अध्यक्ष रवि रंजन ने कहा संस्थाओं तथा व्यक्तियों से आग्रह करती है कि आइये साथ चलें।

### जिला समन्वय समिति व आपदा प्रबंधन की बैठक में डीएम ने दिए कई अहम निर्देश

**बक्सर**। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में को डीएम साहिला ने जिला समन्वय समिति एवं आपदा प्रबंधन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी की। जनगणना 2027 को लेकर डीएम ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को विवरण संकलन, जियो टैगिंग एवं स्वगणना की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कर लक्ष्य हासिल किया जाए। हीट वेव को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता तथा नगर निकायों के सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में खराब चापाकलों की अविलंब मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। मरम्मत के बाद फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने को भी कहा गया। बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देशित किया गया कि वे अंचलों से समन्वय कर पॉलीथीन, लाइफ जैकेट समेत आवश्यक संसाधनों का आकलन कर आपदा शाखा को प्रस्ताव भेजें। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा, डीएम ने सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक सप्ताह के भीतर तथ्य विवरणी तैयार कर वादों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

# डंपर की टक्कर से पेड़ की टहनी टूटी, बाइक पर गिरी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में सरैया गांव के पास तेज रफ्तार डंफर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ की भारी टहनी टूटकर सड़क से गुजर रहे बाइक सवार दो लोगों पर गिर पड़ी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में अस्पताल लाया गया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही लगाकर जमकर हंगामा किया। तोड़फोड़ की गई है। साथ ही जमादार और सिपाही के साथ भी हाथापाई हुई है। मृतकों की पहचान बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र निवासी अशोक पांडेय के पुत्र चंदन(30) और गड़हनी के डिहरी निवासी सीताराम सिंह के पुत्र किशुन तिवारी(47) के तौर पर हुई है। दोनों एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। घटना कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र की है।

**सब्जी खरीदने बाजार जा रहे थेः** मृतक किशुन तिवारी के भतीजे रवि शंकर ने बताया कि रिश्तेदार गणेश तिवारी के बेटे राहुल की बारात 20 अप्रैल को बखोरापुर गई थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद मंगलवार की सुबह लौट आए। इसके बाद दोनों रिश्तेदार बाइक से रिस्पेशन के लिए सब्जी खरीदने निकले थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों से सूचना मिली, जिसके बाद परिवार के सदस्य हॉस्पिटल पहुंचे।

**लापरवाही का लगाया आरोपः** इधर, मौत की पुष्टि होते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए इमरजेंसी वार्ड में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। आक्रोशित लोगों ने गार्ड रूम का पंखा और वार्ड के बाहर रखे गमले तोड़ दिए। ड्यूटी पर तैनात जमादार और सिपाही के साथ हाथापाई भी की गई। एक सिपाही का कॉलर पकड़कर खींचा गया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल पहुंचने के बाद न तो डॉक्टरों ने सही तरीके से जांच की और न ही नर्सिंग स्टाफ ने ध्यान दिया। दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।

## करहंसी पैक्स चुनाव में बबन साह जीते



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर प्रखंड के करहंसी पैक्स अध्यक्ष पद के चुनाव में बबन साह ने जीत दर्ज की है। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी गुड़िया देवी को मात्र 5 वोटों के अंतर से हराया। बबन साह को कुल 517 वोट मिले, जबकि गुड़िया देवी को 512 वोट प्राप्त हुए। यह मुकाबला बेहद करीबी रहा। सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग हुई। इसके बाद बक्सर प्रखंड मुख्यालय में मतगणना शुरू हुई। देर रात लगभग एक बजे तक चली गिनती के बाद अधिकारियों ने बबन साह को विजयी घोषित किया। परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों ने जश्न मनाया।

**मतदाताओं का आभार किया व्यक्तः** जीत के बाद बबन साह ने अपने समर्थकों और क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने गांव के सरपंच अखिलेश चौबे को अपनी जीत का श्रेय दिया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। बबन साह ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे गांव और किसानों की जीत है।

**किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को बनाएंगे बेहतरः** उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि पैक्स के माध्यम से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में खाद-बीज की समय पर उपलब्धता, फसल खरीद में पारदर्शिता और किसानों को उचित मूल्य दिलाना शामिल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पैक्स को किसानों के लिए एक सशक्त संस्था बनाया जाएगा।

## भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे का आज आरा में कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा**। अक्षय तृतीया पर शहर में ज्वेलरी कारोबार को नई पहचान मिली। एएस ज्वेलर्स एवं किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के आधुनिक शो-रूम का भव्य उद्घाटन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल दिखा। शो-रूम के संचालक आशु कुमार गुप्ता ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्राहकों को गुणवत्ता, भरोसा और लेटेस्ट डिज़ाइन एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बाजार में जहां 12 से 20 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज लिया जाता है।प्रतिष्ठान में मात्र 7.9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज रखा गया है। जिससे ग्राहकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह शो-रूम किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का अधिकृत पार्टनर है। यहां ग्राहकों को डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के ट्रेंडिंग व आकर्षक डिज़ाइन उपलब्ध हैं। हर आभूषण की 100 प्रतिशत शुद्धता आधुनिक मशीनों से जांच कर सुनिश्चित की जाती है। उद्घाटन समारोह को खास बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम किया गया है। 19 अप्रैल को शुभ पूजा एवं 20 अप्रैल की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। आज 21 अप्रैल को प्रसिद्ध भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे का आगमन दोपहर 3 बजे होगा। उनके आगमन को लेकर शहर के लोगों, खासकर युवाओं में खासा उत्साह है। शहर के गोपाली चौक के अरण्य कुल्हड़िया कॉम्प्लेक्स में खुले इस नए शो-रूम के साथ एएस. ज्वेलर्स अब आरा में ज्वेलरी खरीदारी का एक नया और भरोसेमंद केंद्र बनकर उभरा है। यहां ग्राहकों को आधुनिकता, शुद्धता और किफायती कीमत का बेहतरीन विकल्प मिलेगा।

## बिजली पोल से टकराई तेज रफ्तार कार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर के डुमरांव में सोमवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई, हालांकि उसमें सवार लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। यह घटना डुमरांव के हरियाणा फार्म स्थित बीएमपी गेट के पास हुई। एक हुंडई कियारा कार तेज गति में थी। चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के तुरंत बाद शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार के इंजन से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई।

**खिड़की-दरवाजे से निकले लोगः** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। हादसे के बाद आग तेजी से फैलने लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, कार में सवार लोग समय रहते सतर्क हो गए और खिड़की-दरवाजे खोलकर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि कार के दरवाजे लॉक हो जाते या सवार बाहर निकलने में थोड़ी भी देर करते, तो यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

**दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबूः** सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन से नियंत्रण खोना इस दुर्घटना की मुख्य वजह मानी जा रही है। यह घटना सड़क सुरक्षा और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

## सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा- कन्हैया को वोट देकर सरकार के हाथों को करें मजबूत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर आरा बक्सर स्थानीय प्राधिकार से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार के रूप में कन्हैया प्रसाद ने आज आरा में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व अपने आवास से हजारों समर्थकों के साथ जुलूस के रुप में कन्हैया प्रसाद खुली जीप से गाजे बाजे के साथ निकले। समर्थकों के एनडीए जिंदाबाद, हमारा एमएलसी कैसा हो, कन्हैया प्रसाद जैसा हो,कन्हैया प्रसाद जिंदाबाद, राधाचरण सेठ जिंदाबाद के गगनभेदी नारो से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। रामलीला मैदान में नामांकन सभा का आयोजन हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन, लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, पूर्व मंत्री लेसी सिंह, रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्रवंशी, पूर्व सांसद मीना सिंह, विधायक सह पूर्व मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक महेश पासवान, विधायक राकेश ओझा, विधायक राधाचरण साह,आरा के मेयर इंदु देवी, पूर्व एमएलसी अजय सिंह ,संजय सिंह राजनेता समेत एनडीए के सभी जिलाध्यक्ष एवं त्रिस्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गाराज एवं संचालन लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जदयू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष भीम सिंह पटेल ने किया। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि एमएलसी के रूप में कन्हैया को वोट देकर विजयी बनाइए ताकि विकास की धरा निरंतर चलती रहे। पूर्व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा जी ने कहा कि एनडीए के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की यह पहली परीक्षा है कि हमें इस सीट पर एनडीए उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद को जीत दिलाइए, ताकि सुशासन की सरकार अनवरत चलती रहे। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि एनडीए के सभी शीर्ष नेताओं ने संयुक्त रुप से कन्हैया प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि भोजपुर बक्सर हमेशा से एनडीए को अपना आशीर्वाद दिया है। लोजपा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय ने कहा कि जब पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बने तो सबसे पहले पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ किए। अपने अधिकार मान सम्मान को आगे बढाने के लिए एनडीए उम्मीदवार कन्हैया प्रसाद को जिताए।

## गोपाली चौक पर मौनी बाबा घंटा घर के पुनर्निर्माण फिर से प्रयास शुरू



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा**। सिटी रिपोर्टर|आरा शहर के प्रमुख स्थल गोपाली चौक मौनी बाबा घंटा घर एवं शिव मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण को लेकर हिंदू जागरण मंच की बैठक बिंदटोली में सिद्धनाथ बाबा मंदिर में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, श्रद्धालु, युवा वर्ग और विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सभी ने एकजुट होकर इस धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर अपने विचार रखें। हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने कहा कि मौनी बाबा घंटाघर वर्षों से आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा का प्रमुख केंद्र रहा है। यह स्थल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। आरा शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का भी प्रतीक माना जाता है। यहां होने वाले धार्मिक आयोजनों और घंटा घर की गूंज ने इस क्षेत्र को विशेष पहचान दी थी।

**जर्जर स्थिति और अधूरा वादाः** कुछ वर्ष पूर्व मंदिर और घंटा घर की स्थिति अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण पुरानी संरचना को हटा दिया गया था। उस समय प्रशासन और संबंधित जिम्मेदार लोगों द्वारा शीघ्र ही भव्य निर्माण का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका, जिससे स्थानीय लोगों में निराशा और आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता पर गहरी चिंता जताई। वक्ताओं ने कहा कि जिस स्थान पर कभी श्रद्धालुओं की भीड़ और घंटियों की गूंज सुनाई देती थी, वहां आज सन्नाटा और उपेक्षा का माहौल है। 7- बैठक में शामिल होने वाले सदस्य संकल्प और आगामी बैठक अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। यह केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि आरा की सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक पहचान को पुनर्जीवित करने का अभियान है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 3 मई को एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और शहर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल होकर आगे की रणनीति तय करेंगे। बैठक में हिन्दू जागरण मंच से विशाल सिंह, मोहन, चंदन, राजवीर,संजय, उज्ज्वल, पीयूष आदि लोग उपस्थित रहे। मौनी बाबा घंटाघर 1960 दशक में जन सहयोग से बना ऐतिहासिक स्थल मौनी बाबा घंटाघर 1960 दशक में जन सहयोग से बना ऐतिहासिक स्थल है। गोपाली कुएं के ऊपर निर्मित इस धरोहर की पहचान फिलहाल गायब हो चुकी है। इसे पूर्ण निर्माण के लिए ध्वस्त किया गया था लेकिन इसका पूर्ण निर्माण आज तक नहीं हुआ। जनआंदोलन की तैयारी हिंदू जागरण मंच के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि अब यह मुद्दा केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा। इसके लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय लोगों से सहयोग लिया जाएगा, प्रशासनिक अधिकारियों से संवाद किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा। भव्य निर्माण की रूपरेखा बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मंदिर और घंटा घर का निर्माण केवल पुनःस्थापना तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे पहले से अधिक भव्य, विशाल और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। इसमें पारंपरिक और आधुनिक शैली का समन्वय किया जाएगा, ताकि यह स्थल आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और गौरव का प्रतीक बन सके।

## महाराजा कॉलेज में शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी के मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर संगोष्ठी आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा**। महाराजा कॉलेज, आरा के मनोविज्ञान स्नातकोत्तर विभाग द्वारा शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवंत कुमार ने कहा कि बेरोजगारी केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। इसके कारण युवाओं में तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त बनने और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। महाविद्यालय के बर्सर रामेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विभागाध्यक्ष (मनोविज्ञान) डॉ. रामेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बेरोजगारी के मुद्दे को केवल बाहरी परिस्थितियों से जोड़कर नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं को समझना भी जरूरी है। उन्होंने आत्मविश्लेषण, सकारात्मक दृष्टिकोण और कौशल उन्नयन पर जोर दिया। विषय-प्रवेश डॉ. ओमप्रकाश केसरी ने आत्म-प्रेरणा और सकारात्मक सोच को अपनाने की आवश्यकता बताई। प्रोफेसर संजय कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में युवाओं को परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उन्होंने बेरोजगारी से उत्पन्न मानसिक दबाव को कम करने के लिए सकारात्मक सोच, धैर्य और निरंतर प्रयास को आवश्यक बताया तथा विद्यार्थियों को अपनी रुचि और कौशल के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. मनोज कुमार सिंह तथा संकाय सदस्य डॉ. इंदु कुमारी, सरिता देवी एवं नवीन चंद्र शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### मतदाता सूची -सुप्रीम कोर्ट से राहत, संशय अब भी बरकरार

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया की वजह से जिस तरह की जटिलता खड़ी हुई है, उसमें लाखों मतदाताओं के मताधिकार से वंचित रह जाने की आशंका है। इस मसले पर राज्य के आम लोगों के बीच आक्रोश भी देखा गया। मगर यह सवाल अब भी कायम है कि अगर किन्हीं वजहों से बाद में पात्र साबित हुए मतदाता वोट देने से वंचित रह गए, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।समस्या यह है कि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं और अब तक भारी संख्या में वैसे लोग मतदाता सूची से बाहर हैं, जिन्हें 'विचाराधीन' की श्रेणी में रखा गया है या जो किसी मामूली गड़बड़ी की वजह से नियमों की कसौटी पर पात्र नहीं माने गए। यह बेवजह नहीं है कि राज्य में इस मसले पर तीखे मतविरोध उभरे हैं और मांग की जा रही है कि चुनाव आयोग ऐसी कोई व्यवस्था करे, ताकि किसी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना पड़े।इसी के मद्देजनर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुच्छेद 142 का हवाला देते हुए एक अहम आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए अपीलीय प्राधिकरण जिन लोगों की अपील पर 21 अप्रैल तक फैसला दे देंगे, वे अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्राधिकरण की ओर से जिन लोगों की अपील पर 27 अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा, वे 29 अप्रैल को दूसरे चरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।यानी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के लाखों वैसे लोगों को राहत मिली है, जिन्हें किन्हीं वजहों से एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान वोट देने के अधिकार से वंचित मान लिया गया था। उसके बाद मतदाता सूची से हटाए गए बहुत सारे लोगों ने अपीलीय प्राधिकरणों में अपील दायर की हुई है कि उन्हें पात्र मतदाता माना जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ जिन मतदाताओं की अपील प्राधिकरणों की ओर से स्वीकार कर ली गई है, उनके नाम को शामिल करते हुए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए।

### उड़ान से पहले ही खतरा, फिर खोली हवाई सुरक्षा की परतें?

दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के डैने आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।देश में हवाई यात्रा को सुगम बनाने के लिए विमान सेवाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। मगर इसके साथ-साथ हाल के वर्षों में उड़ानों में सुरक्षा चूक और तकनीकी खराबी की घटनाएं भी चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। ऐसा लगता है कि अब तक हुए छोटे-बड़े हादसों से कोई सबक नहीं लिया गया है।दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार को दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए, लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस घटना ने एक बार फिर हवाई सफर की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्या वजह है कि एक के बाद एक सुरक्षा चूक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार के ठोस एवं कारगर प्रयास धरातल पर नजर नहीं आते हैं?इस तरह की घटनाओं में विभागीय कार्रवाई संबंधित कर्मियों को निलंबित करने और जांच प्रक्रिया शुरू करने की औपचारिकता तक ही सीमित रह जाती है। चूक किस वजह से हुई और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए, इसकी जानकारी शायद ही कभी सार्वजनिक हो पाती है।दरअसल, देश में विमान सेवाओं का विस्तार तो हो रहा है, लेकिन इसके लिए जरूरी बुनियादी ढांचा उस गति से विकसित नहीं हो पाया है। यह बात भी छिपी नहीं है कि विमानों की संख्या के मुकाबले पायलटों, हवाई यातायात नियंत्रकों और इंजीनियरों की व्यवस्था का अभाव बना हुआ है। इसके अलावा, सुरक्षा सावधानियों की अनदेखी और पुराने उपकरणों का इस्तेमाल भी हादसों का कारण बनता है।यह विचित्र है कि विमान संचालन के प्रशिक्षण के दौरान जिस तरह की बारीकियों को अनिवार्य माना जाता है, हवाई पट्टी पर उसे लेकर भी लापरवाही बरती गई।

*असमानता को कम करने के लिए आर्थिक, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर निरंतर प्रयास जरूरी हैं। भारत की आर्थिक प्रगति उसकी क्षमता और दृढ़ता का प्रमाण है, लेकिन असमानता को नजरअंदाज किया गया, तो यह प्रगति टिकाऊ नहीं रह पाएगी। विकास और समानता के बीच संतुलन बनाना केवल एक नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि आर्थिक जरूरत भी है। यही संतुलन देश के उज्ज्वल और समावेशी भविष्य की कुंजी बन सकता है।*

# भारत में गहराती अमीर-गरीब की खाई, विकास के बीच क्यों बढ़ रही असमानता

**(नृपेंद्र अभिषेक नृप )**

आर्थिक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। एक ओर समृद्ध वर्ग अपनी आय और संपत्ति में निरंतर वृद्धि देख रहा है, दूसरी ओर निम्न आय वर्ग अभी भी संघर्षरत है। भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित हो चुका है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और बढ़ती महंगाई जैसी चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस प्रकार से लचीलापन दिखाया है, वह काबिलेगौर है। पिछले एक दशक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि, बुनियादी ढांचे का विस्तार और सेवा क्षेत्र की मजबूती से वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत की साख भी मजबूत हुई है। मगर, इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक गहरी चिंता भी छिपी हुई है और वह है व्यापक असमानता की। यानी आर्थिक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। एक ओर समृद्ध वर्ग अपनी आय और संपत्ति में निरंतर वृद्धि देख रहा है, दूसरी ओर निम्न आय वर्ग अभी भी संघर्षरत है। यह स्थिति आर्थिक प्रगति और सामाजिक न्याय के बीच बढ़ती खाई को दर्शाती है, जो देश के विकास की स्थिरता और समावेशिता पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। हाल के वर्षों में 'के-आकार की रिकवरी' (के-शेप्ड रिकवरी) शब्द काफी चर्चा में रहा है। इसका अर्थ है कि किसी आर्थिक संकट के बाद समाज के विभिन्न वर्ग अलग-अलग गति से उबरते हैं। भारत में यह परिघटना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। कोरोना महामारी के बाद बड़े उद्योग, निगमित घराने और उच्च आय वर्ग तेजी से उबर गए। शेयर बाजारों में उछाल आया, डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ और उच्च कौशल वाले लोगों के लिए अवसर बढ़े। इसके विपरीत, छोटे व्यवसाय, दिहाड़ी-मजदूर और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। यह विभाजन समाज को दो भागों में बांट देता है- एक जो तेजी से ऊपर जा रहा है और दूसरा जो पीछे छूटता जा रहा है। यही कारण है कि समावेशी विकास अब एक अनिवार्यता बन चुका है। भारत में आय और संपत्ति का असंतुलन चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। समाज का एक खास और छोटा-सा वर्ग देश की अधिकांश संपत्ति पर अधिकार रखता है, जबकि बड़ी आबादी के पास बहुत सीमित संसाधन हैं। शीर्ष दस फीसद लोगों के पास राष्ट्रीय आय और संपत्ति का बड़ा हिस्सा केंद्रित है, जबकि निचले पचास फीसद लोगों की हिस्सेदारी बहुत कम है। यह केवल बाजार की स्वाभाविक प्रक्रिया का परिणाम नहीं है, बल्कि शिक्षा, रोजगार और संसाधनों तक असमान पहुंच का नतीजा है। वित्तीय बाजारों और जमीन-जायदात कारोबार के बढ़ते प्रभाव ने इस असमानता को और गहरा किया है। जिनके पास पहले से संपत्ति थी, उसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जबकि जिनके पास संसाधन नहीं थे, वे और पीछे रह गए। यह स्थिति दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता को जन्म दे सकती है। देश का मध्यम वर्ग, जिसे अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, वह आज कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहा है। बढ़ती महंगाई, सीमित वेतन वृद्धि और रोजगार की अनिश्चितता ने इस वर्ग की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। मध्यवर्ग बचत, निवेश और मांग को आगे बढ़ाता है। अगर यह वर्ग कमजोर होता है, तो इसका सीधा असर पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। भारत में असमानता केवल आंतरिक कारणों से नहीं, बल्कि वैश्विक परिस्थितियों से भी प्रभावित होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, व्यापारिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। घरेलू स्तर पर भी कई संरचनात्मक समस्याएं हैं, जैसे ग्रामीण-शहरी अंतर, क्षेत्रीय असमानता और असंगठित क्षेत्र का पिछड़ना। हालांकि सरकार की ओर से डिजिटल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में किए गए प्रयासों से नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन इनके लाभ सभी तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। इससे साफ है कि असमानता एक जटिल समस्या है, जिसे हल करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद रोजगार सृजन अपेक्षाकृत तेजी से नहीं हो पाया है। देश की बड़ी आबादी आज भी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत है, जहां न तो स्थायी आय होती है और न ही सामाजिक सुरक्षा। कोरोना महामारी ने इस कमजोरी को उजागर किया, लाखों लोगों ने अपनी नौकरियां खो दीं और उन्हें अपने गांवों की ओर लौटना पड़ा। यह स्थिति बताती है कि भारत की अर्थव्यवस्था में रोजगार का ढांचा कितना अस्थिर है। ऐसे में समाधान के लिए श्रम-प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देना, कौशल विकास को मजबूत करना और रोजगार को औपचारिक रूप देना आवश्यक है। समाज में असमानता को कम करने में शिक्षा और कौशल की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन भारत में इस क्षेत्र में भी कई चुनौतियां हैं। हालांकि शिक्षा तक पहुंच बढ़ी है, लेकिन गुणवत्ता में भारी अंतर है। ग्रामीण क्षेत्रों और गरीब वर्गों के विद्यार्थियों को उचित संसाधन, बेहतर प्रशिक्षित शिक्षक और आधुनिक सुविधाएं नहीं मिल पातीं। इसके अलावा उद्योगों की जरूरत और शिक्षा प्रणाली के बीच तालमेल की कमी भी एक बड़ी समस्या है। इससे बेरोजगारी और कौशल की कमी दोनों बढ़ती हैं। अगर देश को समावेशी विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है, तो शिक्षा और कौशल में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। यहां महिलाओं की आर्थिक भागीदारी अभी भी बहुत सीमित है। सामाजिक मान्यताएं, सुरक्षा की चिंताएं और कार्यस्थल पर सुविधाओं की कमी महिलाओं के लिए बाधा बनती हैं। इसके अलावा, शिक्षा और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच में भी लैंगिक असमानता है। यदि महिलाओं को समान अवसर दिए जाएं, तो वे न केवल अपनी स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान दे सकती हैं। असमानता को कम करने में सरकार की नीतियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रगतिशील कर प्रणाली के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर खर्च बढ़ाना जरूरी है, ताकि कमजोर वर्गों को सहारा मिल सके। इन नीतियों का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी होना चाहिए, ताकि उनका वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया जा रहा है, जो आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी भी है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और डिजिटल नेटवर्क देश की प्रगति को गति देते हैं, लेकिन इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में निवेश भी उतना ही जरूरी है। अगर केवल भौतिक विकास पर ध्यान दिया जाए और मानव विकास की उपेक्षा की जाए, तो प्रगति अधूरी ही रह जाएगी। भारत को समावेशी विकास के लिए व्यापक नीति सुधारों की जरूरत है। इसमें श्रम कानूनों को मजबूत करना, छोटे व्यवसायों को ऋण सुविधा और सामाजिक सुरक्षा को विस्तार देना भी शामिल है। इसके साथ ही पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देना और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। देश की विकास यात्रा भले ही देखने में चमकदार है।

# जीवन को समझने और बेहतर बनाने के लिए उदारता और संवेदना जरूरी

**(शोभा जैन)**

कभी-कभी ऐसा लगता है कि इस आपाधापी में मनुष्य अपनी मानसिक सीमाओं के रहते हुए शांति, जीवन-सौंदर्य और लोकमंगल के स्वर्ग को प्रतिष्ठित नहीं कर सकता।यों तो 'स्वभावोक्ति' का अर्थ है किसी वस्तु, व्यक्ति या स्थिति का उसके स्वाभाविक रूप में, बिना बढ़ा-चढ़ाकर वर्णन किए, यथार्थ चित्रण करना। जब हम 'जीवन की स्वभावोक्ति' की बात करते हैं, तो इसका अर्थ है जीवन को वैसे ही स्वीकार करना और वर्णित करना। जीवन में अनुभव, जीवन-संबंधी धारणाओं, जीवन की जय-पराजय आदि उतरना अस्वाभाविक प्रतीति नहीं है। इसके प्रस्थान-बिंदु बहुत गहराई में होते हैं, जिसमें उतार और चढ़ाव का नवाचार भी होता है, जो सबका बिल्कुल अलग-अलग होता है। जीवन में एक ही विषय पर सबके अनुभव बिलकुल अलग-अलग हो सकते हैं, अपनी 'स्वभावोक्ति' के साथ। उन अनुभवों को कहने से पहले बहुत कुछ घटित हो चुका होता है।दरअसल, भाषा बोलने-पढ़ने-लिखने के पहले हम 'देखते' हैं। यह सारा संसार एक दृश्य-लेख की तरह हमारे सामने उपस्थित होता है। हम अपने-अपने परिप्रेक्ष्य के बंदी होते हैं। अपनी 'स्वभावोक्ति' को सबसे अधिक महत्त्व देते हैं। हम जानते हैं समाज में असंतोष और प्रतिरोध हर व्यक्ति के भीतर घटित होता है। यह एक सुदीर्घ और अनवरत परंपरा है, जो उत्तरोत्तर जीवन की मुख्यधारा के स्तर पर प्रतिष्ठित होती गई है, लेकिन उनमें मानव-नियति, मानव के अस्तित्व, मनुष्य केंद्रित मौलिक अनुभव होना जरूरी है। केवल घोषित प्रतिरोध छलावा है।मानवीय सघनता स्वभावोक्ति का सत्व है। मानवीय संसक्ति की पहली और आखिरी शर्त मानव जीवन है, चाहे वह एक सीमा तक विरोधाभासों से क्यों न भरा हो। जीवन में निराशा, हताशा, संत्रास, ऊब, भय सब कुछ खप जाता है। जीवन यह सब पचाने की क्षमता रखता है। बल्कि यह मनुष्य के स्वभाव में है। आज एक संवेदनशील चौकन्नेपन के साथ लोगों के भीतर पसरे 'सूखे' को भी तरल बनाना होगा। हमें अनुभव की सीढ़ियों पर धीरे-धीरे चढ़ना सीखना होगा। आखिर छोटे-छोटे ईमानदार प्रयास धीरे-धीरे शक्ल लेते हैं।इन दिनों हमारी बौद्धिक प्रक्रिया इतनी तीव्र हो गई है कि वह हृदय के क्षेत्र से अनभिज्ञ हो रही है। एक स्थिर, रुके हुए, स्व-विवादों, व्यक्तिगत कुंठाओं से भरे समकाल में वर्तमान में उपस्थित मानवीय संकटों से भविष्य की संभावनाओं को कैसे तराशा जाएगा, यह प्रश्न खड़ा है। एक तरह की भ्रामक स्थिति कभी-कभी मन में निर्मित होने लगती है, जो रफ्तार और व्यस्तता हम महसूस कर रहे हैं, क्या जीवन वाकई उतनी ही गति से आगे बढ़ रहा है? भले ही हमें सब कुछ तेज गति में देखने की आदत-सी हो गई है, पर वास्तविकता ठहराव की है।एक छोटे-से स्थायी बदलाव के लिए जीवन को कितना गहरा और लंबा संघर्ष करना पड़ता है। जबकि हम उससे बच रहें हैं, इसलिए जीवन से स्थायित्व समाप्त हो रहा। प्रगति और प्रयास साथ-साथ चलते हैं, लेकिन इनके साथ बहुत कुछ दबा-छिपा भी होता है, जो दिखाई नहीं देता। हम तेज रफ्तार में उसे धूमिल कर देते हैं। आज स्मृतिहीनता, डर, अवसाद, असहायता, तात्कालिकता आदि साहित्य और कलाओं के विषय बन जरूर रहे हैं, लेकिन मनुष्य को मनुष्य से नहीं जोड़ रहे। तमाम सुख-सुविधाओं के बावजूद आज का मनुष्य चक्की के दो निर्मम पाटों के बीच पिस रहा है। इसी में चट्टानों से थपेड़े खाकर भी अडिग रहने वाला पहाड़ी स्वभाव भी, लेकिन जीवन का प्रत्येक क्षण अपनी प्रासंगिकता में रहे, यह जरूरी नहीं, क्योंकि हर स्वभाव की प्रकृति है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6069

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## वर्ग पहेली 6069

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| | ■ | 9 | 10 | | ■ | ■ | 11 |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | 15 | |
| 16 | | | | ■ | 17 | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 18 | ■ | 19 | 20 |
| 21 | | 22 | | | 23 | | |
| | ■ | | ■ | 24 | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह मुगल सम्राट जहांगीर का बचपन का नाम था, जहांगीर की पत्नी नूरजंहा की मां अस्मत बेगम ने गुलाब से इत्र निकालने की विधि खोजी थी (3)
4. यह संत तुलसीदास के बचपन का नाम है (4)
7. स्नानागार, नहाने का स्थान (3)
8. तरल पदार्थ को ठोस रूप में बदलना (3)
9. संख्या, जोड़ (3)
12. अगर, जो (2)
14. हिचक, असमंजस, लज्जा (3)
16. सैनिकों के लिए अभ्यास, परेड (4)
17. परत, स्तर (2)
19. जंघा, जांघ (2)
21. जे.ओमप्रकाश के निर्देशन में धमेंद्र-आशा पारेख की मुख्य भूमिकाएं वाली फिल्म (1969)(8)
24. साधु-संत के रहने का स्थान (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. साइड हीरो (5)
2. यह पेरू देश की राजधानी है (2)
3. माता का स्नेह जो उसकी संतान पर होता है (3)
4. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी (संक्षिप्त नाम)(3)
5. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)
6. बुआई करना, जमीन में बीज छितराना (2)
10. बेटी का पति, जंवाई, जामाता (3)
11. चिंता, फिक्र, चिंतन, पश्चाताप (2)
13. बहुत ज्यादा घाटा या हानि, ऋण चुकाने में असमर्थ (4)
14. परम धार्मिक और साधु व्यक्ति, सज्जन और महात्मा (2)
15. बहुत शोरगुल (4)
18. बलमा, प्रेमी, साजन (3)
20. ऊंट आदि के नाक के आर-पार पहनाई जाने वाली रस्सी (3)
21. विश्वास, स्थित होने की अवस्था (2)
22. मित्र, सखा, परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति (2)
23. असत्य कथन, मिथ्या (2)

### वर्ग पहेली 6068 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हां | ग | कां | ग | ■ | वा | दा | ■ |
| फ | ल | दा | न | ■ | प | र | म |
| ना | त | ■ | पा | र | स | म | णि |
| ■ | फ | ■ | व | न | ■ | दा | ■ |
| ■ | ह | ■ | ड | र | ■ | र | वि |
| ■ | मी | ना | र | ■ | डो | ■ | श्व |
| प | ■ | जु | ■ | प | र | ना | ना |
| रा | ज | क | पू | र | ■ | र | थ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज कार्यक्षेत्र में व्यर्थ वाद विवाद से बचने का प्रयास करें. किसी सहयोगी से मतभेद हो सकते हैं. कभी खुशी तो कभी तनावपूर्ण माहौल बना रहेगा. महत्वपूर्ण योजना अकारण स्थगित हो सकती है. महिलाओं का समय हास्य परिहास में बीतेगा. कार्य प्रारंभ कीजिए भाग्य के सितारे चमकेंगे. कठोर परिश्रम के बाद लाभ प्राप्त होगा. व्यापारिक विरोध कुघटनाचक्र को जन्म दे सकते है।

### वृष
आज कार्यक्षेत्र में अत्यधिक व्यस्तता रहेगी. नौकरी में आपको महत्वपूर्ण पद से हटाया जा सकता है. राजनीति में पार्टी बदलने से पहले खूब स्वच्छ विचार कर निर्णय लें. व्यापार में लाभ और उन्नति के योग बनेंगे. किए गए परिश्रम का मीठा फल प्राप्त होगा. सहयोगियों के साथ मिलकर कार्य करने से लाभ होगा. दूसरों को भी अपनी कमजोरी का पता न चलने दे।

### कर्क
आज माता से अकारण मतभेद हो सकते हैं. किसी भूमि संबंधी कार्य में विलंब होने से मन खिन्न रहेगा. राजनीति में आपको अपेक्षित जन सहयोग मिलेगा. जिससे राजनीतिक में वर्चस्व स्थापित होगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य में परिजनों का अपेक्षित सहयोग न मिलने से काम रुक जाएगा. वाहन तीव्र गति से ना चलाएं अन्यथा दुर्घटना हो सकती है।

### सिंह
आज आपकी मधुर वाणी व सादगी पूर्ण व्यवहार लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा. राजनीति में जोशपूर्ण एवं प्रभावशाली भाषण के लिए आपको उच्च पदस्थ व्यक्तियों से सराहना प्राप्त होगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने से आपके मनोबल एवं साहस में वृद्धि होगी. अध्ययन में रुचि रहेगी. किसी अच्छे कार्य को करने में सफलता प्राप्त करेंगे।

### मिथुन
आज का दिन सामान्य सुख एवं उन्नति दायक रहेगा. अपनी निजी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर ही महत्वपूर्ण कार्य में कोई बड़ा निर्णय न लें. सामाजिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहे. व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के लिए व्यवसाय की दृष्टि से लाभ की स्थिति सामान्य रहेगी।

### कन्या
आज मजदूर वर्ग को रोजगार प्राप्त होगा. विद्यार्थियों की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी. व्यापारी से जुड़े लोगों को कोई महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी. उनकी देश-विदेश में ख्याति बढ़ेगी. नौकरी में पदोन्नति के साथ महत्वपूर्ण पद अथवा मनचाहा पद मिल सकता है।

### तुला
आज भूमि संबंधी कार्य में अकारण बाधा हो सकती हैं. कार्यक्षेत्र में अधिक व्यस्तता बनी रहेगी. राजनीति में अपेक्षित जन समर्थन मिलने से वर्चस्व में वृद्धि होगी. व्यापारिक स्थिति सुधरेगी. दूर देश से किसी प्रियजन का शुभ संदेश प्राप्त होगा. कार्यक्षेत्र में बॉस के साथ व्यर्थ वाद करने से बचें. अन्यथा आपकी प्रगति रुक जाएगी।

### वृश्चिक
आज व्यापार में आय के नए स्रोत खुलेंगे. विदेश यात्रा की कोई पुरानी इच्छा पूरी होगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी. नवीन व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी. परिवार में कोई मांगलिक कार्य संपन्न होगा. नौकरी में उच्च अधिकारी से वरदहस्त एवं सानिध्य प्राप्त होगा. अधिक धन खर्च हो सकता है. अपनी वाणी एवं क्रोध पर संयम रखें. अन्यथा परिवार में अकारण झगड़ा हो सकता है।

### मकर
आज दिन की शुरुआत किसी तनाव के साथ होगी. अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है. कार्यक्षेत्र में असुविधा हो सकती है. अपने धैर्य को बनाए रखें. अन्यथा बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है. बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को अपने कार्य के साथ नई जिम्मेदारी और मिल सकती है. शासन सत्ता में बैठे लोगों को आरोप प्रत्यारोप का शिकार होना पड़ सकता है. विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि कम रहेगी।

### कुंभ
आज कार्यक्षेत्र में शत्रु एवं विरोधियों से सावधान रहे. सामान्य संघर्ष के पश्चात कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे. आप असमंजस वाली परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक निर्णय लेने. बहुराष्ट्रीय कंपनीयों में कार्यरत लोगों का स्थान परिवर्तन करना पड़ सकता है. नौकरी में नौकर चाकर का सुख बढ़ेगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य में अत्यधिक विलंब होने से मन उदास रहेगा. राजनीति में आप जिस व्यक्ति पर अत्यधिक भरोसा करते हैं. वही व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है।

### धनु
आज अपनी समस्याओं को अधिक न बढ़ने दें. उनका जल्दी समाधान करने का प्रयास करें. ईस्ट मित्रों के साथ साझेदारी में कोई कार्य न करें. अपने बलबूते पर ही कार्य क्षेत्र में निर्णय ले. विद्यार्थी वर्ग की पढ़ाई के प्रति अभिरुचि कम हो सकती है. रोजगार की तलाश पूरी होगी. कार्यक्षेत्र में कोई फेरबदल होने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं. बौद्धिक कार्य में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी।

### मीन
आज परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. नौकरी में नवीन दायित्व मिलने के सहयोग बनेंगे. किसी महत्वपूर्ण कार्य के संपन्न होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी. बेरोजगार को रोजगार प्राप्त होगा. किसी पुराने वाद विवाद से छुटकारा मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग की अध्ययन में अभिरुचि रहेगी. व्यापार में लोगों को महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी. राजनीति में आपके नेतृत्व की सराहना होगी।

स्वत्वाधिकारी श्रीराम अम्बष्ट के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमंक प्रिंटर्स, ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, घर आँगन, बिरजू जी का हाता, छोटी बदलपुरा, खगौल, जिला- पटना, बिहार में मुद्रित। संपादक-साकेत कुमार, मो. - 9934957121, 9488212062, 7766886433, E-mail : svvpat@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### रांची में जमीन कारोबारी की हत्या

**रांची, एजेंसी।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित ओटीसी मैदान के पास मंगलवार को जमीन कारोबारी भार्गव सिंह को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोलीबारी में घायल जमीन कारोबारी भार्गव सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। पारस अस्पताल में भार्गव सिंह का इलाज चल रहा था। डॉक्टरों की टीम ने भार्गव को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन असफल रही। सांसद संजय सेठ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से जानकारी ली। इस बारे में उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। पोस्ट में लिखा- यह सूचना मिली है कि अपराधी पैदल ही आए थे और भार्गो सिंह को पेट में गोली मार कर पैदल ही चले गए। यह घटना राजधानी रांची की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिसिंग को आईना दिखाने वाली है। राजधानी की लगातार खराब होती स्थिति 90 के दशक की जंगलराज की याद दिलाने वाली है। बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुबह-सुबह अपराधी आते हैं और गोली मारकर पैदल ही निकल जाते हैं। घटना के पीछे का कारण चाहे जो भी हो परंतु यह स्पष्ट है कि राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इस मामले में पुलिस अधिकारियों से बात कर अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने और ऐसी अपराधी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने को निर्देशित किया है।

### जमशेदपुर डीसी की बेटी की शादी में पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ रविवार को दीनदयाल नगर, बूटी रोड स्थित आईएएस क्लब पहुंचे। मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन वहां उपायुक्त (डीसी) पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर राजीव रंजन की बेटी ऋचा की शादी समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर नवदंपति वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने उपायुक्त राजीव रंजन और उनके सगे-संबंधियों से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई दी और खुशी जाहिर किया। शादी समारोह में मुख्यमंत्री सचिव अविनाश कुमार समेत राज्य कई अधिकारी भी मौजूद थे। गौरतलब है कि शुक्रवार को राजीव रंजन जमशेदपुर के डीसी बनाए गए थे।

### सदर अस्पताल के डॉक्टर के साथ हुई बहस के बाद धरना पर बैठे नप अध्यक्ष,

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला के सदर अस्पताल में मरीज का हाल चाल जानने पहुंचे सरायकेला नप अध्यक्ष मनोज चौधरी का सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ चंदन के साथ मरीज के उपचार को लेकर बहस हो गई जिसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी अपने समर्थकों के साथ अस्पताल में ही धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव प्रकाश मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने दोनों पक्षों से विस्तार से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद दोनों पक्षों ने इसे आपसी संवादहीनता का परिणाम बताया। मामले को लेकर अस्पताल पहुंचे एसडीओ अभिनव प्रकाश ने कहा कि इमरजेंसी वार्ड में होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाएगी, जिससे अनावश्यक लोगों का प्रवेश रोका जा सके और चिकित्सकों को उपचार कार्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। मामले पर सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र के गुड़ियाडीह निवासी दो युवक खरसावां में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। घटना की सूचना पर मरीजों का हाल चाल जानने नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी सदर अस्पताल पहुंचे थे।

### पीएम मोदी की झालमुड़ी के बाद चंपाई सोरेन की माछ-भात खाते तस्वीर वायरल

**रांची, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पहले चरण के चुनावों में अब सिर्फ दो दिन का समय बचा हुआ है, और बंगाल पर सत्ता के लिए यह जंग नैरेटिव बनाने-बिगाड़ने के दौर में पहुंच चुकी है। परसों झारग्राम से पीएम नरेंद्र मोदी की झालमुड़ी खाते तस्वीर ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था। इसी क्रम में, झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की एक तस्वीर कल शाम से वायरल हो रही है, जिसमें वे 'माछ-भात' खाते दिख रहे हैं। इस तस्वीर को ममता बनर्जी के उस बयान का जबाब माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा की सरकार आने पर बंगाल में मीट-मछली और अंडा बैन कर दिया जाएगा। चंपाई सोरेन ने तस्वीर को एक्स पर पोस्ट किया है। इस तस्वीर के कैप्शन में पूर्व सीएम ने लिखा है- पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के बीच माछ-भात का आनंद लेते हुए। कल शाम पोस्ट हुई यह तस्वीर तुरंत ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और अब तक इसे कई लोगों द्वारा देखा जा चुका है। इसके कमेंट में कई लोगों ने इसे ममता बनर्जी और टीएमसी की राजनीति का बेहतरीन जवाब बताया है। झारग्राम से लेकर खड़गपुर तक इस तस्वीर की चर्चा हर चौक- चौराहों पर हो रही है। बहरहाल, बंगाल के जनमानस के दिल में बसे झालमुड़ी और माछ-भात जैसे खानपान से नजदीकी दिखा कर भाजपा ने कहीं ना कहीं एक सटीक चुनावी दांव खेला है, जिसका असर भी दिख रहा है।

**वार्ड पार्षद ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी,**

# रश्मि सिंह समर्थकों के साथ बीजेपी में हुईं शामिल



**रांची, एजेंसी।** झारखंड बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कांग्रेस नेता सह फुसरो नगर परिषद की वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सभी नवागंतुकों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। वहीं पार्टी में शामिल हुए नये सदस्य काफी उत्साहित नजर आए।

इस समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने मिस कॉल के माध्यम से बीजेपी की ऑनलाइन सदस्यता भी ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग तेजी से पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, विकासोन्मुख और जनकल्याणकारी शासन स्थापित हुआ है, जिससे आम जनता का विश्वास बीजेपी के प्रति लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने नारी शक्ति के सम्मान और अधिकार पर जोर देते हुए कहा कि बीजेपी शुरू से ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है। आज महिलाएं केवल भागीदार नहीं, बल्कि देश के विकास की अग्रणी शक्ति बनकर उभर रही हैं। पार्टी महिलाओं को बराबरी का अधिकार, सम्मान और नेतृत्व के अवसर देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

बीजेपी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा किसी परिवार या व्यक्ति के इशारों पर नहीं चलती है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल हुईं रश्मि सिंह अपने इलाके में संघर्षशील महिला के रूप में पहचानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में उनके शामिल होने से भाजपा को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर रश्मि सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और पार्टी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर उन्होंने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निश्चित रूप से वे कांग्रेस परिवार से आती हैं लेकिन उन्होंने कभी भी कांग्रेस की सदस्यता नहीं ली थी। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में मान-सम्मान ना मिले वहां रहना उचित नहीं है। बता दें कि रश्मि सिंह, बेरमो विधायक अनूप सिंह की भतीजी हैं।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वर्तमान राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरी कैबिनेट के साथ असम और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार करने के लिए जाते हैं लेकिन झारखंड में रहने वाले गरीब, असहाय और वंचितों के दर्द को सुनने का समय नहीं है।

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने आरोप लगाते हुए बताया कि झारखंड के पैसे का इस्तेमाल करके वह दूसरे राज्यों में भीड़ जुटा रहे हैं और चुनावी भाषण देते हैं। उन्होंने कहा कि पैसे खर्च करने के बावजूद भी यदि भीड़ इकट्ठा नहीं होती है, तो वह मोबाइल फोन पर उन्हें संबोधित करते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में स्थिति इतनी अधिक बदतर हो गई है कि 3 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने कहा कि इतनी अधिक शर्मनाक घटना होने के बावजूद भी मुख्यमंत्री और सरकार कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

## एक विवाह ऐसा भी! दृष्टिबाधित दिव्यांग पूजा को मिला राजेश का साथ



**हजारीबाग, एजेंसी।** इन दिनों शादी का समय चल रहा है। कुछ शादी की चर्चा हर जुबां पर रहती है। जिसे देखकर आप खुश हो जाएंगे और इस जोड़ी को आशीर्वाद देते थकेंगे नहीं।

शादी सात जन्मों का साथ, विश्वास का दूसरा नाम है। हजारीबाग के बुढ़वा महादेव में एक ऐसा शादी हुई जो आज चर्चा का विषय बना हुआ है।

दृष्टिबाधित दिव्यांग बेटी की शादी बड़े ही धूमधाम से हुई। कहा जाए तो दृष्टिबाधित बेटी अब अपने पति की आंखों से दुनिया की खूबसूरती को देखेगी। उसके सारे सपने उसके पति के हाथों से पूरी होगी। केरेडारी प्रखंड के पगार निवासी बिंदेश्वर सोनी की दृष्टिबाधित बेटी पूजा कुमारी का विवाह बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हजारीबाग स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस विवाह समारोह में गोमिया कथारा निवासी प्रदीप सोनी के पुत्र राजेश कुमार सोनी ने पूजा कुमारी के साथ वैवाहिक बंधन में बंधकर समाज को एक मजबूत संदेश दिया।

पूजा कुमारी दोनों आंखों से देखने में असमर्थ हैं, इस विवाह ने यह साबित कर दिया कि सच्चे रिश्ते संवेदनाओं, समझ और आपसी सम्मान पर टिके होते हैं, न कि केवल शारीरिक क्षमताओं पर। शादी समारोह में दोनों पक्षों के परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी अच्छी खासी उपस्थिति रही। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक मामला-सरगना 3 और अभ्यर्थी 2 दिन की रिमांड पर

**रांची, एजेंसी।** उत्पाद सिपाही परीक्षा पेपर लीक सॉल्वर गिरोह मामले में हुए सरगना समेत पांच मुख्य आरोपियों और तीन अभ्यर्थियों को रिमांड पर लिया गया है। तमाड़ पुलिस ने अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत में सभी को पांच दिन की रिमांड पर लेने का आवेदन अदालत में दिया था। अदालत ने सरगना अतुल वत्स, विकास कुमार, शेर सिंह, आशीष कुमार और योगेश प्रसाद को तीन दिन की रिमांड पर भेजा है। वहीं तीन अभ्यर्थियों को दो दिन की रिमांड पर लेने का आदेश दिया गया है।

सोमवार से रिमांड अवधि शुरू हुई, जो बुधवार को खत्म होगी। अभ्यर्थियों की रिमांड मंगलवार को पूरी हो जाएगी। पुलिस इनसे पेपर लीक नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य सफेदपोशों के बारे में सुराग जुटाने की कोशिश करेगी। सूत्रों का कहना है कि रिमांड के दौरान सरगना और अभ्यर्थियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सकती है, जिससे कि यह पता चल सके कि साजिश कहां से रची गई थी।

इसी मामले में गिरफ्तार 74 अन्य अभ्यर्थियों की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। 14 से 17 अप्रैल के बीच 150 अभ्यर्थियों ने जमानत याचिका दाखिल की थी। अदालत ने सभी याचिकाओं पर 20 अप्रैल को सुनवाई तय की थी और केस डायरी मांगी थी। सोमवार को केस डायरी पेश नहीं की गई, इसके कारण सुनवाई टल गई और अगली तारीख 25 अप्रैल तय की गई है। उत्पाद सिपाही परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर धांधली और पेपर लीक की शिकायतें सामने आई थीं। जांच में पुलिस ने तमाड़ के रड़गांव और अन्य जगहों से सरगना समेत 166 लोगों को हिरासत में लिया था। इसी से पूरे सिंडिकेट का खुलासा हुआ था।

# जेईई मेन 2026 : सेशन-2 का रिजल्ट जारी, 99।97 पर्सेंटाइल के साथ रांची की वैष्णवी बनीं झारखंड टॉपर



**रांची, एजेंसी।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन 2026 के दूसरे सत्र का परिणाम सोमवार देर शाम जारी कर दिया। रिजल्ट जारी होते ही देशभर के लाखों छात्रों के साथ झारखंड के परीक्षार्थियों में भी उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस बार भी राज्य के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

झारखंड की बात करें तो रांची की वैष्णवी कुमारी ने 99।97 पर्सेंटाइल हासिल कर राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने झारखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वैष्णवी ने अपने लगातार बेहतर प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और सही रणनीति के साथ सफलता हासिल की जा सकती है। इससे पहले जेईई मेन के पहले सत्र में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 23 हासिल की थी जबकि दूसरे सत्र में उन्हें 426वीं रैंक प्राप्त हुई है।

वैष्णवी कुमारी, रांची के सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से न सिर्फ उनका परिवार बल्कि स्कूल और पूरा राज्य गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वैष्णवी की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और अनुशासित जीवनशैली का अहम योगदान रहा है। राज्य में दूसरे स्थान पर सिमडेगा के नैतिक शर्मा रहे। जिन्होंने 99।97 पर्सेंटाइल हासिल किया है। उन्हें ऑल इंडिया स्तर पर 518वीं रैंक प्राप्त हुई है। वही जमशेदपुर के मुकुल महतो ने 99।96 पर्सेंटाइल के साथ राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया और उनकी ऑल इंडिया रैंक 620 रही। इसी पर्सेंटाइल के साथ रांची के जेवीएम श्यामली के छात्र देवेश अग्रवाल को 648वीं रैंक मिली है। जिससे उन्होंने भी राज्य में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में अपनी जगह बनाई।

वैष्णवी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अनुशासन और नियमित पढ़ाई को दिया है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। इसके लिए निरंतर मेहनत और सही दिशा में प्रयास जरूरी है। वैष्णवी ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी और मोबाइल फोन का उपयोग बहुत सीमित रखा। वे मुख्य रूप से लैपटॉप के जरिए अपनी पढ़ाई करती थीं, जिससे उन्हें ध्यान केंद्रित रखने में मदद मिली। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार में अनुशासन का माहौल रहा है, जिसने उन्हें हमेशा प्रेरित किया। जब भी उनका मन पढ़ाई करने का होता, वे पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई करती थीं और समय का सही उपयोग करती थी। उनका मानना है कि आत्मनियंत्रण और समय प्रबंधन किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए बेहद जरूरी होता है।

वैष्णवी के पिता रवि कुमार, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, ने भी इस मौके पर कहा कि जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उन्होंने हमेशा अपनी बेटी को एक संतुलित और अनुशासित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार, यदि जीवन में अनुशासन ना हो, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता पाना मुश्किल हो जाता है। वहीं स्कूल की प्राचार्य समिता सिन्हा ने भी वैष्णवी की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वैष्णवी शुरू से ही एक मेहनती और समर्पित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई को हमेशा गंभीरता से लिया और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रही।

## हजारीबाग के केरेडारी कोल माइंस में धूं-धूं कर जला हाइवा, ट्रांसपोर्टिंग के दौरान लगी आग



**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना अंतर्गत कोल माइंस क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे एक हाइवा वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना काबेद बैरियर नंबर-01 के समीप घटित हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह लपटों के घेरे में आ गया। इस आकस्मिक घटना के बाद माइंस क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, हाइवा में आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के समय वाहन सामान्य रूप से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगा हुआ था। अचानक इंजन के पास से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते चिंगारी ने भीषण आग का रूप धारण कर लिया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, उक्त हाइवा वाहन नकाश कंपनी के अधीन कोयला ढुलाई का कार्य कर रहा था। वाहन के मालिक पांडु गांव निवासी कमलेश दास बताए जा रहे हैं। आग की इस चपेट में आने से वाहन के इंजन और केबिन को काफी गंभीर नुकसान पहुंचा है, जिससे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग (दमकल) की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत और सूझबूझ से आग पर काबू पाया, जिससे आग को अन्य खड़े वाहनों तक फैलने से रोका जा सका। यदि आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो माइंस क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। फिलहाल, केरेडारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## सेवानिवृत्त जज अमिताभ कुमार बने झारखंड के लोकायुक्त, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची के लोक भवन में मंगलवार को आयोजित समारोह में राजपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमिताभ कुमार गुप्ता को लोकायुक्त, झारखंड के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायाधीश डीएन उपाध्याय के निधन के बाद से यह पद खाली था। शपथ ग्रहण के पूर्व राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार द्वारा अमिताभ कुमार गुप्ता की लोकायुक्त के रूप में नियुक्ति संबंधी वारंट पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने नवनियुक्त लोकायुक्त को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे और इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया के साक्षी बने। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने लोकायुक्त श्री अमिताभ कुमार गुप्ता को अपनी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, मेयर रौशनी खलखो, गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी तदासा मिश्रा, रांची डीसी मंजुनाथ भाजयंत्री सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उच्च न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में झारखंड सरकार को लोकायुक्त और अन्य संवैधानिक अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया था। राज्यपाल ने 16 अप्रैल को गुप्ता को झारखंड का लोकायुक्त नियुक्त किया था।

अमिताभ कुमार गुप्ता का जन्म 31 मई 1959 को हुआ और दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय से एलएलबी की उपाधि ली और उसी संस्थान से उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी की। उन्होंने 11 जून 1997 को बिहार उच्च न्यायिक सेवा में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। उन्हें 2013 में झारखंड उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया और वह 30 मई 2021 को सेवानिवृत्त हुए।

## दुमका के जमुनियां के पास पलटे ट्रक से अवैध शराब बरामद

**सरैयाहाट, एजेंसी।** झारखंड में एनएच-133 चोपामोड़-गोड्डा मुख्य सड़क मार्ग पर जमुनियां गांव के पास सोमवार देर रात पलटे ट्रक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। बरामद की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक में आटा और डिटर्जेंट के बोरों के बीच शराब की पेटियां छुपाकर रखी गई थीं। दुर्घटना के बाद जब बोरे सड़क पर बिखरे तो उसमें से शराब की बोतलें बाहर निकल आईं, जिससे पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा सर्किल इंस्पेक्टर बिशुनदेव पासवान सहित सरैयाहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए सड़क पर बिखरे सामान को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

पुलिस जांच में प्रारंभिक तौर पर यह सामने आया है कि जब्त शराब की खेप को बिहार ले जाया जा रहा था, जहां इसकी खपत की योजना थी।

मौके से बरामद शराब को जब्त कर करीब 15 ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से थाना लाया जा रहा है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी को लेकर हलचल तेज हो गई है।

# लातेहार में आदिवासी समाज के धरोहरों को संरक्षित करने के नाम पर लूट!



**लातेहार, एजेंसी।** आदिवासियों के पारंपरिक स्थल और धरोहरों को संरक्षित करने के नाम पर लातेहार जिले में जो विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं, वह मजाक बनकर रह गई हैं। योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल रखा नहीं जा रहा है। विभिन्न पारंपरिक स्थलों और धरोहरों को संरक्षित करने के लिए जो चहारदीवारी निर्माण का कार्य किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता को देखकर आम लोग भी सिर पीट ले रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव कार्य की गुणवत्ता की जांच करने पहुंचे।

दरअसल, आदिवासी समाज के पारंपरिक स्थलों और धरोहरों को सुरक्षित करने के लिए कल्याण विभाग के माध्यम से चहारदीवारी निर्माण और पीसीसी सड़क निर्माण आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं। लाखों रुपये की लागत से लातेहार सदर प्रखंड की आरागुंडी पंचायत अंतर्गत पांडुका गांव में मसना स्थल की बाउंड्री कराई जा रही है। वहीं इसी पंचायत के डॉटम गांव अंतर्गत पतरातू में मंडप स्थल की बाउंड्री, पीसीसी पथ और मंडप का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन दोनों स्थलों पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बाउंड्री निर्माण में जो ईंट का उपयोग किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता ऐसी है कि जब लोग हाथ में उठाकर ईंट को दबा रहे हैं तो वह मिट्टी की तरह भरभरा कर टूट जा रहा है। जो पीसीसी सड़क निर्माण कराई जा रही है उसका तय मानक 6 इंच रखना था, लेकिन वास्तविक मोटाई एक से डेढ़ इंच ही है।

इधर, ग्रामीणों के द्वारा बाउंड्री निर्माण और पीसीसी निर्माण में प्राक्कलन की धज्जियां उड़ाई जाने की शिकायत जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव से की गई थी। शिकायत मिलने के बाद जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव योजनाओं का निरीक्षण करने स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में जिला परिषद सदस्य ने पाया कि ग्रामीणों के द्वारा जो भी शिकायत की गई है वह पूरी तरह सत्य है। जांच के बाद जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने बताया कि बाउंड्री निर्माण में अत्यंत निम्न क्वालिटी की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। स्थिति ऐसी है कि हाथ से दबाने पर ही ईंट मिट्टी की तरह भरभरा जा रहे हैं। वहीं जो सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है उसकी गुणवत्ता भी प्राक्कलन के विपरीत है। वहीं पीसीसी पथ को कम से कम 6 इंच मोटा करना था, परंतु यहां एक से डेढ़ इंच ही ढलाई की जा रही है। पीसीसी सड़क को ईंट से सोलिंग कर ढलाई करना था, लेकिन यहां सोलिंग में भी अत्यंत घटिया क्वालिटी की ईंट का प्रयोग किया जा रहा है।

जिला परिषद सदस्य ने बताया कि इसकी शिकायत विभाग के अभियंताओं से की जाएगी। यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो फिर आंदोलन का रुख किया जाएगा। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड संगठन सचिव सुदेश्वर उरांव ने भी कहा कि यह पूरी तरह आदिवासियों के नाम पर लूटने का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में जो सामग्री लगाई जा रही है उसकी गुणवत्ता कहीं से भी प्राक्कलन के अनुसार नहीं है।

इस, संबंध में जब विभाग के प्रभारी कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि मामले को देख लेते हैं। वहीं इस संबंध में जब जूनियर इंजीनियर रोशन कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। किसी भी सूरत में प्राक्कलन के विपरीत काम नहीं होने दिया जाएगा। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

**200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस :**

# जैकलीन की अप्रूवर बनने की अर्जी पर सुनवाई टली

## अब 8 मई को होगा फैसला



200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की ओर से सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने के लिए दाखिल अर्जी पर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा है, साथ ही एजेंसी ने जैकलीन की इस अर्जी का विरोध भी किया है। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत के सामने कहा कि जैकलीन की ओर से दायर की गई अर्जी आधारहीन है। साथ ही कोर्ट से अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार किया। इससे पहले पिछली सुनवाई में कोर्ट ने जैकलीन की अर्जी पर ईडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा हुआ है, जिस पर 200 करोड़ रुपए की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। इस हाई-प्रोफाइल केस में जैकलीन फर्नांडिस का नाम तब सामने आया था, जब जांच एजेंसी ने दावा किया कि सुकेश ने ठगी के पैसों से उन्हें कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे। इसी आधार पर ईडी ने उन्हें इस मामले में आरोपी बनाया था।

# अक्षय के छूटे पसीने!

## वामिका गब्बी के 'बेतुके' जोक्स ने खिलाड़ी कुमार को किया परेशान



**अभिनेता** अक्षय कुमार इंडस्ट्री में अपने प्रैंक्स को लेकर काफी मशहूर हैं। उनके प्रैंक और मजाकिया लहजे को लेकर प्रशंसकों के बीच चर्चा रहती है। अक्सर इंडस्ट्री के सेलेब्स भी उनके इस लहजे से परेशान रहते हैं, लेकिन इस बार अक्षय किसी से परेशान होते नजर आ रहे हैं। दरअसल, अभिनेत्री वामिका गब्बी ने अपने बेतुके जोक्स से अक्षय को परेशान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अभिनेत्री अक्षय से कुछ पंजाबी जोक्स पूछ रही हैं, और अभिनेता का रिएक्शन देखने लायक है। पहले जोक में वामिका कहती हैं, 'सर, अगर किसी की मौसी दूर रहती है तो उसे इंग्लिश में क्या कहेंगे?' इसका जवाब खुद अभिनेत्री देते हुए कहती हैं, 'फार्मेसी।' इसके बाद वामिका ने दूसरा सवाल पूछते हुए कहा, 'दो लोग बैडमिंटन खेल रहे थे, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। क्यों?' जब अक्षय जवाब नहीं दे पाए तो वामिका ने बताया, 'क्योंकि वे रैकेट का इस्तेमाल कर रहे थे। फिर वामिका ने तीसरा जोक मारा - 'ऐसी जगह का नाम बताओ जहां गाना गाने की इजाजत नहीं है?' उन्होंने जवाब दिया, 'नागालैंड'। ये सुनकर अक्षय कुमार हंसते हुए बोले, 'बस करो यार।' वामिका ने इस क्लिप को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए कैप्शन लिखा, 'प्रेमिका के पीजे पर हंसी हुई फरार, अक्षय सर बोले, 'बस करो यार।' भूत बंगला अब सिनेमाघरों में है। अपने टिकट अभी बुक करें।' ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है।

यूजर्स वामिका के जोक्स और अक्षय के रिएक्शन पर खूब हंस रहे हैं। फिल्म 'भूत बंगला' एक हॉरर-कॉमेडी है, जिसमें अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल के अलावा, राजपाल यादव और मिथिला पालकर भी अहम रोल में नजर आ रहे हैं। हॉरर- कॉमेडी फिल्म को अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म प्रियदर्शन की दूसरी हिंदी हॉरर कॉमेडी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 'भूलभुलैया' बनाई थी। यह फिल्म 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है।

# जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म की रिलीज टली

साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर अपने एक्शन अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का एक धमाकेदार पोस्टर रिलीज हुआ। इसमें फिल्म से जुड़ी जानकारी और बदली हुई रिलीज डेट भी मेकर्स ने साझा की है।

साउथ फिल्म 'आरआरआर' और बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' में अपने एक्शन से जूनियर एनटीआर ने सबको अपना कायल बना दिया था। आगे भी उनका एक्शन अंदाज फैंस को देखने को मिलेगा। वह अपनी नई एक्शन भी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। मंगलवार को मेकर्स ने जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है। साथ ही बताया है कि यह फिल्म कब रिलीज होगी?

### एक्टर के जन्मदिन पर मिलेगी फिल्म की पहली झलक

जूनियर एनटीआर की अपकमिंग फिल्म के पोस्टर में उनका इंटेंस लुक नजर आ रहा है। साथ ही इसकी पहली झलक या टीजर दर्शकों को 20 मई को देखने को मिलेगा। यह दिन मेकर्स ने इसलिए चुना है क्योंकि इस दिन जूनियर एनटीआर का जन्मदिन होता है। इस फिल्म को प्रशांत नील निर्देशित करेंगे।

कब रिलीज होगी जूनियर एनटीआर की फिल्म?

जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म पहले 25 जून 2026 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह टल गई है। जूनियर एनटीआर की फिल्म की नई रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। अब यह फिल्म अगले साल तक बनकर तैयार होगी। मेकर्स ने पोस्टर पर ही 11 जून 2027 की तारीख दी है।



### फिल्म की कहानी को लेकर भी दिया हिंट

फिल्म के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर जूनियर एनटीआर ने भी साझा किया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा है, 'उसका राज, उसकी धरती।' इस एक लाइन से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह फिल्म में कोई दमदार किरदार करेंगे। साथ ही इस फिल्म में एक्शन की डबल डोज भी दर्शकों को मिल सकती है।

# सैयारा फेम एक्ट्रेस अनीत पड्डा पर टूटा दुखों का पहाड़, दादा के निधन से टूटीं अभिनेत्री

यश राज फिल्म्स की फिल्म 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाली अनीत पड्डा एक बार फिर निर्देशक मोहित सूरी की अपकमिंग फिल्म 'सतरंगा' में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं, लेकिन इसी बीच अभिनेत्री पर दुखों का पहाड़ टूट चुका है क्योंकि जीवन के सबसे प्यारे इंसान ने उन्हें अलविदा कह दिया है। अनीत पड्डा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने दादा जी के निधन की जानकारी दी है, जो काफी समय से अल्जाइमर रोग से जूझ रहे थे। अभिनेत्री ने अपने दादा के हाथ की फोटो शेयर की है और अपने इमोशन को शब्दों के जरिए जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'मेरे जीवन का एकमात्र प्यार। आप मुझसे दूर जा रहे थे, लेकिन मक्खन (अनीत का निकनेम) को नहीं भूले। आपने प्यार को थामे रखा, भले ही आप यादों को थामे नहीं रख सके। मैं दोनों को थामे रहूंगी। मैं हमारे साथ बिताए सभी पलों को संजोकर रखूंगी। मैं एक अच्छा इंसान बनूंगी। मैं आपके चुटकुले याद रखूंगी और जब भी मौका मिलेगा उन्हें दोहराऊंगी। मैं आपकी दयालुता और आपकी रोशनी को हर अंधेरे कमरे में ले जाऊंगी। मैं आपकी कहानियां याद रखूंगी और दुनिया को सुनाऊंगी। मैं आपके प्यार को थामे रहूंगी। आपने मुझे सबसे शुद्ध और सबसे निशर्त प्यार करना सिखाया।' अनीत पड्डा ने लिखा, 'आज मैंने आकाश में सबसे चमकीला तारा देखा और मैं जान गई कि आप कहां गए। मैं आपसे प्यार करती हूं दादाजी और हमेशा अपनी सीमाओं से परे करती रहूंगी। अभिनेत्री के पोस्ट से साफ है कि वे अपने दादाजी के साथ कितना लगाव रखती थीं। बता दें कि सैयारा रिलीज के समय भी अभिनेत्री के दादाजी की तबीयत खराब होने के वजह से थिएटर नहीं आ पाए थे, लेकिन फोन में कुछ वीडियो को देखकर उन्होंने अनीत को पहचान लिया था और चेहरे पर बड़ी स्माइल आ गई थी। यह पल अभिनेत्री के लिए बहुत खास रहा था।





# पहली बार इस एक्टर संग काम करेंगे सूरज बड़जात्या

'हम साथ साथ हैं', 'हम आपके हैं कौन' और 'विवाह' जैसी हिट फिल्मों के डायरेक्टर सूरज बड़जात्या ने अपनी अगली फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म 'ऊंचाई' डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट भी डायरेक्टर ने कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ये अपडेट शेयर किया, और फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी भी दी।

### क्या है फिल्म का नाम?

सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है।

### फिल्म की स्टार कास्ट

इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अब तक इस प्रोजेक्ट की ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई थी, लेकिन मंगलवार सुबह मेकर्स ने फिल्म का टाइटल और रिलीज डेट दोनों अनाउंस कर दिए।

### हिमेश रेशमिया देंगे म्यूजिक

फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। आने वाले हफ्तों में फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आने की उम्मीद है।



# 'अब मैं बस वरुण का पापा रहूंगा'

## डेविड धवन की आखिरी फिल्म होगी 'है जवानी तो इश्क होना है'? डायरेक्टर बोले-

डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। हाल ही में 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म जल्द ही थिएटर्स में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले डेविड ने अपने करियर से जुड़ा एक बड़ा बयान दिया है, जो अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। जानिए उन्होंने क्या कहा।

एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए।




# 'राजा शिवाजी' के ट्रेलर लॉन्च पर छलके रितेश के आंसू

**अभिनेता** रितेश देशमुख की बहुप्रतीक्षित पीरियड ड्रामा फिल्म 'राजा शिवाजी' का ट्रेलर सोमवार को जारी कर दिया गया। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक पीरियड ड्रामा है, जो मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर लॉन्च के लिए मुंबई में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम मौजूद नजर आई। इस दौरान रितेश और जेनेलिया काफी भावुक नजर आए। दोनों की आंखों में आंसू साफ नजर आ रहे थे। भावुक रितेश ने कहा, 'मैंने पहले सभी से कहा था कि अपने रुपए संभालकर रखिए। हमारे सिर पर छत्रपति शिवाजी महाराज का हाथ है। मुझे अच्छे से याद है कि स्कूल के समय एनुअल डे के दौरान बांसुरी बजाई थी और एक राजा का रोल भी किया था। वही मेरा घर था। आज वही शिवाजी महाराज का सैनिक इस मंच पर खड़ा है। महाराज की कृपा से मुझे आप सभी की तरफ से जोरदार तालियां मिल रही हैं। चाहे मंच हो, दिवाली हो, शिव जयंती हो या कोई भी नाटक-कला का रूप हो, वह इंसान बहुत भाग्यशाली होता है जिसे कोई किरदार निभाने का मौका मिलता है। मुझे यह मौका बचपन में ही मिल गया था।' उन्होंने आगे कहा, 'जियो स्टूडियोज और ज्योति देशपांडे ने इस प्रोजेक्ट में पूरा जोर लगाया है। मैं उनका बहुत आभारी हूं। संजू सर का भी मैं दिल से शुक्रिया अदा करता हूं।' अभिनेता संजय दत्त ने भी फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म बहुत खास है। रितेश मेरा छोटा भाई जैसा है। मैं खुश हूं कि हमारे पिता के समय से ही हमारा परिवार एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म में काम करके मुझे बहुत अच्छा लगा। ज्योति और पूरी टीम को बहुत बहुत धन्यवाद।' अभिनेता अभिषेक बच्चन ने ट्रेलर की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, 'ट्रेलर देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए। ज्योति, रितेश और पूरी टीम को शानदार फिल्म बनाने के लिए बधाई। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि, एक भावना है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एक साल में 86.85 लाख की दवा और कॉस्मेटिक उत्पाद किए सील

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** जिला औषधि विभाग की ओर से चलाए गए एक वर्ष के अभियान के




दौरान 86.85 लाख रुपए की दवाइयां और कॉस्मेटिक उत्पादों को सील किया है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकारी और प्राइवेट कुल 224 संस्थानों का निरीक्षण किया गया और 226 स्थान से नमूने लिए गए। लैब की जांच में आठ नमूने मानकों से कम पाए गए। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस दौरान 13 लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत कराया गया और वह कोर्ट में चल रहे हैं। जिला औषधि विभाग की ओर से अभियान चलाकर दवाओं की निर्माण इकाइयों और मेडिकल स्टोर के अलावा सरकारी अस्पतालों व ब्लड बैंक का निरीक्षण कर संदिग्ध दिखने वाले नमूने लिए जाते हैं। पूरे वित्तीय वर्ष में 244 स्थान का निरीक्षण किया गया। वहीं 226 स्थान से टैबलेट, कैप्सूल, कफ सीरप और मरहम से लेकर अन्य कॉस्मेटिक उत्पाद के अलावा अन्य उत्पादों से नमूने लिए गए। लिए गए नमूने गोरखपुर लैब जांच के लिए भेजे गए। लैब से अब तक 197 नमूने की रिपोर्ट आ गई है। लैब की रिपोर्ट के आधार पर आठ नमूने मानकों से कम पाए गए हैं। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान निर्माण इकाई में कमी पाई गईं। इसके चलते जिला औषधि विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए कुल 13 लोगों के मामला दर्ज कराया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 165 नमूने जांच के लिए गोरखपुर लैब भेजे गए थे। इसमें छह नमूने मानकों से कम पाए गए थे और वित्तीय वर्ष 2023-24 में भेजे गए नमूनों में से छह की रिपोर्ट में मानक पूरे नहीं थे। इसके चलते वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 12 पर मामला दर्ज किया गया था। सभी की सुनवाई कोर्ट में चल रही है।

### गुरुग्राम पुलिस ने भू-माफिया के कब्जे से छुड़ाई 25 करोड़ की सरकारी जमीन



**गुरुग्राम, एजेंसी।** पुलिस ने भूमि माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कादरपुर रोड स्थित सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस, जीएमडीए और डीटीपी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में करीब आधा एकड़ सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार कादरपुर रोड पर बिरला नाव्या कम्युनिटी सेंटर स्थित गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की जमीन पर अपराधी नितेश उर्फ बंदर द्वारा करीब 50 झुग्गियां बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। इन झुग्गियों के माध्यम से वह कमजोर वर्ग के लोगों से कथित रूप से हर महीने लगभग पांच लाख रुपये तक की अवैध वसूली करता था। क्राइम यूनिट सेक्टर-31 की टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे की पहचान की और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों की मदद से सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त कर जमीन को मुक्त कराया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित नितेश का आपराधिक रिकार्ड भी रहा है और उसके खिलाफ मारपीट, छीना-झपटी, अपहरण और जबरन वसूली जैसे मामले पहले से दर्ज हैं। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर झुग्गियां बसाकर किराया वसूली की जा रही थी। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले तत्वों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ओडिशा में 9.8 लाख मतदाताओं के नाम हटाने पर बवाल

## सीईओ बोले- पहले सत्यापन करो

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** ओडिशा में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एस. गोपालन ने सोमवार को निर्देश दिया कि लगभग 9.8 लाख मतदाताओं के नाम हटाने से पहले उचित सत्यापन किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन 2 लाख लोगों के मामलों की जांच पर रोक लगाने को कहा है, जिन्होंने अपने नाम गलत तरीके से हटाए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि कम से कम 50 प्रतिशत मामलों का दोबारा सत्यापन किया जाए।

राज्य में बड़ी संख्या में शिकायतें मिलने के बाद सीईओ ने सभी जिलों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची की गहन जांच करने का आदेश दिया। बूथ लेवल अधिकारियों ने मौत या स्थान परिवर्तन के आधार पर करीब 9.8 लाख नाम हटाने के लिए चिन्हित किए थे। हालांकि, गोपालन ने स्पष्ट किया कि श्वत्र्ह को नाम हटाने का अधिकार नहीं है, अंतिम फैसला श्वत्र्ह ही लेंगे। सीईओ ने बताया कि ओडिशा में हर साल आमतौर पर 7 से 9 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए जाते हैं, लेकिन इस बार यह संख्या बढ़कर 9.8 लाख तक पहुंच गई है। इसका कारण आगामी एसआइआर प्रक्रिया से पहले शुरू किया गया मैपिंग अभियान है।

राजनीतिक दलों ने जताई गहरी चिंता इस बीच, विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर चिंता जताई है। बीजद के वरिष्ठ नेता देबी प्रसाद



मिश्रा ने कहा कि इस बार सामान्य से लगभग 3 लाख अधिक नाम हटाए गए हैं, जिससे संदेह पैदा होता है कि आगे और नाम हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पहले भी चुनाव आयोग से मांग की थी कि रोजगार के लिए बाहर जाने वाले लोगों के नाम सूची से न हटाए जाएं। बीजद नेता प्रसन्न आचार्य ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची को राजनीतिक आधार पर तैयार किया जा रहा है, जिसे तुरंत सुधारा जाना चाहिए। वहीं, ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने मतदाता सूची तैयार करने में सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स को शामिल करने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की मांग की। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुषांत कुमार मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया, बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें मिली हैं, जिनमें मतदाता मौजूद होने के बावजूद उनके नाम हटा दिए गए या बिना फील्ड विजिट और उचित सत्यापन के नाम हटाए गए। इसलिए सभी श्वत्र्ह को निर्देश दिया गया है कि वे विशेष रूप से मृत घोषित मतदाताओं के मामलों की भी गहन जांच करें। इससे पहले मार्च में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने विधानसभा में बताया था कि जून 2025 से 22 मार्च 2026 तक करीब 7.68 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। मतदाताओं की सुविधा के लिए सीईओ कार्यालय ने टोल-फ्री हेल्पलाइन 1950 भी शुरू की है, जहां लोग अपनी वोटर सूची में स्थिति जांच सकते हैं, शिकायत दर्ज कर सकते हैं या सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## 135 दबंग पकड़े

# बंगाल में 8 हजार पोलिंग बूथ को चुनाव आयोग ने माना सुपर सेंसेटिव

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होना है। 23 अप्रैल को



पहले राउंड की वोटिंग होने जा रही है और 29 को दूसरे चरण में मतदान होगा। उससे पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह सख्त है। इस बीच बंगाल के कुल 8000 पोलिंग बूथ को आयोग ने सुपर सेंसेटिव घोषित किया है। ये उन इलाकों के ही बूथ हैं, जहां पहले चरण में ही मतदान होना है। इसका अर्थ है कि यहां हिंसा, बूथ कैप्चरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जा सकता है। चुनाव आयोग ने इस बीच 135 ऐसे लोगों को पकड़ा है, जो दबंग प्रवृत्ति के माने जाते हैं और उनका अराजकता फैलाने का इतिहास रहा है। चुनाव संपन्न होने तक इन लोगों को हिरासत में रखा जाएगा। पुलिस ने जिन 135 लोगों को उठाया है, उनमें से ज्यादातर मुर्शिदाबाद, मालदा, बलूरघाट, उत्तर और दक्षिण 24 परगना के रहने वाले हैं। दरअसल पहले के चुनावों में भी ऐसे करीब 200 स्थान हैं, जहां पहले हिंसा होती रही है। ऐसे में चुनाव आयोग ने इन इलाकों से जुड़े पोलिंग बूथ को सुपर सेंसेटिव की कैटिगरी में डाला है। फिलहाल चुनाव आयोग के निर्देश पर इन सभी इलाकों में डीएम और एसपी भी दौरे कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका को टाला जा सके। इसके अलावा जनता के बीच साफ-सुथरे चुनाव होने और डर से परे रहने का भरोसा जगाया जा सके। प्रशासन का कहना है कि कई दबंगों ने तो एक नोटिस मिलते ही खुद सरेंडर कर दिया। कुछ लोगों को पकड़ना पड़ा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक बार फिर से कहा है कि हम बंगाल में भयमुक्त और अपराध मुक्त चुनाव कराएंगे। उनका कहना है कि इसके लिए हरसंभव तैयारी हमने की है। इस चुनाव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी चुनाव आयोग खूब सहारा ले रहा है। बूथ के अंदर या फिर बाहर किसी तरह की गड़बड़ी होने पर यह सिस्टम तुरंत अलर्ट करेगा। इसके अलावा एक एआई से लैस कंट्रोल कमांड सेंटर भी बनाया जा रहा है।

# सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक से कई उम्मीदें

**पटना , एजेंसी।** बिहार में सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टर अब प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे.राज्य सरकार इस पर रोक लगा कर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की कोशिश कर रही है.बिहार में सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टर अब प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकेंगे.राज्य सरकार ने इस पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी किया है.सरकार इसे रोगी कल्याण की दिशा में एक अहम कदम मान रही है.उम्मीद है कि इससे सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की मौजूदगी में इजाफा होगा तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी.इसी महीने मुख्यमंत्री का पद छोड़ने वाले नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठाए गए.लेकिन ये देखना जरूरी होगा कि जिस राज्य में पहले से ही रोगी-चिकित्सक का अनुपात कम है और अस्पतालों में कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर तो कहीं मानव संसाधनों की कमी है, वहां प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक से आमजन को कितना फायदा हो सकेगा.दरअसल, इस निर्णय के पीछे एक विशेषज्ञ समिति की मुख्य भूमिका रही, जिसका गठन बीते जनवरी माह में किया गया था.समिति के सदस्यों का मानना था कि अगर इसे प्रभावी तरीके से लागू किया गया तो स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होंगे.राज्य सरकार ने बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग, बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा संवर्ग व अन्य से जुड़े डॉक्टरों पर इस फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू करने तथा नियम तोड़ने वाले डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है.इससे संबंधित गाइडलाइन यथाशीघ्र जारी करने की बात कही गई है.यह भी कहा गया है, जो चिकित्सक लिखित रूप से प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करने का शपथ पत्र देंगे, उन्हें नॉन प्रैक्टिस अलाउंस (एनपीए) देकर सरकार उनके आर्थिक नुकसान की भरपाई करेगी.ऐसा नहीं है कि पहले ऐसी कोशिश नहीं की गई थी.2000 में प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने की कोशिश की गई.लेकिन, डॉक्टरों के भारी विरोध के कारण यह प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सका.एक साल बाद ही रोक हट गई.2005 में एक बार सरकार ने बीच का रास्ता अपनाते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों को इसकी अनुमति दी गई, किंतु ड्यूटी आवर में इसे कदाचार माना गया.

# जब मैं मुख्यमंत्री था तो एक दिन फोन आया और..., स्टालिन के लिए वोट मांगने उतरे केजरीवाल

**चेन्नई , एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के लिए चेन्नई के पुलियानथोप इलाके में रोड शो किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा, मैं दिल्ली से इसलिए आया हूं क्योंकि स्टालिन मेरे भाई हैं। वह आपके बच्चों के लिए, आपके परिवार के स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए बहुत काम कर रहे हैं। आपको उनके जैसा नेता नहीं मिलेगा। यही कारण है कि मैं उनके लिए प्रचार करने आया हूं।



अरविंद केजरीवाल ने एक किस्सा सुनाते हुए बताया कि जब मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री था, एक दिन मुझे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आया कि वह दिल्ली में हो रहे अच्छे काम को देखने आना चाहते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। आमतौर पर मुख्यमंत्रियों में बहुत अहंकार होता है, कोई दूसरे राज्य में जाकर काम देखने नहीं जाता। लेकिन स्टालिन में कोई अहंकार नहीं है। वह जनता के लिए काम करते हैं। वह दिल्ली आए, हमारे अस्पताल देखे, हमने जो स्कूल बनाए थे उन्हें देखा, हमारे क्लीनिक देखे। फिर उन्होंने मुझे तमिलनाडु आने के लिए आमंत्रित किया। मैं तमिलनाडु आया और वहां हो रहे अच्छे काम को देखा।

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि अगर तमिलनाडु के लोगों ने 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में एनडीए को वोट दिया तो उन्हें पछतावा होगा। इस राज्य का भी वही हाल होगा जो दिल्ली का हुआ, जहां भाजपा ने आम आदमी पार्टी के सभी अच्छे कामों को रोक दिया। केजरीवाल ने कहा, अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडु में भाजपा को लाकर सबसे बड़ा अपराध किया है। एक साल पहले, लोगों ने भाजपा को वोट देकर गलती की और अब दिल्ली में हमने जो भी अच्छे काम किए थे, उन्हें भाजपा ने रोक दिया है। दिल्ली में हमने जो स्कूल शुरू किए थे, क्लीनिक, अस्पतालों में मुफ्त दवा और इलाज, मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी, ये सब भाजपा ने बंद कर दिए हैं। आप नेता ने कहा कि एनडीए, बीजेपी और एआईएडीएमके नहीं है। एनडीए केवल बीजेपी है। बीजेपी ने एआइएडीएमके को अपने कब्जे में ले लिया है।

# आरएसएस दे मोहन भागवत की जेड प्लस सिक्योरिटी का खर्च, हाई कोर्ट पहुंची याचिका

**नागपुर, एजेंसी।** आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को मिली ं प्लस सुरक्षा को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल हुई। इस याचिका के जरिए मांग की गई थी कि सुरक्षा पर हो रहे खर्च का भुगतान संघ की तरफ से ही किया जाना चाहिए। हालांकि, उच्च न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता की मंशा पर भी सवाल उठाए हैं।

उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के समक्ष दायर जनहित याचिका में दावा किया गया कि सुरक्षा कवर की लागत कथित तौर पर 40 लाख से 45 लाख रुपये प्रति माह बताई गई है, जो सार्वजनिक धन का दुरुपयोग और राज्य के खजाने का नुकसान है क्योंकि आरएसएस एक पंजीकृत संगठन नहीं है।

याचिका को खारिज करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर और जस्टिस अनिल किलोर की पीठ ने याचिका दायर करने के पीछे याचिकाकर्ता के मकसद और इरादे पर सवाल उठाए। याचिकाकर्ता के वकील ने यह जानकारी दी।

नागपुर निवासी ललन सिंह द्वारा अपने वकील अश्विन इंगोले के माध्यम से दायर याचिका में यह दलील दी गई कि करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग ऐसे व्यक्ति को जेड-प्लस श्रेणी की वीवीआईपी सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जा रहा है, जिसका संगठन पंजीकृत नहीं है। याचिकाकर्ता ने सरकार की तरफ से भागवत को दी गई उच्च स्तरीय सुरक्षा के लिए उनसे शुल्क की भरपाई का अनुरोध किया था। उन्होंने 2023 में उच्चतम न्यायालय द्वारा उद्योगपति मुकेश अंबानी से संबंधित एक मामले में दिए गए फैसले का हवाला दिया, जिसमें शीर्ष अदालत ने भारत सरकार की नीति



के अनुसार उन्हें जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था। साथ ही इसका पूरा खर्च उनके परिवार द्वारा उठाया जाना था। जून 2015 में संघ प्रमुख भागवत की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड प्लस श्रेणी का कर दिया गया था। इसके साथ ही उनके सुरक्षा घेरे को संभालने का जिम्मा ष्टढ्ढस्स्न यानी सेंट्रल आर्म्ड इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्सेज के पास आ गया था। इससे पहले उनकी सुरक्षा में महाराष्ट्र पुलिस की टुकड़ियां तैनात थीं। खास बात है कि पहली बार साल 2012 में यूपीए सरकार के दौरान भागवत को जेड प्लस सिक्योरिटी देने के आदेश दिए गए थे। तब सुशील कुमार शिंदे देश के गृहमंत्री थे।

# राहुल गांधी से नहीं चलने वाला, प्रियंका ही संभालें इंडिया अलायंस की कमान: तेज प्रताप यादव

**पटना एजेंसी।** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी के बस का इंडिया गठबंधन को चला पाना नहीं है। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे ने कहा कि प्रियंका गांधी गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं और उनमें यह क्षमता है। तेज प्रताप यादव ने कहा, प्रियंका गांधी ही चला सकती हैं। वह इंदिरा गांधी जी की तरह हैं। राहुल गांधी जी से चलने वाला नहीं है। यात्रा निकालने से या फिर बुलेट पर बैठ जाने से नहीं चलता। इस तरह तेज प्रताप यादव ने कांग्रेस के हाईकमान कहे जाने वाले राहुल गांधी पर ही सीधा सवाल उठा दिया है।

नीतीश कुमार के बिहार का मुख्यमंत्री पद छोड़े जाने को लेकर राहुल गांधी ने कहा था कि वह कंप्रोमाइज हुए हैं और इसी के चलते भाजपा के दबाव में इस्तीफा दिया है। इस संबंध में जब तेज प्रताप से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इन्हीं सब चीजों में फंसे रहेंगे। शुरू से तो बुलेट चलाते हुए उनका शौक पूरा नहीं हुआ। अब उन्हें कुर्सी पर बैठने का लालच हो गया है। वह जो कुकिंग कर रहे थे और मीट-मुर्गा बना रहे थे, वही बनाते रहें। तेज प्रताप यादव ने कहा, प्रियंका गांधी ही चला सकती हैं। राहुल गांधी जी से चलने वाला नहीं है। यात्रा लगाने से या बुलेट पर बैठ जाने से नहीं चलेगा। इसके आगे वह कहते हैं कि अब नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने पर बात कर रहे हैं। नीतीश कुमार छोड़कर गए तो दूसरे नेता आए और सीएम बन गए। राहुल गांधी तो दूसरे राज्य में हैं। फिर उन्हें बिहार को लेकर लालच क्यों लग रहा है। उन्हें क्या यहां पर मुख्यमंत्री का पद चाहिए। तेज प्रताप यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में आरजेडी से बगावत कर ली थी। वह अपने जनसत्ता दल की ओर से ही खुद लड़े थे और कैंडिडेट भी उतारे थे। हालांकि तेज प्रताप यादव खुद हार गए थे और उनके उतारे किसी कैंडिडेट को भी जीत नहीं मिल पाई थी। तेज प्रताप यादव अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव में सीधे हमले करते नहीं दिखे थे, लेकिन उनके करीबियों पर खूब बाण चलाए थे।

# राजस्थान की रुखसार मप्र में बन गई राधिका, प्रेमी अजय संग शादी रचा लिए सात फेरे

**खंडवा एजेंसी।** मध्य प्रदेश के खंडवा स्थित महादेवगढ़ मंदिर एक बार फिर चर्चा में है, जहां अक्षय तृतीया के अवसर पर एक प्रेमी युगल ने सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए विवाह रचाया। राजस्थान की रहने वाली युवती रुखसार ने भोपाल के युवक अजय के साथ विधि-विधान से सात फेरे लिए। विवाह से पहले मंदिर परिसर में युवती की घर वापसी करवाई गई, जिसके बाद उसका नाम बदलकर 'राधिका' रखा गया। महादेवगढ़ मंदिर में पंडितों की उपस्थिति में पूरे वैदिक रीति-रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ। पूजा-अर्चना, हवन और मंत्रोच्चार के बीच युवती के माथे पर तिलक लगाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में जय श्रीराम और बजरंग बली के जयकारे भी लगाए गए। मंदिर प्रबंधन ने पूरे आयोजन को धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराया। मंदिर से जुड़े आकाश दुबे ने बताया कि युवक-युवती ने स्वयं संपर्क कर विवाह की इच्छा जताई थी। इसके बाद जिला प्रशासन को सूचना देकर सभी औपचारिकताओं के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवाह से पहले युवती की घर वापसी करवाई गई, जिसके तहत उसका नाम रुखसार से बदलकर राधिका रखा गया। युवती ने बताया कि उसका शुरू से ही सनातन धर्म के प्रति झुकाव था और वह अपनी इच्छा से इस मार्ग पर चली है। उसने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए कार्य को शुभ और स्थायी माना जाता है, इसलिए इसी दिन विवाह का निर्णय लिया गया। युवती ने स्पष्ट किया कि यह विवाह उसने अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ



किया है। इस समारोह में उसके परिवार का कोई भी सदस्य शामिल नहीं हुआ। वहीं, युवक अजय भोपाल का निवासी बताया जा रहा है, जो राजस्थान में एक कंपनी में कार्यरत है। वहीं दोनों की मुलाकात हुई और धीरे-धीरे यह संबंध प्रेम में बदल गया। विवाह के बाद युवक अजय ने दावा किया कि युवती के परिवार की ओर से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उसने प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है, ताकि वे अपने वैवाहिक जीवन को सुरक्षित तरीके से शुरू कर सकें। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है, वहीं प्रशासन की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, खासकर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर। मंदिर प्रबंधन ने विवाह सम्पन्न होने के बाद नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। तमाम विवादों और विरोध के बीच इस जोड़े ने अपने रिश्ते को एक नई पहचान दे दी है।

# जयपुर पुलिस ने पेश की मिसाल, खोया बैग बना भरोसे की कहानी

**जयपुर एजेंसी।** जयपुर में इंसानियत और ईमानदारी की एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसने वर्दी की गरिमा को और ऊँचाई दे दी है। श्याम नगर थाना क्षेत्र में तैनात एक कांस्टेबल ने लावारिस पड़े बैग को न सिर्फ सुरक्षित रखा, बल्कि पूरी प्रक्रिया के तहत उसे असली मालिक तक पहुंचाया। इस घटना ने आम लोगों के बीच पुलिस के प्रति भरोसे को और मजबूत किया है। यह घटना सोमवार की है जब कांस्टेबल मुक्राम श्याम नगर थाने की चेतक पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। केटवा नगर क्षेत्र में गश्त के दौरान उनकी नजर सड़क किनारे पड़े एक लावारिस बैग पर पड़ी। बिना किसी देर के उन्होंने बैग को कब्जे में लिया और उसे थाने पहुंचाकर सुरक्षित रखा। कुछ ही समय बाद बैग में रखे मोबाइल फोन पर कॉल आया। पुलिस ने कॉल करने वाले को बताया कि बैग सुरक्षित है और उसे श्याम नगर थाने आकर पहचान के लिए बुलाया गया। इसी कॉल ने पूरे मामले को असली मालिक तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बैग की असली मालिक रिता मिश्रा, केटवा नगर निवासी हैं। उन्होंने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ बीकानेर एक शादी में जा रही थीं। ऑटो में बच्चों को बैठाने की जल्दबाजी में बैग वहीं गिर गया और उन्हें काफी देर बाद इसका पता चला।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


डब्ल्यूटीए रैंकिंग

# डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज आर्यना सबालेंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए रखा है। स्टटगार्ट ओपन में हिस्सा न लेने के बावजूद सबालेंका 'वर्ल्ड नंबर 1' बनी हुई हैं। वहीं, एलेना रिबाकिना ने एक और खिताब जीतकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

सबालेंका ने लगातार 79वें और कुल मिलाकर 90वें हफ्ते की शुरुआत टॉप पर की है। बीते साल स्टटगार्ट में रनर-अप रहने के कारण मिले प्वाइंट्स का बचाव न करने का फैसला लेने के बाद भी, सबालेंका ने रिबाकिना पर 2,395 प्वाइंट्स की बड़ी बढ़त बनाए रखी है। हालांकि, रिबाकिना के पोर्श टेनिस ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीतने के बाद यह अंतर थोड़ा कम हो गया। रिबाकिना ने फाइनल में कैरोलिना मुचोवा को शिकस्त देकर इस सीजन का अपना दूसरा और करियर का 13वां खिताब जीता।

टॉप-2 खिलाड़ियों के बाद, कोको गॉफ और इगा स्वियातेक दोनों ही स्टटगार्ट के क्वार्टर-फाइनल से बाहर होने के कारण रैंकिंग



में ऊपर चढ़ने का मौका चूक गईं। खासकर स्वियातेक, टीनएज सनसनी मिरा एंड्रीवा से हारने के बाद गॉफ से आगे नहीं निकल पाईं। एंड्रीवा सेमीफाइनल में पहुंचीं और वर्ल्ड नंबर 8 पर पहुंच गईं। मुचोवा के फाइनल तक पहुंचने से उनकी रैंकिंग 11वें स्थान पर पहुंच गई है। टूर्नामेंट के दौरान गॉफ और एलिना स्वितोलिना जैसी खिलाड़ियों पर अहम जीत दर्ज करने के बाद, वह टॉप 10 में वापसी करने के बेहद करीब पहुंच गई हैं।रूएन में, यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने अपने ही देश की वेरोनिका पोड्रेज को शिकस्त देकर करियर का दूसरा खिताब जीता।

हॉकी इंडिया

# सीनियर पुरुष राष्ट्रीय शिविर 36 संभावित खिलाड़ी घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली हॉकी इंडिया ने बंगलूरू के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में 20 अप्रैल से नौ मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए सोमवार को 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

## अभ्यास शिविर के लिए चुने गए 36 संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, प्रिंसदीप सिंह

**डिफेंडर:** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह,



संजय, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, सुमित, पूवन्ना चंदूरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा

**मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, हार्दिक सिंह, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रोसन कुजूर, मनप्रीत सिंह

**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, मनदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, उत्तम सिंह, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, मनिंदर सिंह, दिलप्रीत सिंह।

बैंकॉक चेस ओपन

# उपलब्धि: अरण्यक घोष बने भारत के 95वें ग्रैंडमास्टर

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज के लिए हालिया हफ्ता ऐतिहासिक उपलब्धियों वाला रहा। आर. वैशाली के महिला वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने और एएस श्रावणिका के अंडर-12 रैपिड खिताब जीतने के बाद, अब कोलकाता के अरण्यक घोष ने भारत का 95वां ग्रैंडमास्टर बनकर देश का गौरव बढ़ाया है।

नेशनल रैपिड चैम्पियन अरण्यक ने बैंकॉक चेस क्लब ओपन में 9 में से 7 अंक हासिल कर अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म प्राप्त किया। अरण्यक को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ा। उन्होंने पहला नॉर्म 2023 (सैंट्स ओपन) और दूसरा 2024 (एनेमासे मास्टर्स) में हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल फिडे वर्ल्ड कप में पोलैंड के माटुस्ज बार्टेल को हराकर सबको चौंकाया था। अरण्यक वर्ल्ड रैंकिंग में 401वें स्थान पर मौजूद हैं।

अरण्यक जब साढ़े चार साल के थे, तब घर की सफाई में मां संचिता को पिता मृणाल घोष की पुरानी, धूल भरी शतरंज पेटी मिली। नन्हे अरण्यक गोटियां सजाकर खेलने लगे।



बेटे की रुचि देख पिता मृणाल घोष ने उन्हें ट्रेनिंग दिलवाई। कोच सौमेन मजूमदार ने अरण्यक की आर्थिक तंगी को देखते हुए उन्हें मुफ्त कोचिंग दी और अपने खर्च पर शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स से ट्रेनिंग सत्र कराए। अरण्यक के पास कॉर्पोरेट स्पॉन्सर नहीं था, इसलिए इनामी राशि से ही अगले टूर्नामेंट की फीस देते और टिकट वगैरह का खर्च उठाते। साल 2019 में पिता ने फीस के लिए पुश्तैनी जमीन और संपत्तियां बेच दीं। अरण्यक जानते थे कि खराब प्रदर्शन का मतलब अगला मौका खत्म, इसलिए हर मैच को करियर बचाने की चुनौती मानकर खेला।



# खराब प्रदर्शन: निशाने पर ये चार कप्तान!



*नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल 2026 में कई टीमों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है और इसका सीधा असर कप्तानों पर पड़ता दिख रहा है। हार्दिक पांड्या से लेकर ऋषभ पंत तक, चार ऐसे कप्तान हैं जिनकी कुर्सी आईपीएल 2027 से पहले छिन सकती है। इन सभी कप्तानों के सामने एक ही चुनौती है, अच्छा परिणाम देना, जो कि अभी तक उनकी टीम नहीं दे पाई है। फटाफट क्रिकेट की दुनिया में प्रदर्शन ही सब कुछ तय करता है और टीम के लचर प्रदर्शन का असर इनकी कप्तानी पर पड़ सकता है। अब यह देखने वाली बात होगी कि क्या इन खिलाड़ियों पर गाज गिरेगी या फिर अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहेंगे।*

### हार्दिक पांड्या

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या 2024 में टीम में लौटे थे, लेकिन अब तक फैंस का भरोसा पूरी तरह जीत नहीं पाए हैं। घरेलू मैचों में उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा और उनका प्रदर्शन भी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम को खिताब की दौड़ में आगे ले जाने में नाकाम रहने के कारण मैनेजमेंट आईपीएल 2027 से पहले नया चेहरा तलाश सकती है। सूर्यकुमार यादव खुद खराब फॉर्म में चल रहे हैं और उन्हें कप्तानी सौंपना खतरे से खाली नहीं होगा।

### अजिंक्य रहाणे

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था, लेकिन उसके बाद अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में टीम वैसी सफलता दोहरा नहीं पाई। 2025 और 2026 में टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है, जिससे रहाणे की रणनीति और आक्रामकता पर सवाल उठ रहे हैं। रिंकू सिंह को संभावित विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। या फिर हो सकता है कि आईपीएल 2027 से पहले ऑक्शन में केकेआर का ध्यान एक अच्छे कप्तान को खरीदने पर हो।

## इन सभी कप्तानों की एक ही समस्या

इन चारों कप्तानों में एक बात समान है, परिणाम की कमी। चाहे वह खराब रन चेज हो, अस्थिर बल्लेबाजी हो या रणनीतिक गलतियां, टीमें उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं। आईपीएल जैसी प्रतिस्पर्धी लीग में यह स्थिति लंबे समय तक नहीं चल सकती। भले ही इन्हें टीम से न निकाला जाए, लेकिन कप्तानी से हटाया जा सकता है। अगर बदलाव होता है, तो केकेआर को छोड़कर बाकियों में विकल्प पहले से तैयार हैं। हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव, रहाणे की जगह रिंकू सिंह, गायकवाड़ की जगह संजू सैमसन, पंत की जगह निकोलस पूरन या मिचेल मार्श को कमान सौंपी जा सकती है।

### ऋतुराज गायकवाड़

चेन्नई सुपर किंग्स में एमएस धोनी के बाद कप्तानी संभालना आसान नहीं था। ऋतुराज गायकवाड़ ने कुछ अच्छे प्रदर्शन जरूर किए हैं, लेकिन टीम के लगातार खराब नतीजों ने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़े स्कोर का पीछा करने में नाकामी और मिडिल ऑर्डर की कमजोरी का दबाव सीधे कप्तान पर आ रहा है। ऐसे में उनकी कुर्सी भी खतरे में है।





### ऋषभ पंत

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने केएल राहुल के जाने के बाद ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये देकर चुना था और कप्तान बनाया था। उनसे उम्मीद थी कि वह टीम को नई दिशा देंगे, लेकिन लगातार खराब प्रदर्शन और टीम का निचले पायदान पर रहना उनके लिए चिंता का विषय है। टीम की गेंदबाजी अच्छी हो रही है, लेकिन बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप है। हर मैच में प्लेइंग कॉम्बिनेशन और बैटिंग पोजिशन बदला जा रहा है।

## रिटेंशन तय करेगा भविष्य

आईपीएल 2027 से पहले होने वाला रिटेंशन ही इन कप्तानों का भविष्य तय करेगा। टीमों को फैसला लेना होगा कि क्या मौजूदा कप्तान पर भरोसा रखें या नई शुरुआत करें। इतिहास गवाह है कि आईपीएल में ट्रॉफी नहीं आने पर फ्रेंचाइजी ज्यादा इंतजार नहीं करतीं।

**चार कप्तान जिन पर गिर सकती है गाज**

| खिलाड़ी (टीम) | मैच | जीते | हारे |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे | 21 | 5 | 16 |
| हार्दिक पांड्या | 34 | 15 | 19 |
| ऋतुराज गायकवाड़ | 25 | 10 | 15 |
| ऋषभ पंत | 20 | 8 | 12 |

# इम्पैक्ट प्लेयर बनकर अश्वनी कुमार ने बरपाया कहर, 4 विकेट लेकर मुंबई को दिलाई बड़ी जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियनस के लिए एक नया सितारा उभरकर सामने आया है – अश्वनी कुमार। पंजाब के मोहाली जिले के झंजेरी गांव से आने वाले इस 24 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी घातक गेंदबाजी से सबका ध्यान खींच लिया है।

**जीटी के खिलाफ मचाया धमाल** – गुजरात टाइट्न्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में अश्वनी कुमार 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरे और मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 4 विकेट झटके, जिससे गुजरात की मजबूत बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और मुंबई ने बड़ी जीत दर्ज की।



**कप्तान पांड्या की रणनीति बनी गेम चेंजर** – अश्वनी ने अपनी सफलता का श्रेय कप्तान हार्दिक पांड्या और टीम प्लान को दिया। उन्होंने बताया कि पिच 'हार्ड लेंथ' और 'बैक ऑफ लेंथ' गेंदों के लिए मददगार थी, जिसके अनुसार उन्होंने शॉर्ट बॉल का शानदार इस्तेमाल किया।

**टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक** – घरेलू क्रिकेट से आईपीएल तक का सफर तय करने वाले अश्वनी अब टीम इंडिया के लिए भी मजबूत दावेदार बनते जा रहे हैं। तिलक वर्मा के शतक और अश्वनी की गेंदबाजी के दम पर मुंबई पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर पहुंच गई है और प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा हैं।

मैड्रिड ओपन 2026

# पांचवां मास्टर्स खिताब जीतने उतरे जानिक सिनर

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में होने वाले मैड्रिड ओपन में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर लगातार पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे। सिनर अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर के खिलाफ करेंगे और तीसरे राउंड में गैब्रियल डायलो से भिड़ सकते हैं।

## सिनर का संभावित रास्ता

**तीसरा राउंड** – गैब्रियल डायलो
**चौथा राउंड**– टॉमी पॉल
**क्वार्टर फाइनल**– एलेक्स डी मिनौर

हालांकि, उनके सेक्शन में युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका और राफेल जोदार भी मौजूद हैं, जो उलटफेर कर सकते हैं।

## युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

19 वर्षीय राफेल जोदार शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में माराकेच में खिताब जीत चुके हैं। वहीं जोआओ फोंसेका का मुकाबला जिजो बर्ग्स या मारिन सिलिच से हो सकता है।



## सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर संभव

सिनर के संभावित सेमीफाइनल विरोधियों में बेन शेल्टन, लोरेंजो मुसेटी, आर्थर फिल्सशामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है।

## दूसरे हाफ में दिग्गजों की भिड़ंत

ड्रॉ के बॉटम हाफ में एलेक्जेंडर ज़्वेरेव, दानिल मेदवेदेव के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला देखने को मिल सकता है। मेदवेदेव हेड-टू-हेड में 14-8 से आगे हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो जाता है।

## अल्काराज़ और जोकोविच नहीं लेंगे हिस्सा

इस बार टूर्नामेंट में कार्लोस अल्काराज़ और नोवाक जोकोविच हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिससे खिताब की दौड़ और खुली नजर आ रही है।

## कब से शुरू होगा टूर्नामेंट?

एटीपी मास्टर्स 1000 सीजन का यह बड़ा टूर्नामेंट बुधवार से शुरू होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 3 मई को खेला जाएगा।

# खेल ने ले ली जान, तैराकी के दौरान गायब हुई

## ब्राजीलियाई एथलीट, घंटों बाद झील की गहराई में मिला शव

नई दिल्ली (एजेंसी)। खेल की दुनिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। ब्राजील की मशहूर ट्रायथलीट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मारा फ्लेविया की शनिवार, 18 अप्रैल को आयरनमैन टेक्सास प्रतियोगिता के दौरान डूबने से मौत हो गई। 38 वर्षीय यह एथलीट अपनी फिटनेस और खेल के प्रति जुनून के लिए जानी जाती थीं। पूरी दुनिया में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी।





यह दर्दनाक हादसा लेक वुडलैंड्स में हुआ, जो 140 मील लंबी इस इंड्यूरेंस रेस का पहला चरण था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे अधिकारियों को एक तैराक के लापता होने की सूचना मिली। इसके बाद मोंटगोमरी काउंटी शेरिफ कार्यालय और वुडलैंड्स फायर विभाग ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लापता होने के करीब डेढ़ घंटे बाद, सुबह 7-30 बजे औपचारिक रूप से खोए हुए तैराक की रिपोर्ट दर्ज की गई और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया।

# आईपीएल के तुरंत बाद अफगानिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

● गिल-बुमराह को मिल सकता है आराम, टेस्ट में नए खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ इकलौते टेस्ट में शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। 31 मई को आईपीएल 2026 का फाइनल है और भारतीय टीम का इंटरनेशनल कैलेंडर व्यस्त है। वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते कुछ खिलाड़ियों को आराम मिल सकता है। वहीं, हर्ष दुबे, आकिब नबी और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने गेंदबाजी में सुधार किया है, जिससे उनके नाम पर चर्चा है। चयन समिति जल्दबाजी के बजाय मेडिकल टीम की सलाह पर फैसला करेगी।

**आईपीएल फाइनल और टेस्ट मैच के बीच सिर्फ 6 दिन का अंतर** – आईपीएल 2026 का फाइनल 31 मई को है, जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट 6 जून से शुरू होगा। दोनों के बीच सिर्फ 5-6 दिन हैं। मैनेजमेंट खिलाड़ियों की थकान और इंजरी रिस्क को लेकर गंभीर है। चयनकर्ता देखेंगे कि रेगुलर टेस्ट खिलाड़ियों की आईपीएल टीम किस स्टेज तक पहुंचती है।

**डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल का दबाव नहीं, सीनियर बाहर हो सकते हैं** – अफगानिस्तान के खिलाफ इस इकलौते टेस्ट में डब्ल्यूटीसी के कोई पॉइंट्स दांव पर नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, सिलेक्टर्स और मैनेजमेंट स्टार खिलाड़ियों को वनडे या इंग्लैंड सीरीज के लिए फ्रेश रखना चाहते हैं। मैनेजमेंट मानता है कि बुमराह जैसे अहम गेंदबाज को ऐसे मैच में उतारना जोखिम होगा।



- **मुल्लनपुर टेस्ट में नए चेहरे दिख सकते हैं** – 6 जून से मुल्लनपुर में शुरू होने वाले टेस्ट के लिए चयनकर्ता घरेलू सर्किट पर नजर रख रहे हैं। सीनियर खिलाड़ियों को आराम मिला तो युवा खिलाड़ियों को डेब्यू मिल सकता है। इंडिया-ए के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रेस में आगे हैं।
- **जून से जुलाई तक लगातार सीरीज** – भारतीय टीम का जून महीना पैक है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे के बाद टीम आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड दौरा होगा, जहां 3 टी-20 और 3 वनडे होंगे। इसके बाद 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 टी-20 मैच शुरू होंगे।
- **अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर भारत के खिलाफ ही शुरू किया** – अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर की शुरुआत टीम इंडिया के खिलाफ की थी। 2018 में बेंगलुरु में भारत ने पारी और 262 रन से मैच जीता था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते, 7 हारे और 2 ड्रॉ रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में आग से गेहूं की फसल राख, किसान को भारी नुकसान

**मसौढ़ी (पटना)**: प्रखंड के नूरा पंचायत स्थित डोरीपर खंधा में मंगलवार को भीषण आग लगने से एक किसान की लगभग एक बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में डोरीपर गांव निवासी राकेश कुमार सिंह को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। पीड़ित किसान के अनुसार, आग की शुरुआत पास के एक खेत में पराली जलाने के दौरान हुई। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों में फैल गई। इसकी चपेट में आकर पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। घटना के दौरान ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तब तक फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। किसानों के अनुसार, इस आगजनी में करीब 60 हजार रुपये की फसल का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने बताया कि फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन अचानक हुई इस घटना से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। पीड़ित ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर उचित मुआवजे की मांग की है।

### वैशाली में ज्वेलरी व्यवसायी के घर डकैती, सीसीटीवी में कैद

**हाजीपुर**। वैशाली में सोमवार की रात एक ज्वेलरी व्यवसायी के घर डकैती हुई है। करीब 25-30 हथियारबंद डकैतों ने घर में घुसकर लूटपाट की। साथ ही दहशत फैलाने के लिए 12 से अधिक बम धमाके किए। घटना महनार थाना क्षेत्र के थानपुर गांव की है। डकैतों ने सबसे पहले घर के मुख्य गेट को कटर से काटा और जबरन अंदर प्रवेश किया। उन्होंने 10 से अधिक बम धमाके कर पूरे गांव में दहशत फैला दी। बमों की तेज आवाज से आसपास के लोग सहम गए और कोई भी घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सका। डकैती के दौरान घर में मौजूद लोगों के साथ मारपीट भी की गई, जिसमें रंजीत साह और सुरेश साह घायल हो गए। दोनों घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराया जा रहा है। डकैत ज्वेलरी शॉप के कीमती सामान और कैश लूटकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार और आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस और 112 नंबर पर फोन करने के बावजूद पुलिस टीम दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस घटना का 2 CCTV फुटेज भी सामने आया है। पहले वीडियो में 5 लोग दीवार फांदकर घर में घुसे। एक अपने साथ सीढ़ी भी लेकर आया था। वहीं दो लोगों ने मिलकर अंदर से मेन गेट का लॉक तोड़ा। इसके बाद उनके बाकी साथी घर में प्रवेश किए। वहीं दूसरे फुटेज में कतार में एक-एक कर के सभी लोग घर के अंदर आते दिख रहे हैं। सोना दुकानदार रंजीत कुमार साह ने बताया कि रात 12 बजे के करीब घर में सभी लोग सो रहे थे। इसी दैरान नीचे के दरवाजे को खोलने की आवाज आई। मेरे घर में एक पालतू कुत्ता है, वो तुरंत भागकर नीचे गया। डकैतों को देख कर वो भौंकने लगा। इसी बीच मेरी नींद खुल गई। CCTV कैमरा में देखा तो 5 की संख्या में नकाबपोश बदमाश अंदर नजर आए। मैं बच्चों को जगाकर ऊपर छत पर ले गया। अंदर से गेट बंदकर मैंने शोर मचाना शुरू किया। तभी बदमाश मेरे रूम का दरवाजा तोड़ने लगे। वहीं मेरी आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए और मेरे घर की तरफ आने लगे। लोगों को देख बदमाश बम और गोली चलाने लगे। जिसके बाद जो जहां था वही छिप गया। दुकानदार ने कहा कि सात से आठ बम ब्लास्ट हुआ है। जब ऊपर का गेट नहीं टूटा तो वो लोग सीढ़ी लगाकर ऊपर चढ़ गए और कुल्हाड़ी से दरवाजा को फाड़ दिया। वो लोग अंदर घुसकर सारा जेवर ले गए। साथी ही, 50 हजार कैश और 60 ग्राम सोना लेकर फरार हो गए। मैं जंदाहा के चांदसराय में पूजा ज्वेलरी की दुकान चलाता हूं। बदमाशों के बम से मेरा बेटा घायल हो गया है। बदमाश दो आदमी को नीचे बंधक बनाए रखे थे। एक व्यक्ति मेरे घर के तरफ आ रहे थे, तो उसके ऊपर बम फेंक दिया जो उसके पैर में जाकर लग गई। मैंने पुलिस को भी घटना की जानकारी दी थी, लेकिन वो 3 घंटे बाद पहुंचे।

### 8 साल से फरार इनामी अरेस्ट

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है। वह पिछले आठ साल से फरार था और वैशाली जिले के टॉप-12 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था। उसे चंडीगढ़ से एसटीएफ के साथ संयुक्त छापेमारी में पकड़ा गया। सन्नी कुमार बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर चिकमई निवासी रितेश कुमार की 4 मई 2020 को हुई हत्या के मामले में वांछित था। रितेश कुमार की तलवार से हमला कर हत्या कर दी गई थी। वह आर्म्स एक्ट के मामलों में भी आरोपी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-01 हाजीपुर के नेतृत्व में बिदुपुर थाना और जिला आसूचना इकाई की एक विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया था। इस टीम ने फरार सन्नी कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए। गिरफ्तार अपराधी की पहचान सन्नी कुमार, पिता रत्नेश कुमार, निवासी गोपालपुर चिकमई, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली के रूप में हुई है। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। सन्नी कुमार का आपराधिक इतिहास लंबा है। उस पर बिदुपुर थाना कांड संख्या 450/19 (आर्म्स एक्ट), बिदुपुर थाना कांड संख्या 152/20 (आर्म्स एक्ट), बिदुपुर थाना कांड संख्या 52/20 (हत्या) और बिदुपुर थाना कांड संख्या 152/20 (हत्या) सहित कई मामले दर्ज हैं।

### वैशाली में मक्का फसल खराब

**हाजीपुर**। बिहार सरकार के कृषि विभाग की योजनाओं पर सवाल उठने लगे हैं। वैशाली जिले के बिदुपुर में किसानों ने मक्के की फसल बर्बाद होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कृषि विभाग द्वारा दिए गए गलत बीज के कारण उनकी मेहनत बर्बाद हो गई। बिदुपुर के मधुरापुर गांव के किसान कल्लू पासवान, शिव शंकर पासवान और शम्भू पासवान ने बताया कि उन्होंने कृषि विभाग से अनुदानित मक्के का बीज खरीदा था। रवि महोत्सव में मिली सलाह के अनुसार उन्होंने करीब सात कट्ठे में मक्के की बुवाई की। किसानों के अनुसार, उन्होंने फसल को खाद-पानी भी दिया, लेकिन कटाई के समय मक्के की बालियों में दाने नहीं आए। उनका आरोप है कि इस कारण उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो गया। उन्होंने इस नुकसान के लिए कृषि विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए मुआवजे की मांग की है। किसानों ने प्रखंड कृषि कार्यालय को भी इस मामले की जानकारी दी है। वहीं, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार शर्मा ने किसानों के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीते रबी सीजन में विभाग द्वारा मक्के के बीज का वितरण नहीं किया गया था। उनके अनुसार, केवल गेहूं और मूंग के बीज ही वितरित किए गए थे। कृषि पदाधिकारी शर्मा ने कहा कि किसानों द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने आशंका जताई कि किसानों ने किसी निजी खाद-बीज विक्रेता से बीज खरीदा होगा, जिसके कारण यह समस्या आई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि किसानों के पास बीज खरीद का बिलिंग रसीद है, तो दोषी दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और किसानों को फसल क्षति का मुआवजा दिलाया जाएगा। अजीत कुमार शर्मा ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें समस्या की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि वे किसानों से मिलकर मामले की जांच करेंगे। फिलहाल, किसान मुआवजे के लिए कृषि विभाग की ओर देख रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले 3 गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फायरिंग और प्रदर्शन के वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर दो वीडियो तेजी से वायरल हो रहे थे, जिसमें युवक अवैध हथियार के साथ फायरिंग और प्रदर्शन करते नजर आ रहे थे। वरीय स्तर से दोनों वीडियो का सत्यापन कराया गया, जिसमें मामला बोचहां थाना क्षेत्र का पाया गया। बोचहां थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले वीडियो में हथियार लहराते दिख रहे आरोपी संजीव कुमार को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर दूसरे वीडियो में फायरिंग करते दिख रहे रूपेश कुमार को भी दबोच लिया गया। पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों के बयान के आधार पर तीसरे आरोपी गुड्डू कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे जमीन में छिपाकर रखे गए अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। इस मामले में बोचहां थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और एक मैगजीन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी गुड्डू कुमार के खिलाफ पहले से भी बोचहां थाना में मामला दर्ज है।

# युवक की चाकू गोदकर हत्या, भाई का सिर फोड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। पटना में मंगलवार की सुबह विकास नाम के युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई है। विकास के घर के बगल में शादी समारोह था। जहां देर तक डीजे पर डांस हो रहा था। बारातियों की तरफ से आए कुछ लड़के नाच-गाना कर रहे थे। डांस के विवाद में उन लड़कों का स्थानीय लड़कों से झड़प हो गया। बाराती में शामिल लड़के खुद को बचाने के लिए भागने लगे। पास में ही एक घर का दरवाजा खुला हुआ था। बाराती वाले लड़के उसी घर में छिप गए। आरोपी लड़के उस घर का दरवाजा पीटने लगे। तभी विकास का भाई नीरज घर से निकला। आरोपी लड़कों ने उसे बाराती समझकर पिटाई कर दी। उसका सिर फोड़ दिया। छोटा भाई विकास जब आरोपी लड़कों के पास मारपीट का कारण पूछने गया तो उन लड़कों ने उसे चाकू से गोद दिया। घटना बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के दूजरा देवी स्थान गली की है।

**मर्डर से पहले भी हुई थी मारपीट, पुलिस ने किया था बीच-बचाव**: स्थानीय शीला देवी ने बताया कि रात 1 बजे शादी समरोह में मारपीट के दौरान लड़कों ने अपने-अपने बेल्ट निकाल लिए थे। उसी से एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। पास में ही पुलिस की गश्ती गाड़ी खड़ी थी। पुलिस ने लड़कों पर लाठी चलाई। तब सभी इधर-उधर भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने समझाया कि शादी समारोह है। लड़ाई-झगड़ा क्यों कर रहे हो। शांति से शादी होने दो। जिसके बाद लड़के मान गए थे, पर रात 3 बजे फिर से मारपीट शुरू हुई। उस वक्त पुलिस नहीं थी। जिसके बाद मर्डर हो गया। मृतक विकास की बहन ने कहा कि मेरे घर का दरवाजा खुला था। 4 लड़के घुस गए थे। पीछे से कुछ और लड़के आए। वे लोग हमारे घर का दरवाजा पीटने लगे। दरवाजे को जोर से धक्का दिया। मेरे भाई का सिर फट गया। मेरे दूसरे भाई को घर से बाहर मारा गया है। हत्या होते मैंने नहीं देखा।

**शादी समारोह में डांस को लेकर हुई थी मारपीट, पड़ोस के घर में छिपे थे बाराती**

**पटना सिटी से आई थी बारातः** बताया गया कि ललित महतो की छोटी बेटी की शादी थी। बारात पटना सिटी के मालसलामी से आई थी। बारात के साथ कुछ शरारती तत्व भी आए थे। जो नशे में डीजे पर डांस कर रहे थे। बारात में कुछ स्थानीय युवक भी थे। नाच-गाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। सभी एक-दूसरे को गाली दे रहे थे। जिसके बाद बात बढ़ गई और मारपीट हो गई। बुद्धा कॉलोनी थानेदार पल्लव ने बताया कि सुबह 4:30 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली थी। फिलहाल आरोपियों की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने दूसरा देवी स्थान गली से 2 बाइक जब्त की है। घटना में इस्तेमाल चाकू को भी बरामद कर लिया गया है।

# 3 मई से बिहार यात्रा पर निकलेंगे निशांत कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण कुमार, 3 दिन पहले दी गई थी Y+ सिक्योरिटी

**पटना**। CM के बेटे निशांत कुमार 3 मई से बिहार यात्रा पर निकलेंगे। मंगलवार को JDU ऑफिस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद निशांत ने ये ऐलान किया है। निशांत ने कहा, इस यात्रा में संजय अंकल समेत पार्टी के कार्यकर्ता मेरे साथ रहेंगे। पश्चिमी चंपारण से यात्री की शुरुआत होगी। JDU के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा, 'अभी वे खुद पार्टी के जिलाध्यक्षों से मिल रहे हैं। आने वाले समय में बिहार में उनकी यात्रा भी होगी। आगे क्या होना है ये पार्टी बैठ कर तय तरेगी।' इधर, नालंदा MLA श्रवण कुमार जदयू विधायक दल के नेता चुने गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंजूरी के बाद उनके नाम को विधानसभा भेजा गया। इसके बाद विधानसभा की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

दरअसल, नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद विधायक दल के नेता का पद खाली था। इसको लेकर रविवार को सीएम हाउस में जदयू नेताओं की बैठक हुई थी। बताया जा रहा है कि श्रवण कुमार को जदयू विधायकों ने पहले ही नेता चुन लिया था। इसके बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने भी इस फैसले पर मुहर लगा दी। बता दें 3 दिन पहले बिहार सरकार ने पूर्व मंत्री श्रवण कुमार की सुरक्षा को बढ़ाते हुए उन्हें Y+ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सीएम हाउस में रविवार को जदयू विधायकों की बैठक हुई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 2030 तक 200 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया। 90 मिनट चली बैठक में नीतीश कुमार ने कहा, "मैं पूरे बिहार का दौरा करूंगा। आप लोग चिंता मत कीजिए, सब अच्छा होगा। मैं जैसे पहले काम करता था, वैसे ही काम करता रहूंगा।"

# सीट को लेकर मेमू ट्रेन में बवाल, दो युवक घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**फतुहा, पटना**। राजगीर-दानापुर मेमू पैसेंजर ट्रेन (63339) में मंगलवार को सीट को लेकर दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई। मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जिसमें पटना के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बिहारशरीफ से लौट रहे पटना के मैनपुरा निवासी ऋषभ राज और दीघा निवासी सुमित कुमार ट्रेन में सफर कर रहे थे। इसी दौरान सीट को लेकर दूसरे पक्ष के 5-6 युवकों से उनकी बहस हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने दोनों पर हमला कर दिया। इस दौरान ऋषभ राज के सिर पर गंभीर चोट लगी, जबकि सुमित कुमार को भी चोटें आई हैं। घटना दानापुर रेल मंडल के बुद्धदेवचक हॉल्ट के पास की बताई जा रही है। मारपीट के बाद हमलावर युवक बुद्धदेवचक स्टेशन पर उतरकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल ऋषभ राज किसी तरह ट्रेन से फतुहा रेल थाना पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसके सिर में 5 से 6 टांके लगाए गए। रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सीट विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है। पीड़ित के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# मोकामा सिक्स लेन पुल पर एंबुलेंस-जुगाड़ गाड़ी की टक्कर, आग लगने से एंबुलेंस जलकर खाक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बाढ़, पटना**। पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत मोकामा स्थित न्यू सिक्स लेन पुल पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। पिलर संख्या-6 के पास एंबुलेंस और जुगाड़ गाड़ी के बीच जोरदार टक्कर के बाद एंबुलेंस में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक राकेश कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए जलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचा ली। इतना ही नहीं, उन्होंने जुगाड़ गाड़ी के नीचे फंसे चालक को भी बाहर निकालने में मदद की। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, दोनों वाहन बेगूसराय से पटना की ओर एक ही दिशा में जा रहे थे। इसी दौरान जुगाड़ गाड़ी को बचाने के प्रयास में एंबुलेंस टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस तुरंत आग की चपेट में आ गई और देखते ही देखते धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही हाथीदह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय स्तर पर दमकल की सुविधा नहीं होने के कारण बरौनी और बाढ़ से अग्निशमन दल को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक एंबुलेंस पूरी तरह जल चुकी थी। पुल का निर्माण कर रही कंपनी वेलस्पन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के जरिए कर्मियों को हादसे की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस चालक राकेश कुमार इलाहाबाद से एक मरीज का शव लेकर पश्चिम बंगाल गया था और वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। जुगाड़ गाड़ी चालक द्वारा अचानक मोड़ लेने के कारण टक्कर हुई, जिसके बाद एंबुलेंस में आग लग गई।

# पूरे बिहार में आज धिक्कार मार्च निकालेंगेः कुशवाहा

## महिला आरक्षण बिल को पारित नहीं होने दिया, हम विपक्ष की मंशा को सबके सामने लाएंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोमवार को अपने आवास पर पीसी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं को उनका अधिकार देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया था। हमारी पार्टी भी इस बात की पक्षधर है कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व मिले। पार्टी सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर कायम है और महिलाओं के साथ-साथ एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों को भी बराबरी का हक मिलना चाहिए।

कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान बिल में ओबीसी वर्ग के लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं था, लेकिन उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि इस मुद्दे को बहाना बनाकर महिला आरक्षण बिल का विरोध किया गया। केंद्र सरकार भविष्य में इस दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी जातिगत गणना की प्रक्रिया चल रही है और रिपोर्ट आने के बाद ओबीसी वर्ग को लेकर ठोस निर्णय लिया जाएगा। विपक्ष इस तथ्य को समझने में असफल रहा और जल्दबाजी में विरोध कर दिया, जिससे बिल पारित नहीं हो सका। कुशवाहा ने घोषणा की कि उनकी पार्टी 22 अप्रैल को पूरे बिहार में "धिक्कार मार्च" निकालेगी। यह मार्च राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा। इस मार्च के जरिए जनता के बीच जाकर विपक्ष की "वास्तविक मंशा" को उजागर किया जाएगा और यह बताया जाएगा कि किस तरह महत्वपूर्ण मुद्दों पर राजनीति की गई।

**जातीय गणना के बाद होगा बड़ा फैसलाः** कुशवाहा ने कहा कि जब जनगणना और जातीय सर्वेक्षण की पूरी रिपोर्ट सामने आएगी, तब सभी वर्गों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। इसके आधार पर ओबीसी को प्रतिनिधित्व देने का रास्ता भी तय किया जाएगा। यह एक प्रक्रिया है और सरकार इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करना चाहती है, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक लाभ के लिए इसे बाधित किया।

**परिसीमन का समर्थन, बढ़ सकती थीं सीटेंः** कुशवाहा ने परिसीमन का खुलकर समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी लंबे समय से इसकी मांग करती रही है। उन्होंने कहा कि संविधान ने यह अधिकार दिया है, इसलिए इसे लागू होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अगर परिसीमन लागू होता तो बिहार में लोकसभा सीटों की संख्या 40 से बढ़कर 60 हो सकती थी, वहीं विधानसभा सीटें भी बढ़कर लगभग 365 तक पहुंच सकती थीं। उनके अनुसार, इससे महिलाओं को भी अधिक प्रतिनिधित्व मिलता, लेकिन विपक्ष ने इस प्रक्रिया को भी बाधित कर दिया।

**विपक्ष पर 'अन्याय' का आरोपः** कुशवाहा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के साथ अन्याय किया है। विपक्ष की मंशा साफ नहीं है और वह सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए जरूरी विधेयकों का विरोध करता है। टाइमिंग और मंशा को लेकर विपक्ष की ओर से उठाए गए सवाल सिर्फ जनता को भ्रमित करने के लिए हैं।

# मसौढ़ी में समता अधिकार सम्मेलन आयोजित, अधिकारों के लिए एकजुट होने का आह्वान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी (पटना)**। बृजलाल प्रसाद महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को समता अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण यादव शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज पूरे देश में संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासक वर्ग जातीय राजनीति का सहारा लेकर ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक वर्गों के आरक्षण को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जागरूक बनें और अपने हक-अधिकार के लिए संघर्ष को तेज करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत रंजन किशोर, पूर्व प्रमुख मसौढ़ी ने की, जबकि संचालन प्रोफेसर सी.पी. मंडल ने किया।

इस मौके पर सिपाही यादव, दिनेश चंद्रवंशी, उपेंद्र पंडित, राम केवल महतो, रविंद्र कुमार सिंह, दिलखुश यादव, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, सोनेलाल प्रसाद, मीरा यादव, ललिता बौद्ध, डॉ. सोनम नारायण, टिंकू यादव, विकास यादव सहित करीब 500 लोग उपस्थित रहे।

# हाजीपुर में रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मिलकर रखीं समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में मंगलवार को पांच रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात कर अपनी विभागीय समस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं विस्तार से रखीं, जिस पर महाप्रबंधक ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

गौरतलब है कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मिलने हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके तहत रेलकर्मी पहले से कार्मिक विभाग में अपना नाम पंजीकृत कराकर तय दिन पर महाप्रबंधक से मिल सकते हैं और अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकते हैं। इस पहल से रेलकर्मियों को अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पटना समेत 4 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदली, 8 शहरों का तापमान 42° पहुंचा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। बिहार में गर्मी लगातार बढ़ रही है। मंगलवार दोपहर पटना समेत 8 जिलों का तापमान 42 डिग्री दर्ज किया है। गर्म हवाओं के चलते भोजपुर, बक्सर, कैमूर, नालंदा, छपरा में लू जैसे हालात बन गए हैं। खगड़िया में गर्म पछुआ हवा चल रही है। भीषण गर्मी के बीच गयाजी समेत बिहार के 4 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है। पटना में 5वीं तक के सभी स्कूल 11.30 बजे तक चलेंगे। 6- 8 तक 12:30 तक क्लास चलेंगी। वहीं बक्सर में क्लास 1 से 8वीं तक की पढ़ाई दोपहर 12 बजे तक होगी। आरा और शेखपुरा में सुबह 11:30 बजे तक स्कूल संचालित होंगे। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में धूल भरी आंधी चलने की संभावना जताई है। वहीं, 24 और 25 अप्रैल को उत्तर और दक्षिण-पूर्व बिहार के कई हिस्सों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**गर्मी की वजह से बेहोश हुए 10 स्टूडेंट्सः** मंगलवार दोपहर सिरारी रेलवे स्टेशन के पास 65 वर्षीय बुजुर्ग भीषण गर्मी के कारण बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है। हालांकि, उनकी पहचान नहीं हो सकी है। सोमवार को 9 जिलों का तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। रोहतास का डेहरी 43.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। पटना में भी पारा 40 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक है।



बढ़ती गर्मी को देखते हुए गयाजी समेत बिहार के 3 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है। पटना में 5वीं तक के सभी स्कूल दोपहर 12:30 बजे तक ही चलेंगे। वहीं बक्सर में भी क्लास 1 से 8वीं तक की पढ़ाई दोपहर 12 बजे तक होगी। बक्सर में भीषण गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट बेहोश हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को बक्सर का तापमान 42 डिग्री के करीब रहा।

राज्य के पांच जिलों में लू जैसे हालात बने हुए थे। मौसम विभाग ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान बिहार के 11 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज की गई है। सबसे अधिक तापमान रोहतास जिले के डेहरी में 43.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि कैमूर में 43.0 डिग्री।